सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 17 अक्टूबर , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 99, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



सेंसेक्स में 414 अंकों की उछाल

वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे सत्र में सेंसेक्स 414 अंक चढ़ गया। } 10

पंजाब में बढ़ रहा अपराध व नशे का कारोबार : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा कि पंजाब आज नशे, गैंगस्टरवाद व संगठित अपराध के बढ़ते खतरे से जूझ रहा है। } 12

सप्तम कालरात्रि



एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥
वामपादोज्वलसमल्लोह लताकण्टक भूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिभयंकरी॥
कालरूपी भय की भी रात्रि अर्थात काल की काल, भक्तों के भय रूपी अंधकार को प्रकाशित करने वाली एवं दुष्टों को भय देनी वाली काराित्रही मां दुर्गा का सप्तम स्वरूप हैं।

दिल्ली दंगा : ताहिर हुसैन को हिंसा भड़काने के लिए दो साल की सजा

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के दौरान हिंसा भड़काने के मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन को दो साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने कहा कि जनता के चुने हुए प्रतिनिधि होने के नाते उसकी जिम्मेदारी इलाके में शांति और सद्भाव बनाए रखने की थी, लेकिन उसने अपनी स्थिति का इस्तेमाल हिंसा भड़काने के लिए किया। हुसैन को 10 अक्टूबर को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं 147 (दंगा करने) और 109 (अपराध के लिए उकसाने या उसमें सहायता करने) के तहत दोषी ठहराया गया था। शुक्रवार को सुनाए गए फैसले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रवीण सिंह ने कहा दोषी को कम सजा देने के पक्ष में पेश की गई परिस्थितियों की तुलना में अधिक सजा देने को उचित ठहराने वाले कारक कहीं अधिक प्रभावी हैं। ऐसी कोई भी ठोस वजह सामने नहीं आई है, जो कम सजा दिए जाने को उचित ठहरा सके।

एक ही मामले में उसकी दूसरी दोषसिद्धि

विशेष लोक अभियोजक मधुकर पांडे ने हुसैन के लिए अधिकतम सजा का अनुरोध किया। उन्होंने दलील दी कि दंगों से जुड़े एक मामले में यह उसकी दूसरी दोषसिद्धि है। उन्होंने दलील दी कि उस समय निर्वाचित जनप्रतिनिधि होने के नाते ...शेष पृष्ठ 10 पर

'पदक लाओ, पद पाओ के तहत खिलाड़ियों की हो रही सीधी भर्ती : योगी

❍ पिछले नौ वर्ष में प्रदेश ने लिखी विकास की नयी गाथा ❍ भय-उपेक्षा नहीं, अब सुरक्षा और प्रोत्साहन है यूपी की पहचान

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्रि की षष्ठी तिथि की बधाई दी। उन्होंने कहा कि समस्त बाधाओं और आसुरी प्रवृत्तियों का संहार करने वाली मां कात्यायनी नारीशक्ति के अदम्य साहस, अटूट संकल्प और अजेय पराक्रम का प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री ने आस्था, विकास व विरासत के जरिए राज्य में आए बदलाव से अवगत कराते हुए कहा कि प्रदेश में अब पदक लाओ, पद पाओ के तहत खिलाड़ियों की सीधी भर्ती हो रही है।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट कर पिछली सरकार के कार्यकाल पर निशाना साधा। कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में भय और अराजकता का ऐसा माहौल था, जहां बेटियों के सपनों पर पहरे थे, हौसलों पर बंदिशें थीं और प्रतिभा अवसर के अभाव में दम तोड़ने को मजबूर थी। खेल के मैदान माफिया के कब्जे में थे, संसाधन नदारद थे और बेटियों की उड़ान को पंख देने के बजाय, उनके सपनों को चारदीवारी में कैद कर दिया गया था। मुख्यमंत्री ने 2017 के बाद आए बदलाव को भी इंगित किया। कहा कि विगत साढ़े 9 वर्षों में प्रदेश में बदलाव की नई गाथा लिखी गई है। भय का ...शेष पृष्ठ 10 पर

अराजकता फैलाकर सत्ता हथियाने का सपना देख रहा विपक्ष : सीएम

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश में अराजकता फैलाकर सत्ता परिवर्तन का सपना देखने वाली शक्तियों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता का मार्ग जनादेश से निकलता है, अराजकता से नहीं। बांग्लादेश की तर्ज पर भारत में सत्ता परिवर्तन का स्वप्न देखने वाली शक्तियां युवाओं को राष्ट्र निर्माण के बजाय अराजकता की ओर धकेलना चाहती हैं।

चुनाव सुधार का मुखौटा लगाकर, न्याय का नारा देकर और लोकतंत्र की दुहाई देकर देश में अस्थिरता के बीज बोने की कोशिश हो रही है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत का लोकतंत्र जनविश्वास की मजबूत ...शेष पृष्ठ 10 पर

बांग्लादेश की तर्ज पर सत्ता पलटने की हो रही साजिश

❍ देश में अराजकता फैलाना ही विपक्ष का एकमात्र एजेंडा : राजनाथ ❍ राहुल गांधी के आरोपों को बताया बेबुनियाद

विशेष संवाददाता



लखनऊ। रक्षा मंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने लखनऊ स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और विपक्ष पर देश में अस्थिरता फैलाने का गंभीर आरोप लगाया। राजनाथ सिंह ने दो टूक कहा कि विपक्ष लोकतांत्रिक तरीकों से मुकाबला करने के बजाय 'बांग्लादेश की तर्ज पर रिजीम चेंज' (शासन बदलने) की साजिश रच रहा है।

प्रेस वार्ता के दौरान रक्षा मंत्री ने विपक्ष की कार्यशैली पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि देश में कुछ लोग और दल चुनाव सुधार या जनहित के मुद्दों के लिए नहीं, बल्कि अराजकता पैदा करके सत्ता हथियाने के नापाक एजेंडे पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के बयानों और हरकतों से उनका असली चेहरा बेनकाब हो गया है, जो खुले तौर पर विदेशी पैटर्न का हवाला देकर देश की व्यवस्था को चुनौती देना चाहते हैं। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और विपक्षी दलों द्वारा उठाए जा रहे विभिन्न मुद्दों व आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए रक्षा मंत्री ने उन्हें और संविधान से तय होता है, न कि सड़क पर अराजकता फैलाकर या डर और भ्रम का माहौल बनाकर। राजनाथ सिंह ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राजनीतिक स्वार्थ के लिए देश के नौजवानों को मोहरा बनाया जा रहा है। उन्हें उकसाकर राजनीति की भट्टी में झोंकने का गंदा खेल खेला जा रहा है, जिसे देश की जनता और लोकतंत्र के पहरेदार कभी सफल नहीं होने देंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के अंत में रक्षा मंत्री ने विश्वास जताया कि भारत का लोकतंत्र और यहां की जनता पूरी तरह परिपक्व है और देश विरोधी या अराजक ताकतों के मंसूबों को करारा जवाब देगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि जहां तक भारत के भविष्य का प्रश्न है तो उसकी जिम्मेदारी सभी की है। उन्होंने कहा, हमें टकराव नहीं संवाद और राष्ट्र निर्माण का मार्ग चुनना है। रक्षा मंत्री ने कहा कि निर्वाचन आयोग और चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाने वाले राहुल गांधी को पहले कांग्रेस के शासनकाल में आयोग की भूमिका और नियुक्तियों पर जवाब देना ...शेष पृष्ठ 10 पर

भारत विरोधी शक्तियों के हाथों में खेलती नजर आ रही है कांग्रेस

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ रही है इसलिये स्वाभाविक है कि तमाम शक्तियों को भारत का यह उभार रास नहीं आ रहा होगा। रक्षा मंत्री ने कहा कांग्रेस हिंसा और अराजकता की आग में देश को झोंकना चाहती है और बांग्लादेश जैसी स्थिति पैदा करने का स्वप्न देख रही है। और उसके आधार पर मैं कह सकता हूं कि अब गांधी का नाम प्रयोग करने का सारा नैतिक अधिकार कांग्रेस ने पूरी तरह से खो दिया है। सिंह ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा देश को यह समझने की आवश्यकता है कि दशकों से चुनाव हार रहे राजनीतिक दल जाने या अनजाने में आज इन (भारत विरोधी) शक्तियों के हाथों में खेलते हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने दिल्ली में जारी प्रदर्शन की तरफ इशारा करते हुए कहा कि आज स्पष्ट हो गया है दिल्ली में जो कुछ भी हो रहा है वह ...शेष पृष्ठ 10 पर

महानवमी पर 19 को सार्वजनिक अवकाश

लखनऊ। आस्था और परंपराओं के सम्मान को प्राथमिकता देने वाली मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार ने दुर्गा पूजा और शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर अवकाश देने का फैसला लिया है। उत्तर प्रदेश शासन ने महानवमी के पावन अवसर पर 19 अक्टूबर (सोमवार) को पूरे प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है। प्रमुख सचिव (सामान्य प्रशासन) एस.वी.एस. रंगा राव द्वारा इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है।

इसके तहत पूर्व में निर्गत अवकाश सूची में संशोधन करते हुए सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों, उच्च न्यायालय, बैंकों एवं संबंधित विभागों को आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि पूर्व में 20 अक्टूबर को महानवमी एवं विजयदशमी का अवकाश निर्धारित था, लेकिन पर्व के महत्व, पूजा-अर्चना और आम जनमानस की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए सरकार ने निर्णय लिया है कि अब 19 अक्टूबर को भी महानवमी के पावन पर्व पर संपूर्ण सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

संक्षेप

नौसेना को मिला स्वदेश निर्मित पोत समर्थक



करवार (कर्नाटक)। भारत की निजी पोत निर्माण कंपनी द्वारा निर्मित पहले बहुउद्देशीय पोत समर्थक को शुक्रवार को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। इसे युद्धपोत निर्माण में घरेलू उद्योग की भूमिका बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। करवार स्थित नौसैन्य अड्डे पर उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन की मौजूदगी में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने कहा कि पोत का निर्माण लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने तमिलनाडु के कट्टुपल्ली स्थित अपने पोत निर्माण केंद्र में किया है और इस पोत में 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया गया है।

रूस में 6.9 तीव्रता के भूकंप के झटके

मॉस्को। रूस में शुक्रवार को ओजर्नोव्स्की से 76 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में 6.9 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने यह जानकारी दी। यूएसजीएस ने बताया कि भूकंप का केंद्र 143.2 किलोमीटर की गहराई में था। शुरुआत में इसका केंद्र 52.01 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 157.25 डिग्री पूर्वी देशांतर पर समझा गया। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास ने रूसी विज्ञान अकादमी की भूभौतिकीय सेवा की कामचटका शाखा के हवाले से बताया कि कामचटका में चार तीव्रता तक का भूकंप दर्ज किया गया। वैज्ञानिकों ने कहा पेट्रोपावलोव्स्क-कामचात्स्की में मापी गई तीव्रता चार तक रही।

सांप से कटवाकर हत्या का मामला : पत्नी-प्रेमी को फांसी

अदालत ने प्राथमिकी दर्ज होने के 18 माह के भीतर सुनाया फैसला

जिला संवाददाता



मृतक अमित कश्यप पत्नी रविता प्रेमी अमरदीप

मेरठ। उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले की एक अदालत ने पति की गला घोंटकर हत्या करने और घटना को सांप के काटने से हुई मौत का रूप देने के मामले में शुक्रवार को पत्नी और उसके प्रेमी को फांसी की सजा सुनाई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे-12) जयवीर सिंह नागर की अदालत ने बहसूमा क्षेत्र के अकबरपुर सादात गांव निवासी अमित कश्यप उर्फ मिक्की कश्यप की हत्या के मामले में सात अक्टूबर को उसकी पत्नी रविता और उसके प्रेमी अमरदीप को दोषी ठहराया था, दोनों दोषियों को शुक्रवार को सजा सुनाई गई। इससे पहले, मेरठ के चर्चित सौरभ राजपूत हत्याकांड में भी अदालत ने मृतक की पत्नी मुस्कान रस्तोगी और उसके प्रेमी साहिल शुक्ला को मृत्युदंड दिया था।

पुलिस के अनुसार, 13 अप्रैल 2025 की सुबह अमित अपने घर में चारपाई पर मृत मिला था और उसके पास एक सांप भी था। पुलिस ने बताया कि परिजन सांप के काटने की आशंका में अमित को मेरठ के प्यारे लाल शर्मा जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अमित के गले व नाक पर चोट के निशान ...शेष पृष्ठ 10 पर

पेड़ से टकरायी कार 5 श्रद्धालुओं की मौत

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में शुक्रवार को तेज रफ्तार एक कार के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने की दुर्घटना में एक ही परिवार के चार सदस्यों समेत पांच लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, हादसा अपराह्न करीब दो बजे नरोरा थाना क्षेत्र में उस समय हुआ, जब रतनपुर गांव व खेड़िया के बीच शिव मंदिर के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ईको कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई।

पुलिस ने बताया कि कार में चालक सहित कुल आठ श्रद्धालू सवार थे। पुलिस के मुताबिक, सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया। बुलंदशहर के ...शेष पृष्ठ 10 पर

अग्निवीरों के लिए उत्तराखंड में रोजगार के अवसर

दो जवानों के पीएसी में समायोजन को सीएम धामी ने दी मंजूरी

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। भारतीय सेना में सेवा देने के बाद अग्निवीरों की दक्षता और अनुभव का उपयोग प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था में करने की दिशा में उत्तराखंड सरकार ने पहल की है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नवंबर 2026 में सेना से सेवामुक्त होने वाले अग्निवीरों के पहले बैच के दो जवानों को 40वीं वाहिनी प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी (पीएसी) में समायोजित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। दोनों जवानों को वाहिनी में उपलब्ध रिक्त पदों के सापेक्ष समायोजित किया जाएगा। धामी सरकार के इस निर्णय का उद्देश्य सेना में सेवा के दौरान प्राप्त प्रशिक्षण, अनुशासन और कार्यकुशलता का लाभ प्रदेश को उपलब्ध कराना है। इसके साथ ही सैन्य सेवा पूरी करने वाले युवाओं को प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था में योगदान देने का अवसर प्रदान करने की दिशा में भी कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सेना में सेवा के दौरान अग्निवीर कठिन परिस्थितियों में कार्य करने, अनुशासन बनाए रखने, टीम के साथ जिम्मेदारियां निभाने और नेतृत्व क्षमता विकसित करने जैसे महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त करते हैं। ये विशेषताएं उन्हें सुरक्षा से जुड़े अन्य दायित्वों के निर्वहन के लिए भी उपयोगी बनाती हैं। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा में योगदान देने वाले युवाओं की क्षमताओं और उनके अनुभव का सम्मान किया जाना चाहिए। राज्य सरकार का प्रयास है कि सेना में सेवा पूरी करने के बाद भी ऐसे युवाओं को प्रदेश की सेवा से जुड़ने का अवसर मिल सके। अग्निपथ योजना के अंतर्गत भारतीय सेना में भर्ती हुए अग्निवीरों का पहला बैच नवंबर 2026 में सेवामुक्त होने जा रहा है। ऐसे में सैन्य ...शेष पृष्ठ 10 पर



आज का मौसम
अधिकतम : 36.06 डिसे.
न्यूनतम : 26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- रविवार से मंगलवार तक सीएम का विशिष्ट अनुष्ठान (पृष्ठ-02)
- 1.74 लाख विद्यालयों को थ्री स्टार रेटिंग (पृष्ठ-02)
- एआई से भारत के संगठनों पर साइबर हमले (पृष्ठ-10)
- डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे चढ़कर 94.92 (पृष्ठ-10)
- पाकिस्तान पहली बार संभालेगा आईएमएफ की कमान (पृष्ठ-10)

विशेष खबर | 19.50 करोड़ की लागत से लखनऊ, आजमगढ़, झांसी, अलीगढ़ और वाराणसी में शुरू होगी परियोजना

प्रदेश में लगेंगे पांच डॉप्लर रडार, मौसम की देंगे सटीक जानकारी

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार मौसम संबंधी आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम करने और लोगों की जान बचाने के लिए तकनीक का सहारा ले रही है। इसी दिशा में प्रदेश में पांच डॉप्लर वेदर रडार स्थापित करने की योजना बनाई गई, जिसमें से दो स्थापित कर दिए गए है। वहीं तीन अन्य शहरों के लिए प्रक्रिया जारी है। इन व्यवस्थाओं से मौसम की निगरानी बेहतर होगी और आपदा से पहले जरूरी कदम उठाने में मदद मिलेगी।

राहत आयुक्त डॉ. ऋषिकेश भास्कर यशोद के मुताबिक प्रदेश में मौसम की निगरानी को मजबूत करने के लिए आजमगढ़, लखनऊ, झांसी, अलीगढ़ और वाराणसी में पांच डॉप्लर वेदर रडार स्थापित करने की योजना बनाई गई। अब तक आजमगढ़ और वाराणसी में रडार की स्थापना हो चुकी है, जबकि शेष तीन स्थानों पर काम प्रक्रियाधीन है। इन रडार से मिलने वाले आंकड़ों के आधार पर तेज बारिश, आंधी-तूफान और अन्य गंभीर मौसमी घटनाओं की निगरानी व पूर्वानुमान लगाने में मदद मिलेगी। हर रडार की रेंज लगभग 250 से 500 किलोमीटर तक होती है।

आयुष को मिलेगी मजबूती जल्द आयेगी नयी पॉलिसी

लखनऊ। प्रदेश सरकार देश के आयुष सेक्टर में अपनी धाक जमाने के लिए नवंबर माह में होने वाली कैबिनेट में नई आयुष पॉलिसी-26 पर मुहर लगाने जा रही है। प्रदेश में आयुष उद्योग को बढ़ावा देने के लिए पॉलिसी में निवेशकों को विभिन्न तरह की सहूलियतें दी जाएंगी। पॉलिसी में आयुष रिसर्च को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है ताकि प्रदेश को आयुष रिसर्च का हब बनाया जाए। पॉलिसी का उद्देश्य प्रदेश में आयुष दवाओं की जांच और भर्ती के ...शेष पृष्ठ 10 पर

इन रडार का सीधा फायदा आम लोगों को मिलेगा। मौसम खराब होने की स्थिति में प्रशासन को पहले से तैयारी करने, संवेदनशील ...शेष पृष्ठ 10 पर

कनिष्ठ विश्लेषक भर्ती पर हाईकोर्ट की मुहर

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग (यूपीएफएसडीए) को कनिष्ठ विश्लेषक (खाद्य) के 417 पदों पर भर्ती के मामले में बड़ी कानूनी राहत मिली है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ की दो सदस्यीय खंडपीठ ने भर्ती के लिए निर्धारित शैक्षिक योग्यता को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी।

417 पदों पर चयन का रास्ता साफ, शैक्षिक योग्यता को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

अदालत के फैसले से भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का रास्ता साफ हुआ है। न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय और न्यायमूर्ति आलोक माथुर की खंडपीठ ने कहा कि कनिष्ठ विश्लेषक (खाद्य) पद के लिए राज्य सरकार की ओर से निर्धारित शैक्षिक योग्यता वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप है। अदालत ने संबंधित भर्ती नियमों को वैध ठहराया। मामला विज्ञापन संख्या 04/2024 के तहत 417 पदों पर सीधी भर्ती से जुड़ा है। पंकज कुमार सहित 10 याचिकाकताओं ने उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग विश्लेषक (खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला) सेवा नियमावली, 2017 के नियम 8(2) में वर्ष 2020 में किए गए संशोधन ...शेष पृष्ठ 10 पर

मतदेय स्थलों का सम्भाजन समय से पूरा करें :नवदीप

ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी एवं बहुमंजिली इमारतों में मतदेय स्थल बनाने के निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2027 के आधार पर फोटोयुक्त मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की घोषणा के क्रम में शुक्रवार को प्रदेश के समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर मतदेय स्थलों के सम्भाजन एवं पुनर्व्यवस्थापन की कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि मतदेय स्थलों का सम्भाजन 1200 मतदाताओं के मानक के आधार पर सर्वोच्च प्राथमिकता पर समयबद्ध एवं त्रुटिरहित ढंग से सुनिश्चित किया जाए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-25 के अंतर्गत मतदेय स्थलों के निर्धारण की जिम्मेदारी जिला निर्वाचन अधिकारियों की है। उन्होंने निर्देश दिये कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार मतदेय स्थलों की नई आलेख्य सूची तैयार कर समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिला स्तरीय प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाए।

इसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, विधायकों एवं सांसदों के साथ बैठक आयोजित कर सूची पर विचार-विमर्श किया जाए तथा आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए इसे अंतिम रूप दिया जाए। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में विकसित ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी एवं बहुमंजिली इमारतों में मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उपलब्धता के आधार पर भूतल पर स्थित सामान्य सुविधा क्षेत्र, सामुदायिक हॉल आदि में मतदेय स्थल स्थापित करने की कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये। इससे संबंधित आवासीय परिसरों में रहने वाले मतदाताओं को मतदान के लिए अधिक सुविधाजनक व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सकेगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदेय स्थलों के सम्भाजन की कार्यवाही की नियमित समीक्षा अपने स्तर से सुनिश्चित करें तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर इसे अनिवार्य रूप से पूर्ण कराएं, ताकि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की आगामी गतिविधियां निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संचालित हो सकें।

पात्र युवा मतदाताओं के पंजीकरण पर विशेष जोर

विशेष संवाददाता (vol)

- 2027 की आगामी अर्हता तिथियों के लिए भी लिये जायेंगे अग्रिम आवेदन

लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को प्रदेश के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची का अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2027 के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के सम्बन्ध में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की। उन्होंने बताया कि इस पुनरीक्षण का उद्देश्य सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करना तथा मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाना है।

उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मतदेय स्थलों के संभाजन एवं पुर्नव्यवस्थापन की प्रक्रिया 02 नवम्बर, 2026 तक पूरी की जाएगी। इसके बाद 12 नवम्बर, 2026 को एकीकृत मसौदा मतदाता सूची को प्रकाशित किया जाएगा। दावे एवं आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 12 नवम्बर से 11 दिसम्बर, 2026 तक निर्धारित की गई है। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसम्बर, 2026 तक किया जाएगा तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 04 जनवरी, 2027 को होगा।

मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने के लिए फॉर्म-6, प्रवासी भारतीय मतदाताओं के पंजीकरण के लिए फॉर्म-6ए, नाम सम्मिलित किए जाने पर आपत्ति अथवा नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 तथा निवास परिवर्तन, प्रविष्टियों में संशोधन, मतदाता पहचान पत्र (एढक्ठ) के प्रतिस्थापन एवं दिव्यांग मतदाता के रूप में चिह्नांकन के लिए फॉर्म-8 का उपयोग किया जा सकता है। पात्र नागरिक इन फॉर्मों को ऑफलाइन भरकर बूथ लेवल अधिकारियों को प्राप्त करा सकते हैं अथवा ऑनलाइन या इसीनेट ऐप के माध्यम से भी भर सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस पुनरीक्षण के तहत ऐसे पात्र नागरिक, जिनकी आयु 01 अक्टूबर, 2026 तक 18 वर्ष पूरी हो चुकी है, साथ ही वे युवा जो 01 जनवरी, 2027 तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर लेंगे, मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। हैं। इसके अतिरिक्त, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर, 2027 को अर्हता तिथि के आधार पर पात्र होने वाले भावी मतदाताओं से भी अग्रिम आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। इन अग्रिम आवेदनों का निस्तारण संबंधित अर्हता तिथि की तिमाही में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा।

रविवार से मंगलवार तक विशिष्ट अनुष्ठान में लीन रहेंगे सीएम



- गोरक्षपीठ में रविवार को होगी महानिशा पूजा, हवन कर लोक मंगल का आशीर्वाद मांगेंगे सीएम योगी
- महानवमी पर पांव पखारकर नौ कन्याओं और बटुकों का पूजन करेंगे मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता (vol)

गोरखपुर। शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ की पावन तपोस्थली गोरक्षपीठ में शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा से जारी आध्यात्मिक अनुष्ठान रविवार से अपने सबसे विशिष्ट और पावन पड़ाव की ओर अग्रसर होंगे। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार से मंगलवार तक अनवरत तीन दिनों तक विशेष अनुष्ठान, पूजन और पारंपरिक उत्सवों में लीन रहेंगे। अष्टमी (रविवार, 18 अक्टूबर) की शाम वह गोरक्षपीठ के पारंपरिक निशा पूजा में सम्मिलित होंगे जबकि सोमवार (19 अक्टूबर) को नवमी तिथि पर उनके द्वारा कन्या पूजन का अनुष्ठान किया जाएगा। नवरात्र की पूर्णता के बाद दशहरे के दिन मंगलवार (20 अक्टूबर) को गुरु गोरक्षनाथ की विशिष्ट पूजा कर गोरक्षपीठाधीश्वर, गोरखनाथ मंदिर से विजयादशमी शोभायात्रा की अगुवाई करेंगे।

शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा को गोरक्षपीठाधीश्वर ने गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में कलश स्थापना की थी। इसके बाद के नियमित नवरात्र पूजन के अनुष्ठान उनके प्रतिनिधि के रूप में गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ द्वारा किए जा रहे हैं। अष्टमी की तिथि के मान से लेकर विजयादशमी तक गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ स्वयं आराधना व आनुष्ठानिक कार्यक्रमों के लिए उपस्थित रहेंगे। गोरक्षपीठाधीश्वर रविवार (18 अक्टूबर) को नवरात्र की अष्टमी तिथि में विधि विधान से महानिशा पूजन व हवन कर लोक मंगल की प्रार्थना करेंगे। गोरक्षपीठ में सोमवार (19 अक्टूबर) को पूर्वाह्न 11 बजे से मातृ शक्ति के प्रति श्रद्धा व सम्मान के प्रतीक के रूप में कन्या पूजन का अनुष्ठान होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कन्या पूजन कर मातृ शक्ति के प्रति गोरक्षपीठ की परंपरा को आगे बढ़ाएंगे। गोरक्षपीठाधीश्वर नौ दुर्गा स्वरूपा नौ कुंवारी कन्याओं के पांव पखारेंगे, उनके माथे पर रोली, चंदन, दही, अक्षत का तिलक लगा विधि विधान से पूजन करेंगे। पूरी श्रद्धा से भोजन कराकर दक्षिणा व उपहार देकर उनका आशीर्वाद भी लेंगे। इस दौरान परंपरा के अनुसार बटुक पूजन भी किया जाएगा। जबकि मंगलवार (20 अक्टूबर) को महायोगी गोरखनाथ जी के विशिष्ट पूजन व गोरक्षपीठाधीश्वर के तिलकोत्सव के बाद सायंकाल विजयादशमी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। दशहरे के दिन गोरक्षपीठाधीश्वर की अगुवाई में गोरखनाथ मंदिर से निकलने वाली विजयादशमी शोभायात्रा गोरखपुर की उत्सवी परंपरा का खास आकर्षण है।

इस शोभायात्रा में सामाजिक समरसता देखने को मिलती है। इस शोभायात्रा में हर वर्ग के लोग तो शामिल होते ही हैं, इसका अल्पसंख्यक समुदाय (मुस्लिम व बुनकर समाज) के लोगों द्वारा भव्य स्वागत भी किया जाता है। तीन पीढ़ियों से विजयादशमी शोभायात्रा का स्वागत करने वाले उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के पूर्व चेयरमैन चौधरी कैफुलवरा बताते हैं कि मंदिर के मुख्य द्वार से थोड़ी दूर पर हम लोग घंटों पहले गोरक्षपीठाधीश्वर के स्वागत को खड़े रहते हैं।

गोरक्षपीठ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी विजयादशमी के दिन मंगलवार (20 अक्टूबर) सायंकाल गोरखनाथ मंदिर से गोरक्षपीठाधीश्वर की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। पीठाधीश्वर गुरु गोरक्षनाथ का आशीर्वाद लेकर अपने वाहन में सवार होंगे। तुरही, नगाड़े व बैंड बाजे की धुन के बीच गोरक्षपीठाधीश्वर की शोभायात्रा मानसरोवर मंदिर पहुंचेगी। यहां पहुंचकर गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ गोरक्षपीठ से जुड़े मानसरोवर मंदिर पर देवाधिदेव महादेव की पूजा अर्चना करेंगे। इसके बाद उनकी शोभायात्रा मानसरोवर रामलीला मैदान पहुंचेगी। यहां चल रही रामलीला में वह प्रभु श्रीराम का राजतिलक करेंगे।

कोहरे से निपटने के लिए लखनऊ एयरपोर्ट की तैयारियां तेज



लखनऊ। कोहरे के मौसम में कम दृश्यता के कारण उड़ानों के संचालन में आने वाली चुनौतियों से निपटने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लखनऊ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में एयरपोर्ट प्रशासन ने प्रमुख हितधारकों के साथ प्री-लो विजिबिलिटी प्रोसीजर्स को लेकर समन्वय बैठक आयोजित की। बैठक में एयरसाइड ऑपरेशंस, एविएशन सेफ्टी, एयरलाइन ऑपरेटर्स, एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी), भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की कम्युनिकेशन, नेविगेशन एंड सर्विलांस टीम सहित अन्य संबंधित एजेंसियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में कम दृश्यता के दौरान लागू होने वाली प्रक्रियाओं की समीक्षा की गई। साथ ही संभावित परिचालन चुनौतियों, सुरक्षा प्रोटोकॉल और विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखने के उपायों पर चर्चा हुई। एयरपोर्ट प्रशासन के अनुसार, प्रतिकूल मौसम के दौरान यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए पहले से योजना बनाने, निर्धारित सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन करने और संबंधित एजेंसियों के बीच समन्वय मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है। कोहरे के कारण उड़ानों के समय में बदलाव या देरी की आशंका को देखते हुए यात्रियों को सलाह दी गई है

मंदिरों में देवी गीत व दुर्गा सप्तशती पाठ के आयोजन होंगे

लखनऊ। प्रदेश के प्रमुख देवी मंदिरों में शक्ति आराधना के साथ आज से महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का संदेश गूंजेगा। मिशन शक्ति के तहत योगी सरकार शारदीय नवरात्र की सप्तमी से नवमी तिथि (शनिवार से सोमवार) तक चयनित मंदिरों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराएगी। इनमें पारंपरिक देवी गीतों पर आधारित गायन और दुर्गा सप्तशती का पाठ होगा। नवरात्र की सप्तमी, अष्टमी और नवमी पर होने वाले कार्यक्रमों में देवी गीतों की पारंपरिक गायन शैली को प्रमुखता दी जाएगी। इसके साथ दुर्गा सप्तशती का पाठ भी होगा। इन आयोजनों के जरिए शक्ति आराधना की परंपरा को आगे बढ़ाने के साथ महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया जाएगा। प्रत्येक मंदिर में तीन स्थानीय कलाकार प्रस्तुति देंगे। इस तरह कुल 78 कलाकारों को अपनी कला दिखाने का अवसर मिलेगा। इनमें महिला कलाकारों की संख्या अधिक रहेगी। लखनऊ के चंद्रिका देवी, संकटा देवी मंदिर, प्रयागराज के अलोपी देवी और ललिता देवी मंदिर में तीन-तीन स्थानीय कलाकार प्रस्तुति देंगे। इस तरह लखनऊ और प्रयागराज के चार मंदिरों में कुल 12 कलाकारों को अवसर मिलेगा। बाकी 22 मंदिरों में तीन-तीन कलाकार कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि शारदीय नवरात्र आस्था, शक्ति और सांस्कृतिक परंपराओं का पर्व है। हमारा प्रयास है कि धार्मिक आयोजन सामाजिक बदलाव का माध्यम बनें और महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान तथा आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करें।

अब 23 तक निःशुल्क बदलवा सकेंगे गो स्मार्ट कार्ड

लखनऊ। मेट्रो यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लि. ने गो स्मार्ट कार्ड को नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) में बदलने की सुविधा की अवधि बढ़ा दी है। पहले यह सुविधा 16 अक्टूबर 2026 तक उपलब्ध थी। अब यात्री अपने गो स्मार्ट कार्ड को 23 अक्टूबर 2026 तक एनसीएमसी कार्ड में बदलवा सकेंगे। इस सुविधा के तहत अबतक 60 हजार से ज्यादा यात्री लखनऊ मेट्रो के मौजूदा गो स्मार्ट कार्ड को एनसीएमसी कार्ड से बदल चुके हैं। बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के एनसीएमसी कार्ड में बदलवाने की अवधि बढ़ाए जाने से यात्रियों को अपना कार्ड बदलवाने के लिए अतिरिक्त समय मिलेगा। यात्रियों को अपने पुराने गो स्मार्ट कार्ड में उपलब्ध पूरी शेष राशि पहले उपयोग करनी होगी। इसके बाद यात्री को मेट्रो स्टेशन के टिकट काउंटर पर पुराने गो स्मार्ट कार्ड का सत्यापन कराना होगा। सत्यापन के बाद यात्री को प्रदान की जाएगी। इसके पश्चात यात्री को अपना पुराना गो स्मार्ट कार्ड और मेट्रो स्टेशन पर स्थित एयरटेल क्यॉस्क पर जमा करना होगा। मोबाइल ओटीपी सत्यापन के बाद यात्री को नया एनसीएमसी कार्ड निःशुल्क जारी किया जाएगा।

एसआईआर की लड़ाई में अब किसानों के ट्रैक्टरों की होगी इंट्री



लखनऊ। इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक दल लोकदल अध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी चौधरी सुनील सिंह ने शुक्रवार को पार्टी के केंद्रीय कार्यालय, लखनऊ में आयोजित प्रेस वार्ता में एसआई आर, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे, किसानों के आंदोलन और उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव को लेकर सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एसआई आर के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर पर लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाने पहुंचे लोगों को हिरासत में लिया गया और बर्बरता की गई। जंतर-मंतर को प्रदर्शन के लिए प्रतिबंधित करना इस बात का प्रमाण है कि सरकार जनता और विपक्ष की आवाज से डर गई है। उन्होंने कहा कि अब इस लड़ाई में किसान भी पीछे नहीं रहेगा। किसान दिल्ली की सड़कों पर ट्रैक्टरों के साथ पहुंचेगा और लोकतंत्र की इस लड़ाई को निर्णायक मोड़ तक ले जाएगा। चौधरी सुनील सिंह ने कहा कि कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के फाउंडर अभिजीत दीपके द्वारा 16 अक्टूबर को शाम 5 बजे दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क में घोषित 'लहरा दो तिरंगा' कार्यक्रम को लोकदल अपना समर्थन देता है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से देश की एकता, संविधान और लोकतंत्र की आवाज बुलंद करने वाले हर कार्यक्रम के साथ लोकदल खड़ा रहेगा। सुनील सिंह ने कहा कि किसान, युवा, मजदूर और गांव की जनता अब चुप बैठने वाली नहीं है।

घर-घर पहुंच रहा नारी सशक्तीकरण का संदेश

- महिला सुरक्षा से आत्मनिर्भरता तक 15 बिंदुओं पर विभाग कर रहा काम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को मजबूत करने के लिए मिशन शक्ति फेज-6.0 के तहत व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। शारदीय नवरात्र के अवसर पर 11 से 20 अक्टूबर तक संचालित इस अभियान में महिला कल्याण विभाग प्रमुख भूमिका निभा रहा है। प्रदेश के सभी 75 जिलों में जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग की अपर मुख्य सचिव लीना जौहरी ने बताया कि प्रदेश के अलग-अलग जिलों में बेटियों को एक दिन का जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) बनाया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य बेटियों में नेतृत्व क्षमता विकसित करना, आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें निर्णय लेने के लिए प्रेरित करना है। इससे बेटियों को अपनी प्रतिभा पहचानने, प्रशासनिक कार्यप्रणाली समझने और भविष्य में जिम्मेदार पदों पर पहुंचने का हौसला मिल रहा।

लखनऊ, सीतापुर, बाराबंकी, रायबरेली, अलीगढ़, भदोही, प्रयागराज, गोरखपुर, वाराणसी, उन्नाव और इटावा समेत प्रदेशभर में रैलियां, पदयात्राएं, प्रभात फेरियां और जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें जनप्रतिनिधियों, पुलिसकर्मियों, छात्राओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं भाग ले रही हैं। अभियान के शुरूआती दिनों में रैलियों और पैदल मार्च में 50 हजार से अधिक लोगों ने भागीदारी की। उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और मेधावी छात्राओं को सम्मानित करने के साथ बालिकाओं को सांकेतिक प्रशासनिक दायित्व सौंपकर नेतृत्व क्षमता विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। मेले, प्रदर्शनी स्टॉल और लोक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भी महिला सशक्तीकरण का संदेश पहुंचाया जा रहा है। महिला कल्याण विभाग अभियान के तहत 15 प्रमुख गतिविधियों पर काम कर रहा है। कार्यस्थलों पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम के लिए विधिक साक्षरता शिविर और लोक अदालत सहायता के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा रही है।

बेसिक शिक्षा विभाग की वित्तीय साक्षरता गतिविधियों से अब तक 1,18,657 बालिकाएं जुड़ चुकी हैं। इसके माध्यम से बालिकाओं में आर्थिक समझ और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। करियर मार्गदर्शन, विधिक सहायता और सरकारी योजनाओं की जानकारी के जरिए महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाया जा रहा है। महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग की अपर मुख्य सचिव लीना जौहरी ने कहा कि महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान, स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता से जोड़ना विभाग की प्राथमिकता है।

कैंपस ड्राइव में 230 युवाओं का चयन

लखनऊ। प्रदेश सरकार की 'मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना' के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), अलीगंज, लखनऊ में शुक्रवार को एक दिवसीय वृहद कैंपस ड्राइव का आयोजन हुआ। इस प्लेसमेंट ड्राइव में बहुराष्ट्रीय ऑटोमोबाइल कंपनी हीरो मोटोकॉर्प (धारूहेड़ा, हरियाणा) तथा बीएसीएस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 230 कुशल अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

संस्थान के प्लेसमेंट अधिकारी एमए खां ने बताया कि रोजगार मेले में कुल 485 युवाओं ने अपना पंजीकरण कराया। कंपनियों के चयन पैनल द्वारा अर्हता मानकों की जांच के बाद 455 योग्य अभ्यर्थियों का साक्षात्कार एवं दक्षता परीक्षण संपन्न हुआ। गहन चयन प्रक्रिया के बाद दोनों कंपनियों द्वारा कुल 230 अभ्यर्थियों को अंतिम रूप से चयनित कर नियुक्ति पत्र के लिए संस्तुति प्रदान की गई। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनियों द्वारा 17,000 से 25,000 रुपये प्रतिमाह तक का वेतनमान व अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

अग्निकांड के पीड़ित को मुआवजे पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

विधि संवाददाता



- इलाज का खर्च उठायेगी सरकार, अब तक खर्च हुए ढाई लाख रुपये का भुगतान की अगली सुनवाई से पहले

लखनऊ। अलीगंज अग्निकांड में गंभीर रूप से घायल और दिव्यांग हुए जयंत गुप्ता के इलाज का पूरा खर्च राज्य सरकार उठाएगी। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार के इस आदेश को रिकॉर्ड पर लेते हुए निर्देश दिया है कि इलाज पर अब तक खर्च हुई राशि के प्रमाण प्रस्तुत किए जाने पर भुगतान की प्रक्रिया अगली सुनवाई से पहले पूरी की जाए। कोर्ट ने पीड़ित को दिए जाने वाले मुआवजे के संबंध में भी राज्य सरकार से स्पष्ट प्रस्ताव मांगा है।

न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने शिवेंदु पांडेय और अभिषेक दुबे की ओर से दाखिल जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। सुनवाई के दौरान राज्य के अपर महाधिवक्ता वीके शाही ने गृह विभाग के सचिव का 15 अक्टूबर 2026 का आदेश प्रस्तुत किया। इसके अनुसार, केजीएमयू में जयंत गुप्ता के इलाज के लिए उनसे कोई चिकित्सा शुल्क नहीं लिया जाएगा और यदि इलाज पर कोई खर्च आता है, तो संबंधित विभाग राज्य सरकार से उसकी मांग करेगा और सरकार भुगतान करेगी। वहीं पीड़ित जयंत गुप्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वह अब तक इलाज पर ढाई लाख रुपये खर्च हो चुके हैं, जबकि विभिन्न स्रोतों से उन्हें सिर्फ डेढ़ लाख रुपये ही मुआवजे के रूप में मिले हैं। कहा कि हादसे के बाद वह स्थायी रूप से दिव्यांग हो गया है, घटना से पहले वह कैरेक्टर आर्टिस्ट के रूप में काम करते थे और लगभग 46 हजार रुपये प्रतिमाह कमाते थे, लेकिन अब वह अपने पिता की लगभग 25 हजार रुपये मासिक पेंशन पर निर्भर हैं। इस पर न्यायालय ने निर्देश दिया कि जयंत गुप्ता के इलाज पर हुए खर्च की रसीदें इत्यादि अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग को अपर महाधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत करें।

संबंधित अधिकारी दावों की प्रक्रिया पूरी कर अगली सुनवाई से पहले आवश्यक राशि का भुगतान सुनिश्चित करें। अस्पताल अथवा घर पर उपचार के लिए होने वाले वर्तमान और नियमित खर्च के बिल भी इसी प्रक्रिया के तहत प्रस्तुत किए जा सकेंगे और उनका भुगतान हर महीने किया जाएगा। न्यायालय ने राज्य सरकार से यह भी स्पष्ट करने को कहा कि जयंत गुप्ता को कितना मुआवजा देने का प्रस्ताव है। अपर महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि मुआवजा के विषय पर अपर मुख्य सचिव, गृह की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है। समिति मुआवजे के लिए नीति अथवा कानून का प्रस्ताव तैयार करेगी। हाईकोर्ट ने उम्मीद जताई कि समिति इस संबंध में उचित और निष्पक्ष व्यवस्था प्रस्तुत करेगी। मामले की अगली सुनवाई नवंबर के चौथे सप्ताह में होगी।

नवनियुक्त कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता वीरेंद्र चौधरी ने पदभार संभाला

- कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना ने विधायक वीरेंद्र चौधरी को सौंपा दायित्व

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा में कांग्रेस विधान मंडल दल के नेता का पदभार ग्रहण किया। प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि वीरेंद्र चौधरी महराजगंज के फरेंदा विधानसभा से विधायक हैं, विधायक वीरेंद्र चौधरी को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना ने पदभार ग्रहण कराया।

पदभार ग्रहण करने के बाद वीरेंद्र चौधरी ने राष्ट्रीय नेतृत्व का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया और कहा कि कांग्रेस पार्टी विधानसभा में प्रदेश के प्रत्येक पीड़ित जरूरत मंद की आवाज बनेगी। इस अवसर पर आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि मैं कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता वीरेंद्र चौधरी को बधाई देती हूं, जिस कांग्रेस विधान मंडल दल की कुर्सी पर वीरेंद्र चौधरी बैठे हैं, उस कुर्सी पर इस देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी से लेकर और तमाम महान विभूतियों ने सुशोभित किया है। निश्चित तौर से हमें पूरी आशा और विश्वास है कि वीरेंद्र चौधरी उत्तर प्रदेश की विधानसभा में उत्तर प्रदेश के हर एक व्यक्ति की आवाज को कांग्रेस पार्टी के माध्यम से मजबूत करेंगे।

वीरेंद्र चौधरी के कांग्रेस विधान मंडल दल के नेता पदभार ग्रहण करने के अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष योगेश दीक्षित, पूर्व प्रदेश महासचिव गौरव चौधरी, कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी, प्रदेश चेयरमैन कनेक्ट सेंटर मनीष हिंदवी, सचिन रावत ने वीरेंद्र चौधरी मीठा खिलाकर बधाई दी।

इस अवसर पर अभिषेक सिंह पटेल, अखिलेश वर्मा, कैलाश चौहान (लोनिया) जितेंद्र वर्मा, राहुल गंगवार, कनिष्क कुमार, वर्चस्व कुमार, शाहबाज खान, मुकेश चैहान, अभिमन्यु सिंह, विशाल वर्मा, कल्पना वर्मा, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

1.74 लाख विद्यालयों को मिली थ्री स्टार स्वच्छ व हरित रेटिंग

विशेष संवाददाता (vol)

- यूपी के 1.88 लाख स्कूलों का स्व-मूल्यांकन पूरा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के विद्यालयों को स्वच्छ, हरित और पर्यावरण-अनुकूल शिक्षण परिवेश के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग के अंतर्गत प्रदेश के 1,88,301 विद्यालयों ने स्व-मूल्यांकन सर्वेक्षण पूरा कर पोर्टल पर जमा किया है। इनमें 1,74,754 विद्यालयों ने तीन स्टार या उससे अधिक की रेटिंग प्राप्त की है। अब दूसरे चरण में विद्यालयों की व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन किया जाएगा, जिसे 31 अक्टूबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

विद्यालयों में स्वच्छता, स्वास्थ्यकर वातावरण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संचालित एसएचवीआर (रलश्फ) के अंतर्गत मूल्यांकन की प्रक्रिया दो चरणों में निर्धारित है। पहले चरण में विद्यालयों ने निर्धारित प्रश्नावली के आधार पर अपनी व्यवस्थाओं का स्व-मूल्यांकन किया। अब दूसरे चरण में इस विवरण का जमीनी स्तर पर सत्यापन किया जाएगा, जिससे पोर्टल पर दर्ज सूचनाओं और विद्यालयों की वास्तविक स्थिति का मिलान हो सके। ज्ञात हो कि प्रदेश के 1,88,301 विद्यालयों का स्वमूल्यांकन पूरा होना इस अभियान का महत्वपूर्ण पड़ाव है।

अब 31 अक्टूबर तक सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद विद्यालयों में स्वच्छता और हरित परिवेश से संबंधित व्यवस्थाओं का अधिक विश्वसनीय आकलन सामने आएगा। दूसरे चरण की प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए।

वोटर लिस्ट का डबल रिवीजन न करे आयोग : अखिलेश

- सपा अध्यक्ष ने विभिन्न दलों से आये नेताओं को दिलायी सदस्यता

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारवार्ता आयोजित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले मतदाता सूची का एसआईआर हो चुका है लेकिन अब फिर से एसएसआर कराया जा रहा है। उन्होंने चुनाव आयोग से कहा कि एक वोटर लिस्ट का एक ही रिवीजन करें, रिवीजन के ऊपर रिवीजन न करें। यह तय होना चाहिए कि एसएसआर के बाद अब मतदाता सूची का कोई रिवीजन नहीं हो। जब एसएसआर का फैसला ले लिया है तो अब वही आखिरी होना चाहिए। सपा डबल रिवीजन के पक्ष में नहीं है। इस दौरान उन्होंने मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटॉप वितरित किया। उन्होंने कहा कि सपा के सभी नेता, कार्यकर्ता और पीडीए प्रहरी मिलकर इन साजिशों और षडयंत्रों को विफल करेंगे। षडयंत्रकारियों को हर स्तर पर रोकने का काम करेंगे। सपा के सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं, आम जनता से अपील की कि 17 अक्टूबर और 24 अक्टूबर को अपने-अपने बूथों पर रहें। अपना वोट जुड़वाएं। फर्जी वोट बनने से रोके। मतदाता सूची पर निगरानी रखें।

मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर फर्जी वोट का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सपा ने म

एसए अपार्टमेंट पर कार्रवाई लटकी

36 पेज की स्ट्रक्चरल ऑडिट रिपोर्ट में इमारत को बतायी गयी असुरक्षित

लखनऊ। गोलागंज के बारूदखाना स्थित एसए अपार्टमेंट के ध्वस्तीकरण को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। करीब 20 दिन पहले पिलर टूटने के बाद खाली कराए गए इस अपार्टमेंट को गिराने की बात कही गई थी, लेकिन इमारत के अब तक ध्वस्तीकरण न किए जाने पर सवाल खड़े हो रहे हैं, उधर, स्ट्रक्चरल ऑडिट रिपोर्ट नगर निगम को भेज कर कार्रवाई को टालने का प्रयास किया जा रहा है।



एलडीए की ओर से कराई गई स्ट्रक्चरल ऑडिट में अपार्टमेंट की स्थिति गंभीर बताई गई है। 36 पेज की रिपोर्ट में भवन के बाहरी कॉलम में क्षति, सरियों में जंग, लगातार नमी, संरचनात्मक मजबूती में कमी और नींव में पानी पहुंचने जैसी समस्याएं सामने आई हैं। रिपोर्ट में भूकंप के दौरान भवन के अधिक क्षतिग्रस्त होने की आशंका भी जताई गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, भवन में पहले भी बड़े स्तर पर मरम्मत और सुदृढ़ीकरण किया जा चुका है। इसके बावजूद स्थायी झुकाव और दरारों जैसी समस्याएं सामने आई हैं।

रिपोर्ट में भवन को सुरक्षित रखने के लिए विस्तृत संरचनात्मक, सामग्री, नींव और भू-तकनीकी जांच की सिफारिश भी की गई है। वहीं, भवन की मौजूदा स्थिति को देखते हुए इसे असुरक्षित घोषित कर ध्वस्त करके नए सिरे से निर्माण को स्थायी समाधान बताया गया है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार की ओर से स्ट्रक्चरल ऑडिट रिपोर्ट नगर निगम को भेजते हुए नगर निगम अधिनियम की धारा 331 के तहत आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है। इस धारा के तहत नगर आयुक्त खतरनाक या जर्जर भवन के मालिक को नोटिस देकर उसे गिराने, मरम्मत कराने या खतरे को दूर करने का निर्देश दे सकते हैं। तत्काल खतरा होने पर सुरक्षा के लिए घेराबंदी या अन्य जरूरी कदम भी उठाए जा सकते हैं। बता दें कि करीब 20 दिन पहले सुबह तेज आवाज के साथ एसए अपार्टमेंट का एक पिलर टूट गया था। घटना के बाद अपार्टमेंट में रहने वाले लोग परिवार सहित बाहर निकल आए थे। एहतियातन आसपास के करीब 50 मीटर क्षेत्र को सील कर दूसरी इमारत भी खाली कराई गई थी। गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। एलडीए के जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह ने बिल्डर को 15 दिन का नोटिस जारी किए जाने की जानकारी दी थी। नोटिस की अवधि पूरी होने के बाद भी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई नहीं हुई है। एलडीए के अनुसार, बिल्डर ने बेसमेंट सहित तीन मंजिल का नक्शा पास कराया था, जबकि मौके पर पांच मंजिल का निर्माण किए जाने और छत पर पेंटाहाउस बना लिया गया है। प्राधिकरण का कहना है कि स्वीकृत नक्शे से अतिरिक्त किया गया निर्माण अवैध है।

एलडीए ने खतरनाक भवनों पर कार्रवाई के अधिकार का हवाला देते हुए मामला नगर निगम को भेजा है। फिलहाल फ्लैट खरीदारों की निगाहें एलडीए व नगर निगम के निर्णय पर टिकी हैं। उनका कहना है कि भवन की सुरक्षा और आसपास के लोगों की जान-माल की हिफाजत को लेकर त्वरित निर्णय लेना जरूरी है।

जागरण में भजन गायिका साक्षी-ममता ने बांधा समां



लखनऊ। शारदीय नवरात्र के अवसर पर नटखेड़ा रोड युवा व्यापार मंडल की ओर से पांचवें विशाल मां भगवती जागरणों भजन गायिकाओं ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तिमय माहौल बना दिया। मां के भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और जयकारों से पूरा परिसर गूंजता रहा।

दुर्गा कीर्तन स्तुति मंडल की भजन गायिका साक्षी कंधारी, ममता कंधारी, महिमा धनु, वंशी और आशुतोष द्विवेदी ने मां भगवती की महिमा का गुणगान किया। उनकी प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

देर रात तक चले जागरण में बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लेकर मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर अध्यक्ष द्विवेदी, पूर्व विधान परिषद सदस्य अरविंद त्रिपाठी गुड्डू, राज्यसभा सांसद बृजलाल और लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा शामिल हुए। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और मां भगवती के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर आलमबाग नटखेड़ा रोड युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा सहित कमल चौधरी, राजेश बत्रा, उपकार सिंह, राजन सोनकर, संतोष तिवारी, अंकुर अग्रवाल, नवल अग्रवाल, सुरेंद्र सिंह और मनीष लखवानी समेत बड़ी संख्या में व्यापारी एवं क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

फैजुल्लागंज में उल्टी-दस्त के बढ़ रहे मरीज

लखनऊ। फैजुल्लागंज में बाढ़ का पानी धीरे-धीरे घट रहा है, पर लोगों की मुश्किलें कम नहीं हुई हैं। मामा कॉलोनी, कृष्ण लोक, मिलनतनगर, रामनगर, गणेश विहार समेत कई इलाकों में उल्टी-दस्त और वायरल बुखार के मरीज बढ़ रहे हैं। सड़कों से लेकर घरों के अंदर तक कचरा और कीचड़ जमा है। बदबू के बीच लोगों के लिए रहना मुश्किल हो गया है। त्वचा संबंधी बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। संक्रमण के डर से कई परिवार अब भी अपने घरों में लौटने से बच रहे हैं। कुछ ने किराए के मकानों में शरण ली है, तो कुछ ने रिश्तेदारों के घरों में शरण ली है। स्वास्थ्य विभाग ने प्रभावित इलाकों में मरीजों की पहचान और इलाज के लिए 27 टीमें बनाई हैं। हर टीम में चार सदस्य हैं। ये टीमें घर-घर जाकर मरीजों की पहचान कर रही हैं और जरूरत के अनुसार दवाइयां दे रही हैं। मौखिक पुनर्जलीकरण समाधान के पैकेट और क्लोरिन की गोलियां बांटी जा रही हैं। साथ ही बाढ़ प्रभावित इलाकों से बड़ी संख्या में मरीज केजीएमयू अस्पताल और बलरामपुर अस्पताल के बाह्य रोग विभाग में पहुंच रहे हैं। दवाइयों और त्वचा रोग विभाग में भी बड़ी संख्या में मरीज आ रहे हैं। पानी उतरने के बाद जमा गंदगी, दूषित पानी और मच्छरों के पनपने से संक्रमण का खतरा बढ़ गया है।

ऑपरेशन से पहले सही जानकारी डाक्टर को देनी चाहिए : डा. तन्मय तिवारी

लखनऊ। कुछ मरीज डाक्टरों से अपनी बुरी आदतें और बीमारी के लक्षण छिपा लेते हैं क्योंकि उन्हें डर रहता है कि अगर वे सच बता दें तो ऑपरेशन टल जाएगा। कोई सिगरेट पीने की बात बताने से मना कर देता है, तो कोई शराब की मात्रा कम करके बता देता है। बच्चों के मामले में भी माता-पिता कम से कम लक्षण बताने से बचते हैं, जैसे कि सर्दी या खरार्टा। उनका डर रहता है कि ऑपरेशन की तारीख आगे बढ़ सकती है। डॉक्टरों के अनुसार, अगर मरीज अपनी बात छिपा ले तो इससे उनकी जान खतरे में पड़ सकती है। यह बात केजीएमयू के एनेस्थीसिया विभाग के डॉ. तन्मय तिवारी ने कही। शुक्रवार को विश्व एनेस्थीसिया दिवस पर इंडियन सोसाइटी ऑफ एनेस्थीसियोलॉजिस्ट के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डा. तन्मय तिवारी ने कहा कि लगभग 10 से 15 फीसदी मरीज ऑपरेशन से पहले धूम्रपान, शराब या अन्य नशीले पदार्थों के बारे में जानकारी छिपा लेते हैं। वे अक्सर कहते हैं कि वे कभी-कभार ही सिगरेट पीते हैं, शराब कम लेते हैं या अब तक बंद कर दिया है।

लोकबंधु अस्पताल में लेजर तकनीक से होगा पाइल्स का इलाज

लखनऊ। आशियाना स्थित लोकबंधु राजनारायण चिकित्सालय में अब पाइल्स, फिशर और फिस्टुला समेत कई रोगों का इलाज नवीन लेजर तकनीक से होगा। शुक्रवार को अस्पताल में लेजोट्रॉनिक्स लेजर मशीन से ऑपरेशन और इलाज का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान मरीजों के ऑपरेशन भी किए गए। अस्पताल के निदेशक डा. विवेक गुप्ता ने बताया कि नई दिल्ली के लेजर प्रोक्टोलॉजिस्ट डॉ. एएस चिलाना और वास्कुलर सर्जन डॉ. संतोष कुमार तिवारी ने अस्पताल के डॉक्टरों को प्रशिक्षण दिया, इसमें पाइल्स, फिशर, फिस्टुला, पाइलोनाइडल साइनस और नसों की बीमारियों के इलाज की जानकारी दी गई। वरिष्ठ सर्जन डॉ. राजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि लेजर सर्जरी से रक्तस्राव और दर्द कम होगा और अस्पताल में रहने का समय घटेगा। कुछ प्रक्रियाओं में 10 से 30 मिनट लगते हैं। मरीज की स्थिति के अनुसार उसी दिन छुट्टी भी हो सकती है।

फेस्टिव ऑफर्स में कैशबैक व आसान ईएमआई

लखनऊ। वोल्टास लिमिटेड और वोल्टास बेको ने नवरात्रि और त्योहारी खरीदारी के लिए आकर्षक फाइनेंस ऑफर्स की घोषणा की है। 31 अक्टूबर तक लागू इन ऑफर्स के तहत चुनिंदा उत्पादों पर 15 प्रतिशत तक कैशबैक, 6,000 रुपये तक के लाभ और आसान ईएमआई का विकल्प मिलेगा। एयर कंडीशनर, रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, डिशवॉशर और एयर कूलर सहित कई उत्पादों पर 1,888 रुपये से फिक्स्ड ईएमआई, 18 महीने तक की किस्तें तथा जीरो डाउन पेमेंट की सुविधा उपलब्ध होगी। कंपनी के अनुसार, ये ऑफर्स चुनिंदा रिटेल स्टोर्स और ब्रांड शॉप्स पर लागू हैं।

24 संविदाकर्मी अपने कार्यस्थल पर गैरहाजिर, नोटिस जारी

- सेवा संकल्प अभियान के तहत रोजाना निगरानी

लखनऊ। सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीज इलाज के लिए भटकते हैं और कर्मचारी अपने कार्यस्थल पर अनुपस्थित रहते हैं। स्वास्थ्य विभाग में संविदाकर्मियों की गैरहाजिरी के मामले सामने आते हैं। सेवा संकल्प अभियान के तहत रोजाना निगरानी के बावजूद शुक्रवार को 24 संविदाकर्मी अपने कार्यस्थल पर नहीं मिले। अब तक 243 संविदाकर्मियों को नोटिस जारी की जा चुकी है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एनबी सिंह ने बताया कि शुक्रवार को अनुपस्थित मिले कर्मचारी से एक सप्ताह के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है। जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर संबंधित संविदाकर्मियों की सेवा समाप्त करने की कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए शासन के निर्देश पर जिले से लेकर ब्लॉक स्तर तक कर्मचारियों की उपस्थिति और कामकाज की समीक्षा की जा रही है, इसमें प्रभारी चिकित्साधिकारियों के साथ स्टाफ नर्स, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, असिस्टेंट नर्स मिडवाइफ और आउटसोर्सिंग से तैनात स्वास्थ्यकर्मियों की निगरानी हो रही है।

स्वास्थ्य केंद्रों पर कर्मचारियों की मौजूदगी से मरीजों को समय पर इलाज मिलता है। कर्मचारी न मिलने पर मरीजों को जांच, दवा और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भटकना पड़ता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्पष्ट किया कि अनुपस्थित कर्मचारियों के जवाब की जांच की जाएगी। संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं देने वालों पर कार्रवाई होगी। अब देखना है कि नोटिस और सेवा समाप्ति की चेतावनी से कर्मचारियों की मनमानी पर लगाम लगती है या गैरहाजिरी का सिलसिला जारी रहता है।

भातखण्डे में पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा 27 नवंबर से

लखनऊ। भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत गायन, वादन एवं नृत्य विषयों में पीएच.डी. में प्रवेश हेतु लिखित प्रवेश परीक्षा 27 नवंबर को आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय में पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा की तिथियों की जानकारी देते हुए परीक्षा नियंत्रक डॉ. रुचि खरे ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के आयोजन की प्रक्रिया की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि पीएच.डी. प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्रवेश परीक्षा के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश, परीक्षा का समय, परीक्षा केंद्र एवं प्रवेश-पत्र से संबंधित सूचनाएँ विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएँगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा से संबंधित नवीनतम सूचनाओं के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट का नियमित अवलोकन करते रहें।

पैन कार्ड की सही फीडिंग को लेकर कर रहे जागरूक : सोनल सिंह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश प्रशासन ने अब अचल संपत्ति की खरीद और बिक्री के पंजीकरण में पैन का उल्लेख अनिवार्य कर दिया है। रजिस्ट्री के समय पैन कार्ड को कैसे सही तरह से फीड किया जाए, इसको लेकर जागरूकता फैलायी जा रही है। यह जानकारी संयुक्त निदेशक सोनल सिंह ने शुक्रवार को अशोक मार्ग स्थित आयकर विभाग के कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दी।



इस अवसर पर उप निदेशक संदीप सिंह, आयकर अधिकारी राकेश कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि करीब 46 स्पॉट वैरीफिकेशन किये गये, जिनमें 4311 प्रकरण के अनरिपोंडेड लेन-देन का पता चला। इस प्रकरण की अभी जांच चल रही है। उन्होंने बताया कि कई बार रजिस्ट्री के समय सुविधा केन्द्र के कर्मचारी भी ठीक से पैन कार्ड फीड नहीं कर पाते हैं, जिससे समस्याएं आती हैं।

स्पॉट वैरिफिकेशन के दौरान कुछ बैंकों में ग्राहक को दिये गये ब्याज की एसएफटी रिपोर्ट नहीं की गयी थी, जो कि स्पॉट वैरिफिकेशन के बाद कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य कर प्रशासन की रीढ़ कहे जाने वाले कराधान (कोष मूल दंड) की महत्ता पर प्रकाश डालना था। कार्यक्रम में वित्तीय लेन-देन की सही और समय पर जानकारी उपलब्ध कराने, कर नियमों के अनुपालन तथा कर चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने पर जोर दिया गया।

अधिकारियों ने कहा कि कर व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए वित्तीय लेन-देन की पारदर्शिता और उनकी समयबद्ध रिपोर्टिंग बेहद जरूरी है। आयकर विभाग का आसूचना एवं आपराधिक अन्वेषण प्रकोष्ठ विशेष रूप से निर्दिष्ट वित्तीय लेन-देन की रिपोर्टिंग पर निगरानी रख रहा है। इसके तहत बैंकों में नकदी जमा करने और निकालने, सावधि जमा, 10 लाख रुपये से अधिक के शेयर आवेदन, 45 लाख रुपये या उससे अधिक मूल्य की अचल संपत्ति की खरीद-बिक्री तथा दो लाख रुपये से अधिक मूल्य के माल की खरीद-बिक्री से जुड़े लेन-देन की रिपोर्टिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

समस्याओं के समाधान के लिए व्यापारी एकजुट हों



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। व्यापार मंडल की ताकत व्यापारियों की एकता और उनके विश्वास में निहित है। संगठन का विस्तार व्यापारियों की आवाज को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह बात मुंशी पुलिया परिक्षेत्र इकाई के गठन पर लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने कही। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों से व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने तथा उनके समाधान के लिए मिलकर कार्य करने की अपेक्षा की।

इकाई में मनीष वर्मा को मुंशी पुलिया परिक्षेत्र व्यापार मंडल का अध्यक्ष बनाया गया। नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए संगठन को मजबूत बनाने और व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

इसके अलावा प्रदीप अग्रवाल को वरिष्ठ महामंत्री तथा यशपाल सिंह को कोषाध्यक्ष वरिष्ठ सचिव के रूप में सुफल वर्मा, हरीश चंद्र गुप्ता, राहुल अग्रवाल, संजीव गुप्ता, शुभम श्रीवास्तव, अनिल पांडेय, अनुज सिन्हा, आनंद गुप्ता, सुभाष उप्रेती, शिवम सिंह एवं चांद नबी खान को शामिल किया गया। वहीं, विधि सलाहकार के रूप में विवेक सिंह बघेल एवं रामायण श्रीवास्तव तथा सचिव के रूप में विनय पटेल को दायित्व सौंपा गया। नवनियुक्त कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में समाजीत वर्मा, प्रवक्ता विजय पांडेय, महामंत्री देवजीत पांडेय तथा उपाध्यक्ष के रूप में संतोष त्रिपाठी, तरुण पांडेय, विपिन चौधरी, शिवशंकर यादव और जावेद अली को जिम्मेदारी दी गई। कार्यक्रम में लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा ने कहा कि व्यापारियों का स्नेह, विश्वास और सहयोग ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। व्यापारियों की एकता, सम्मान और हितों की रक्षा के लिए लखनऊ व्यापार मंडल सदैव प्रतिबद्ध है।

इंटीग्रल विवि में महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप में 19 टीमों ने लिया हिस्सा

लखनऊ। इंटीग्रल विश्वविद्यालय, लखनऊ में एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) के तत्वावधान में आयोजित नॉर्थ जोन अंतर-विश्वविद्यालय महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2026-27 के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। छह दिवसीय इस प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को कुल 19 टीमों ने अपने खेल कौशल, प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता और टीम भावना का प्रदर्शन किया। दिन के प्रमुख मुकाबलों में क्लस्टर यूनिवर्सिटी, जम्मू ने गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय को पराजित किया, जबकि शिव नादर विश्वविद्यालय ने गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार के विरुद्ध जीत दर्ज की। दोनों मुकाबलों में खिलाड़ियों ने उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा की। चैंपियनशिप में उत्तर भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों की महिला वॉलीबॉल टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य विश्वविद्यालय स्तर पर महिला खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करना तथा प्रतिस्पर्धात्मक खेलों में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। इंटीग्रल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित यह चैंपियनशिप खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रतियोगिता के आगामी दिनों में भी विभिन्न विश्वविद्यालयों की टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा जारी रखेंगी।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व कुलपति प्रो. डीपी सिंह को दी श्रद्धांजलि

लखनऊ। रक्षामंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह शुक्रवार को डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह के आवास पहुंचे। उन्होंने पुनर्वास विवि के कुलपति के पिता व लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. डीपी सिंह के निधन पर शोक जताया, परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।



इस दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी डॉ. महेंद्र सिंह, एमएलसी राम चंद्र प्रधान, भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी समेत कई अन्य गणमान्य मौजूद रहे। बता दें कि प्रो. देवेंद्र प्रताप सिंह का 17 सितंबर को डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में इलाज के दौरान निधन हो गया था। वह लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा, उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद के कुलपति रहे। इसके अलावा काशी हिंदू विश्वविद्यालय के आईआईटी विभाग में प्राध्यापक के रूप में भी उन्होंने सेवाएं दी थीं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में उन्होंने पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र संघचालक का दायित्व भी निभाया था।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रो. देवेंद्र प्रताप सिंह जैसे विद्वान और अनुभवी व्यक्तित्व का जाना शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका शैक्षणिक योगदान और समाज के प्रति समर्पण सदैव याद किया जाएगा। इस दौरान राजनाथ सिंह ने कुलपति आवास पर बने मंदिर में मां भगवती और हनुमान जी के दर्शन भी किए। शारदीय नवरात्र के अवसर पर उन्होंने पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

प्रदेश के 71 कस्तूरबा विद्यालयों की 2,672 छात्राएं बनेंगी हुनरमंद

विशेष संवाददाता (vol)

- 2 नवंबर से शुरू होगा कौशल प्रशिक्षण
- हेल्थकेयर, आईटी, ग्रीन जॉब्स, परिधान और एआई जैसे आधुनिक ट्रेड्स में पारंगत होंगी बेटियां

लखनऊ। प्रदेश के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) में अध्ययनरत छात्राओं को अब औपचारिक स्कूली शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक हुनर सीखकर आत्मनिर्भर बनने का बड़ा अवसर मिलने जा रहा है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) ने शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए 'प्रोजेक्ट प्रवीण' के अंतर्गत प्रदेश भर के 71 कस्तूरबा विद्यालयों की 2,672 छात्राओं को विभिन्न रोजगारपरक क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण देने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए सभी संबंधित जनपदों में बुनियादी तैयारियां तेजी से पूरी करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

इस अभिनव पहल के अंतर्गत छात्राओं को हेल्थकेयर, आईटी-आईटीईएस, अपैरल (परिधान), मीडिया एंड एंटरटेनमेंट और ग्रीन जॉब्स जैसे मांग आधारित आधुनिक क्षेत्रों में विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसका उद्देश्य छात्राओं को स्कूली स्तर से ही व्यावहारिक तकनीकी ज्ञान देकर उनके भीतर आत्मविश्वास जगाना तथा भविष्य में रोजगार या स्वयं का उद्यम स्थापित करने के योग्य बनाना है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार 'मिशन शक्ति' और 'कौशल विकास मिशन' के समन्वय से बेटियों को स्वावलंबी, सशक्त और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रोजेक्ट प्रवीण के माध्यम से कस्तूरबा विद्यालयों की ग्रामीण एवं वंचित वर्ग की छात्राओं को कक्षा स्तर पर ही इंडस्ट्री की मांग के अनुरूप आधुनिक ट्रेड्स, कंप्यूटर तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रयास बालिकाओं के जीवन में युगांतकारी परिवर्तन लाएगा और प्रदेश के समग्र महिला सशक्तिकरण को नई ऊंचाई प्रदान करेगा। कौशल विकास मिशन के निदेशक पुलकित खरे ने सभी संबंधित प्रशिक्षण प्रदाताओं और जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाइयों को समयबद्ध ढंग से तैयारियां पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रशिक्षण केंद्रों की स्वीकृति, छात्राओं का पंजीकरण और बैच निर्माण की प्रक्रिया अविलंब पूर्ण कर प्रत्येक दशा में 2 नवंबर तक प्रशिक्षण कक्षाएं प्रारंभ कर दी जाएं। मिशन पोर्टल पर केंद्र और बैच की मंजूरी के लिए आवेदन मिलने के बाद अधिकारियों को दो कार्यदिवस के भीतर निर्णय लेना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण की अधिकतम अवधि 300 घंटे निर्धारित की गई है। प्रशिक्षण शुरू होने के सात कार्यदिवस के भीतर छात्राओं को पाठ्य-पुस्तकें एवं शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी, जिसके वितरण की फोटोग्राफ्स मिशन पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

छात्राओं को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए प्रशिक्षण में तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और सॉफ्ट स्किल्स पर विशेष बल दिया जाएगा। संबंधित कोर्स के साथ पोर्टल पर उपलब्ध एआई कोर्स अथवा 'युवा एआई फॉर ऑल' अनिवार्य रूप से पढ़ाया जाएगा। प्रोजेक्ट प्रवीण के तहत आगरा, अलीगढ़, बरेली, बदायूं, बुलंदशहर, चंदौली, एटा, फरुर्खाबाद, फतेहपुर, गाजियाबाद, गाजीपुर, गोंडा, हरदोई, जौनपुर, झांसी, कन्नौज, लखीमपुर खीरी, ललितपुर, मैनपुरी, मथुरा, मेरठ, मिजार्पुर, मुरादाबाद, प्रयागराज, संभल, शाहजहांपुर, सीतापुर, सोनभद्र, उन्नाव और वाराणसी सहित कई जनपदों के विद्यालय चयनित किए गए हैं।

फार्मेट सी.1

(समाचार-पत्रों, टी.वी. में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)

आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता :	गुरुजी संजय कुमार मिश्र ग्राम- दनियापुर पोस्ट- सैसर कोठी, जनपद-शाहजहाँपुर
राजनैतिक दल का नाम: (निर्दलीय अभ्यर्थी यहां 'निर्दलीय' लिखें) :	निर्दलीय
निर्वाचन का नाम :	सदस्य विधान परिषद उ. प्र.
* निर्वाचन क्षेत्र का नाम :	बरेली मुरादाबाद खण्ड शिक्षक

मैं गुरुजी संजय कुमार मिश्र (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता/करती हूं :

(क) लंबित आपराधिक मामले

क्रम सं.	न्यायालय का नाम	मामले की सं. एवं तारीख	मामले (मामलों) की स्थिति	संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण
1.	विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट I लखनऊ	अज्ञात	ट्रायल	143,149,188,341 IPC
2.	,, ,,	अज्ञात	ट्रायल	143,188,341
3.	ADJ II शाह.	अज्ञात	अज्ञात	147,148,149,354(B) 353,332,342 323, 504, 506 IPC
4.	CJJ.D शाह.	अज्ञात	अज्ञात	127(2) 115(2) 352 / 351 (3) BNS

(ख) आपराधिक मामलों के लिए दोष सिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण

क्रम सं	न्यायालय का नाम एवं आदेश(शों) की तारीख(खें)	अपराध (अपराधो)और अधिरोपित दण्ड का विवरण	अधिकतम अधिरोपित दण्ड
	लागू नही	लागू नही	लागू नही



महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

ऑक्सीजन सिलेंडर लदी पिकअप डिवाइडर से टकरायी, चालक व परिचालक की मौत

● एक अन्य हादसे में केबिन काट कर चालक को बाहर निकाला

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। निगोहां थाना क्षेत्रान्तर्गत ऑक्सीजन सिलेंडर लदी पिकअप डिवाइडर से टकरा गई, हादसे में चालक समेत दो लोगों की मौत हो गयी। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, सुशान्त गोल्फ सिटी क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में चालक केबिन में फंस गया, जिसे दमकलकर्मियों ने केबिन काटकर बाहर निकाला और अस्पताल भेजा। पुलिस के अनुसार शुक्रवार शाम करीब 16:30 बजे सूचना मिली कि शेखपुरा टोल प्लाजा के पास पिकअप वाहन डिवाइडर से टकरा गया है। इस सूचना पर थानाध्यक्ष निगोहां, कस्बा चौकी प्रभारी व अन्य पुलिस बल मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचकर जानकारी हुई कि ऑक्सीजन सिलेंडर लदी पिकअप के डिवाइडर से टकराने के कारण वाहन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में पिकअप चालक



इन्द्रदेव पटेल (43) पुत्र रामदुलार निवासी देवपुर शेरवा, जौनपुर व परिचालक रमेश (46) पुत्र इन्द्रपाल निवासी कांटी, थाना करछना, जनपद प्रयागराज, दोनों गंभीर रूप से घायल थे।

पुलिस बल द्वारा स्थानीय लोगों की सहायता से दोनों व्यक्तियों को वाहन से बाहर निकलवाकर उपचार के लिए सीएचसी मोहनलालगंज भेजा, जहां चिकित्सकों द्वारा दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों के शवों का पंचायतनामा भरने के बाद पोस्टमार्टमके लिए भेज दिया गया है।

उधर, सुशान्त गोल्फ स्टिी क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में चालक व परिचालक गाय हो गए। एफएसओ पीजीआई काकहना है कि फायर स्टेशन पीजीआई के वॉचरूम को एमडीटी 0130 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि कॉलर मोबाइल नंबर 6392825802 द्वारा खुदई बाजार, सुल्तानपुर रोड, सुशांत गोल्फ सिटी में एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया है, जिसमें चालक ट्रक के अंदर फंसा हुआ है।

इस सूचना पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी पीजीआई के नेतृत्व में एक एफक्यूआरवी एवं फायर स्टेशन हजरतगंज से एक एमडीआरवी यूनिट को घटनास्थल के लिए प्रस्थान कराया गया। मौके पर पहुंचकर देखा गया कि ट्रक सड़क किनारे एक मकान में घुसा हुआ था और चालक स्टीयरिंग में फंसा हुआ था। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी पीजीआई के निर्देशन में फायर सर्विस यूनिट द्वारा विशेष उपकरणों की सहायता से चालक को केबिक काटकर निकाला गया। ज्ञात हुआ कि घायल चालक का नाम रोहित पुत्र राजकुमार निवासी गंगागंज गोसाईंगंज लखनऊ है। ट्रक कानपुर से बाराबंकी जा रहा था।

विवाहिता की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत, शव का होगा पोस्टमार्टम

● पता ने पति, सास, ससुर और ननद पर लगाया मारपीट कर हत्या का आरोप

लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के रामगढ़ी गांव में गुरुवार को विवाहिता की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता ने उसके पति, सास, ससुर और ननद पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि पिता की तहरीर पर मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



उन्नाव जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के शीतलगंज निवासी लाल बहादुर ने बंथरा पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने अपनी बेटी सपना की शादी 26 नवंबर 2020 को बंथरा के रामगढ़ी निवासी रामेश्वर के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट करता था। सपना ने 28 सितंबर 2025 को बंथरा थाने में शिकायत की थी, लेकिन कार्रवाई न होने पर वह पिता के घर चली गई थी।

मृतका के पिता के मुताबिक, घटना से दो माह पहले रामेश्वर दोबारा गांव पहुंचा और समझौता कर सपना को अपने साथ ले गया। लाल बहादुर का आरोप है कि उन्होंने अपनी जमीन 80 लाख रुपये में बेची थी, जिसमें से 15 लाख रुपये दामाद को व्यापार करने के लिए दिए थे। इसी पैसे को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। पिता ने आरोप लगाया कि इसी विवाद के चलते रामेश्वर ने अपने माता-पिता और बहन के साथ मिलकर तीन माह की गर्भवती सपना के साथ मारपीट कर उसकी हत्या कर दी।

पुलिस कर्मियों के परिजनों को मिले 38 करोड़ 05 लाख

लखनऊ। पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 ने शुक्रवार को बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ संपादित समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अंतर्गत संचालित पुलिस सैलरी पैकेज (पीएसपी) योजना के तहत आकस्मिक दुर्घटना में मृत एवं दिव्यांग पुलिस कर्मियों के आश्रितों/लाभार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस अवसर पर डीजीपी ने आकस्मिक दुर्घटना में मृत 21 पुलिस कर्मियों के परिजनों तथा 02 दिव्यांग पुलिस कर्मियों सहित कुल 23 लाभार्थियों को 38 करोड़ 05 लाख रुपए की धनराशि के चेक वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान पुलिस महानिदेशक उप्र राजीव कृष्ण ने मृत पुलिसकर्मियों के परिजनों से भेंट कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक जीएसओ के0एस0 इमैन्युअल पीएचक्यू मो. इमरान सहित बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक शैलेन्द्र कुमार सिंह व शाखा प्रबंधक शशिकान्त सिंह उपस्थित रहे।



पत्नी की हत्याभियुक्त गिरफ्तार

लखनऊ। मोहनलालगंज पुलिस ने पत्नी की हत्या करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। विदित हो कि 15 अक्टूबर को प्रभात गौतम पुत्र राधेकृष्ण निवासी ग्राम धनुवासांड थाना मोहनलालगंज ने पिता राधेकृष्ण द्वारा उसकी माता रेखा (40) को शराब के नशे में मारपीट कर रस्सी से गला कसकर हत्या कर देने के सम्बन्ध मे प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमादर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही थी। इस क्रम में पुलिस उपायुक्त दक्षिणी द्वारा गठित दो टीमों ने सीसीटीवी फुटेज, टैक्निकल एवं मैनुएल साक्ष्यों व स्थानीय सूचना तंत्र के माध्यम से अभियुक्त राधेकृष्ण को गिरफ्तार कर लिया।

आंतरिक शक्ति से ही संभव है जीवन में वास्तविक बदलाव : सिस्टर बीके शिवानी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ । आंतरिक शक्ति, सकारात्मक सोच और आत्मचिंतन ही जीवन की चुनौतियों से उबरने तथा बेहतर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने का आधार हैं। जब व्यक्ति स्वयं के भीतर बदलाव लाता है, तभी उसके विचारों, व्यवहार और जीवन में वास्तविक परिवर्तन दिखाई देता है। प्रसिद्ध आध्यात्मिक मार्गदर्शक एवं वक्ता सिस्टर बीके शिवानी ने ये विचार फिक्की फ्लो लखनऊ द्वारा आयोजित संवाद राइज अबवः ए डायलॉग ऑन इनर स्ट्रेंथ में व्यक्त किए। अपने संबोधन के दौरान सिस्टर बीके शिवानी ने मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और भावनात्मक उपचार पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने शांतिपूर्ण जीवन जीने के लिए ध्यान की व्यावहारिक तकनीकें भी साझा कीं।

फिक्की फ्लो लखनऊ की चेयरपर्सन सिमरन साहनी के नेतृत्व में गोमती नगर के विनम्र खंड स्थित लखनऊ पब्लिक कॉलेज में आयोजित इस कार्यक्रम में 600 से अधिक लोगों ने भाग लिया। महिला उद्यमियों, फ्लो सदस्यों, पेशेवरों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और शहर के नागरिकों की व्यापक उपस्थिति ने आंतरिक सशक्तिकरण और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता को रेखांकित किया। ब्रह्माकुमारीज से जुड़ीं राजयोग मेडिटेशन शिक्षिका एवं नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित सिस्टर बीके शिवानी ने दैनिक जीवन के दबावों, तनाव और भावनात्मक चुनौतियों से निपटने के व्यावहारिक उपाय साझा किए। उन्होंने आत्मचिंतन, मानसिक स्थिरता, स्पष्ट सोच और भावनात्मक संतुलन के महत्व को समझाते हुए प्रतिभागियों को अपने भीतर झांकने और परिस्थितियों के बजाय अपनी प्रतिक्रिया को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आंतरिक शांति और सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्ति को अधिक आत्मविश्वासी और निर्णय लेने में सक्षम बनाते हैं।

कार्यक्रम में अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल्स, लखनऊ के एमडी एवं सीईओ डॉ. मयंक सोमानी तथा अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप के ऑन्कोलॉजी नेटवर्क के सीईओ एवं क्लिनिकल हेड डॉ. हरित चतुर्वेदी ने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के बीच गहरे संबंध पर चर्चा की। उन्होंने संतुलित जीवनशैली, स्वास्थ्य के प्रति सजगता और समग्र स्वास्थ्य दृष्टिकोण को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर फिक्की फ्लो की नेशनल एक्सपोर्ट हेड स्वाति वर्मा और पूर्व चेयरपर्सन विभा अग्रवाल की उपस्थिति रही। समिति से सीनियर वाइस चेयर देवांशी सेठ, वाइस चेयर निवेदिता सिंह, सचिव प्रज्ञा अग्रवाल और संयुक्त कोषाध्यक्ष वसुधा जैन भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। संवाद का संचालन ज्योति दीवान ने किया।

मिशन शक्ति अभियान है. बेटियों को सशक्त बनाने की पहल

विशेष संवाददाता (vol)

● डिजिटल दुनिया में सुरक्षा का संकल्प, करियर की राह में मार्गदर्शन

लखनऊ। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन एवं सशक्तीकरण के संकल्प को साकार करने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार निरंतर प्रभावी कदम उठा रही है। 11 से 20 अक्टूबर तक संचालित मिशन शक्ति अभियान 6.0 इसी प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतिरूप है। अभियान के माध्यम से जहां महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित परिवेश उपलब्ध कराने पर बल दिया जा रहा है, वहीं उन्हें जागरूकता, शिक्षा और अवसरों से जोड़कर आत्मनिर्भर भविष्य की राह भी प्रशस्त की जा रही है। कैरियर गाइडेंस कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रदेशभर में 461 कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें 3,813 स्कूलों एवं कॉलेजों के 1,56,646 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

इसी क्रम में प्रदेश के समस्त कमिश्नरेट एवं जनपदों में साइबर सुरक्षा कार्यशालाओं तथा मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत कैरियर गाइडेंस कार्यक्रमों के आयोजन की पहल की गई है। एक ओर डिजिटल दुनिया में बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। यह पहल बच्चों को डिजिटल दुनिया की संभावनाओं से जोड़ने के साथ इसके जोखिमों को पहचानने, सतर्क रहने और किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में उचित कदम उठाने के लिए प्रेरित करने की दिशा में प्रयास है। जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचाव का पहला कदम है और सुरक्षित डिजिटल समाज की मजबूत नींव हैं।

साइबर सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेशभर के स्कूलों, कॉलेजों एवं अन्य संबंधित स्थलों पर आयोजित ऑनलाइन कार्यशाला का लाइव प्रसारण लगभग 10 लाख छात्र-छात्राओं ने देखा। किसी भी बेटी के सपनों की ऊँचाई परिस्थितियों की सीमाओं से तय नहीं होनी चाहिए।

जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के समन्वय से आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों में अधिकाधिक स्कूलों एवं कॉलेजों के छात्र-छात्राओं को आमंत्रित कर योजना के अंतर्गत उपलब्ध निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षा मार्गदर्शन एवं कोचिंग की जानकारी प्रदान की जाएगी। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) (यूपीपीएससी) अधीनस्थ सेवा चयन आयोग एवं अन्य भर्ती बोर्डों की प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ-साथ जी मेन, नीट, एनडीए, सीडीएस, बैंकिंग, एसएससी, बी-ए, टेट तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उपलब्ध मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण से विद्यार्थियों को परिचित कराया गया। कैरियर गाइडेंस कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रदेशभर में 461 कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें 3,813 स्कूलों एवं कॉलेजों के 1,56,646 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान संबंधित विभागों के 8,125 विषय-विशेषज्ञों एवं कैरियर मार्गदर्शकों ने मार्गदर्शन किया।

लूटपाट करने वाला शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, लूट की तीन घटनाओं का खुलासा

लखनऊ। रहीमाबाद व माल पुलिस की संयुक्त टीम को बिड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने लूटे गए जेवर, नकदी, मोबाइल फोन व वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर लूट के आरोपी विजय रावत को गिरफ्तार किया है। पुलिस कादावा है कि उनकी गिरफ्तारी से लूट की तीन घटनाओं का अनावरण कर लूटा गया माल बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि 14 अक्टूबर को शैलेन्द्र प्रताप पुत्र मूलचन्द्र, निवासी ग्राम महिमाखेड़ा, मजरा अहिण्डर, थाना रहीमाबाद ने थाना पर लिखित तहरीर दी कि अभियुक्त विजय रावत (26) पुत्र गुड्डू रावत विजय रावत पिता निवासी ग्राम महिमाखेड़ा, थाना रहीमाबाद ने उसकी व उसकी पत्नी को जान से मारने की धमकी देते हुए उनके बैग में रखे 5,000 नकद व सोने चांदी के आभूषण लूट लिया है। इस सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना के अनावरण व अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर साक्ष्यों के आधार पर तलाश व सुरागरसी की जा रही थी।

गैर इरादतन हत्या का आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। महिगवां पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के अभियोग में प्रकाश में आए वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि 01 अक्टूबर को सुभाष कुमार गौतम पुत्र मुन्नू लाल गौतम, निवासी बराखेमपुर, लखनऊ (मजदूरी/कृषि का कार्य) द्वारा थाना महिगवां पर लिखित प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया गया था कि विपक्षीगण मोहित यादव पुत्र अज्ञात, छोटू उर्फ पंकज यादव पुत्र अज्ञात एवं 11-12 अन्य व्यक्तियों द्वारा उनके घर आकर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उनके पिता मुन्नूलाल को लाठी-डंडों से जान से मारने की नीयत से मारा-पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना महिगवां पर मुकदमा दर्जकिया गया।

बंद मकान से नगदी व जेवर चोरी

लखनऊ। आलमबाग कोतवाली क्षेत्र के छोटा बरहा में चोरों ने बंद मकान पर धावा बोलकर ताला तोड़ हजारों की नगदी समेत कीमती जेवरात चोरी कर फरार हो गए। घटना की जानकारी पाकर लखनऊ पहुंची पीड़िता ने स्थानीय थाने में लिखित शिकायत दी। मूल रूप से फिरोजाबाद के शिकोहाबाद की रहने वाली विमलेश कुमारी पत्नी विनोद आर्या आलमबाग के छोटा बरहा में भीमनगर इटावा निवासी भाई रविन्द्र प्रताप संग रहती हैं।पीड़िता के अनुसार बीते 19 अगस्त को वह नोएडा में पढ़ रहे अपने बेटे के पास रहने चली गईं। बीते 10 सितंबर को रविन्द्र घर में ताला बंद कर इटावा चले गए। 11 अक्टूबर को लखनऊ लौटे रविन्द्र ने देखा कि घर के मुख्य दरवाजे का ताला बंद था लेकिन कमरों के ताले टूटे हुए थे।

बेता नदी में कूदी महिला: काकोरी थाना क्षेत्रान्तर्गत हरदोई रोड बेता नाला पुल टिकैतगंज पर महिला के नाले में कूदने के मामले में ग्रामीणों द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि थाना काकोरी क्षेत्रान्तर्गत बेता नाला पुल टिकैतगंज हरदोई रोड पर एक महिला नाले में कूद गई है। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बाहर निकाल लिया।

सूचना

सूचित हो कि मेरे डी.एल. नं. यू.पी. 53 20061719917 में मेरा नाम VSHUN KUMAR दर्ज है जोकि गलत है। मेरे अन्य सभी अभिलेखों में मेरा सही नाम VISHNU KUMAR दर्ज है। मेरे डी.एल. में भी मेरा सही नाम ही दर्ज किया जाये। **विष्णु कुमार पुत्र सत्यदेव प्रसाद नि.- वार्ड नं. 08 तहसील चौराहा नियर आर.पी.एम. स्कूल गोला बाजार पोस्ट- गोला तहसील- गोला, जिला गोरखपुर**

सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र उत्तम कुमार को उसका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **बबलू पुत्र राम खेलावन नि.- ग्राम लोहंजर, मजरे देवगांव, थाना देवा, तहसील नवाबगंज, जनपद बाराबंकी।**

सूचना

मैं, रितिका कपूर, पुत्री स्वर्गीय Rajiv कपूर, निवासी 145/54, वेस्ट भूसा मंडी, अमीनाबाद, पार्क, लखनऊ, की निम्नलिखित रसीदें गुम हो गई हैं: **1.** रसीद संख्या 1762627 – दिनांक 02 सितंबर 2020 **2.** रसीद संख्या 1767288 – दिनांक 05 अक्टूबर 2020 **3.** रसीद संख्या 1811120 – दिनांक 03 अगस्त 2021 **4.** रसीद संख्या 2210436 – दिनांक 05 अक्टूबर 2025 **5.** रसीद संख्या 2400658 – दिनांक 15 जुलाई 2025 उक्त रसीदें ग्राहक आईडी GOL/1327 के अंतर्गत ओमैक्स लिमिटेड द्वारा जारी की गई थीं। किसी व्यक्ति को मिलने पर कृपया ओमैक्स लिमिटेड, दुकान संख्या 105, प्रथम तल, मिनी हजरतगंज, सरसवां, अर्जुनगंज, लखनऊ में जमा करें अथवा मोबाइल नंबर 9935092305 पर संपर्क करें।

नवजात व बच्चों के इलाज सम्बंधी सुविधाओं को बने रोडमैप: हाईकोर्ट

लखनऊ। विधि संवाददाता। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सरकारी मेडिकल कॉलेजों में नवजात और बच्चों के इलाज सम्बंधी सुविधाओं सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार को व्यापक रोडमैप तैयार करने का निर्देश दिया है। हालांकि कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह रोडमैप सिर्फ नवजात शिशुओं और बच्चों के उपचार तक सीमित नहीं होगा, बल्कि सभी मरीजों के लिए आवश्यक सुविधाओं को इसमें शामिल किया जाए। इसमें नवजात एवं बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाइयों (एनएनआईसीयू और पीआईसीयू) के साथ अन्य मरीजों के लिए पर्याप्त वेंटिलेटर और विशेष वेंटिलेटर की व्यवस्था भी शामिल होगी। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने आशुतोष कुमार सिंह की ओर से दाखिल जनहित याचिका व अन्य याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए ये आदेश दिए। कोर्ट ने कहा कि प्रदेश के 45 सरकारी मेडिकल कॉलेजों में उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं के संबंध में एसजीपीजीआई और केजीएमयू जैसे विशेषज्ञ संस्थानों से सुझाव लेकर रोडमैप तैयार किया जाए।

वहीं सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि पांच जिलों इटावा, औरैया, कन्नौज, मैनपुरी और फिरोजाबाद में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में ई-सारथी डिजिटल रेफरल प्लेटफॉर्म शुरू किया गया है। इसके तहत सैफई स्थित मेडिकल कॉलेज को रेफरल अस्पताल बनाया गया है। सफल रहने और आवश्यक संशोधनों के बाद इसे अन्य जिलों में भी विस्तारित किया जाएगा। वहीं न्यायालय ने सुल्तानपुर के राजकीय स्वायत्त मेडिकल कॉलेज में जन्मे एक नवजात को कथित तौर पर समय पर वेंटिलेटर, ऑक्सीजन और विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध न हो पाने से हुई मौत के मामले में राज्य सरकार से पूछा है कि जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर बच्चे को खोने वाले परिवार को मुआवजा क्यों न दिया जाए। मामले की अगली सुनवाई 10 दिसंबर को होगी।

मॉडल श्रद्धा समेत तीन के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

● इनाम घोषित होने के बाद से लगातार सोशल मीडिया पर आरोपी दे रही है सफाई

लखनऊ। राजधानी से फरार मॉडल श्रद्धा दुबे, उसकी बहन और एक अन्य के खिलाफ पुलिस ने शुक्रवार को गैर जमानती वारंट (एनबीडब्लू) जारी कर दिया। वह कारोबारी शिवा शर्मा की मौत के बाद अपनी बहन और ड्राइवर के साथ कई दिन से फरार है। वह सोशल मीडिया पर सफाई में वीडियो शेयर कर रही है। साथ ही उसने पुलिस अधिकारियों को भी वीडियो भेजने की बात कही है। हालांकि इस मामले में पुलिस अधिकारियों ने इनकार किया है।

घटना के एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपी श्रद्धा दुबे, उसकी बहन रश्मि, ड्राइवर और सहयोगी आदिल समेत अन्य आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। मामले में तीन नामजद और दो अज्ञात आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें जुटी हैं। तीनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने छापेमारी तेज कर दी है। वहीं, श्रद्धा दुबे ने तीन वीडियो जारी कर खुद को निर्दोष बताया है। उसने दावा किया कि शिवा के फोन और अन्य जानकारियां सीधे पुलिस को भेजी हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी ने ये जानकारियां किस अधिकारी को भेजी हैं, इसकी जानकारी नहीं है।

फिलहाल जो नंबर हैं आरोपियों के वह बंद आ रहे हैं। आरोपियों की तलाश में क्राइम ब्रांच, हजरतगंज पुलिस की दो टीमों के साथ अन्य एजेंसियां भी अब जांच में लगा दी गई हैं। पुलिस आरोपी महिला को लगातार ट्रैक कर रही है, लेकिन गिरफ्तार नहीं कर पाई। श्रद्धा की तरफ से सामने आए तीन वीडियो में सभी का बैकग्राउंड भी एक ही तरह का नजर आया है, जबकि दो वीडियो में कपड़े अलग पहने हैं। अब सवाल यह कि आखिर कैसे श्रद्धा फरारी में भी कनेक्ट करते हुए अपनी बात पहुंचा रही है।

समरीन के हत्यारोपित ने खुद किया कोर्ट में सरेंडर

लखनऊ। ओमेक्स न्यू हजरतगंज स्थित होटल सेलेस्टियल मैनर की दसवीं मंजिल से गिरकर युवती समरीन (24) की मौत के मामले में पुलिस की सुस्ती और एसीपी गोसाईंगंज के नेतृत्व वाली टीम की नाकामी खुलकर सामने आ गई है।

सोमवार शाम को हुई घटना के बाद डीसीपी साउथ मो. मुश्ताक ने आरोपित की गिरफ्तारी के लिए दो पुलिस टीमों के साथ सर्विलांस टीम को लगाया था। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस चार दिन तक आरोपित तक नहीं पहुंच सकी। जबकि मामले में नामजद आरोपित अवनीश जायसवाल उर्फ देव पुत्र संतलाल जायसवाल, निवासी फिरोजपुर खुर्द, दोस्तपुर, सुल्तानपुर शुक्रवार को अधिवक्ता के साथ एसीजेएम कोर्ट पहुंचा और आत्मसमर्पण कर दिया।

उत्तर रेलवे
ई–ऑक्शन सूचना
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/पीएस0, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

एडमिन यूनिट/जोन	लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0
नीलामी सूची सं0/लॉट सं0	ATM-LKO-RBL-Gen-21-24-1 (ATM-General)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	14.10.2026
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	30.10.2026 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	30.10.2026 समय 10:30 बजे
नीलामी का प्रकार	Close Ended
वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है	E-Auction Module of www.ireps.gov.in

3620/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

NOTICE INVITING TENDER
Sealed Tenders are invited for allotment of Regimental Shops at 'Surya Sainik Suvidha Parisar' (SSSP), Atal Road, Lucknow Cantt (near Command Canteen).

Shop No	Preferred Service	Area of Shop (Sq. Feet)	Minimum Rebate (Area x Rs. 67.30) (in Rs.)
02	Jewellery & Cosmetic Shop	358.26	24,110.89
03	Multi Brand Footwear shop & School Uniforms Shop	592.97	39,906.88
04	Ladies Beauty Parlour Shop	468.51	31,530.72
06	Army Personnel Kit Store Shop	206.64	13,906.87
07	Optician and Watch Shop	187.26	12,602.59
10	Multibrand Electronic Shop	1033.62	69,562.62
12	Meat Shop	206.64	13,906.87

MRP (Minimum Reserve Price) : Rs. 67.30 persq. feet	ALLOTMENT PERIOD : 5 Years	REBATE : 6% increase in rebate per year

ELIGIBILITY CRITERIA	VISIT OF SHOPS	ALLOTMENT OF SHOPS
• War widows/ widows of defence personnel killed while on duty/ disabled soldiers/ex-servicemen and spouses/widows of ex-servicemen etc are eligible to apply for allotment of shops.	• The prospective vendors can visit the actual shops between 1000 hr to 1600 hr on all days (Except Tuesdays and Holidays) with prior information of Officer Incharge. SSSP.	• The allotment of shops at SSSP will be made to the highest bidder for lease period of 5 years with 6% yearly increase in rebate

1. Interested persons/ parties to drop their sealed tenders for the above mentioned shops by **1600 hr on 13 Nov 2026** in the tender box located at Atal Road, Lucknow Cantonment (near Command Canteen).
2. No bids will be accepted after the expiry of last date for submission of bids i.e. 1600 hr on **13 Nov 2026.**
3. Detailed terms & conditions and tender forms can be obtained from SSSP Office between 1000 hrs to 1400 hrs on all working days (Except Tuesdays and Holidays)
4. For any clarification, the interested parties may contact Junior Commission Officer Incharge, SSSP and Mobile No. 7063930645 between 1000 hr to 1400 hr.
5. All allotments are subject to terms & conditions of SSSP.

ONLY SEALED TENDERS WILL BE ACCEPTED . TENDERS WILL BE OPENED AFTER THE LAST DATE AND TIME.

46 साल पुराने हत्याकांड में दो दोषियों की सजा निरस्त



● घटना के समय नाबालिग थे आरोपित, दोषसिद्धि बरकरार,
● सजा तय करने के लिए किशोर न्याय बोर्ड को भेजा मामला

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने करीब 46 साल पुराने सामूहिक हत्याकांड में दोषी ठहराए गए दो आरोपितों की उम्र घटना के समय 18 वर्ष से कम पाए जाने पर उनकी सजा निरस्त कर दी है। हालांकि, अदालत ने दोनों की दोषसिद्धि बरकरार रखी है। न्यायमूर्ति अब्दुल मोइन और न्यायमूर्ति प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की पीठ ने किशोर न्याय बोर्ड को दोनों के मामले में उचित दंड निर्धारित करने का निर्देश दिया है। मामला 28 सितंबर 1980 को सुल्तानपुर में हुई हिंसक घटना से जुड़ा है। अभियोजन के अनुसार, पुरानी रंजिश के चलते आठ आरोपियों ने धारदार हथियारों और भालों से हमला किया था। इस घटना में शमशाद, अब्दुल रफीक, दिलशेर और हामिद उल्लाह की मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य लोग घायल हुए थे।

सत्र न्यायालय ने 14 दिसंबर 1981 को सभी आठ आरोपियों को दोषी ठहराते हुए विभिन्न धाराओं में सजा सुनाई थी। अपील के विचाराधीन रहने के दौरान अपीलार्थीगण सिराज अहमद और अब्दुल वाहिद ने दावा किया कि वारदात के समय वे नाबालिग थे। हाईकोर्ट के निर्देश पर किशोर न्याय बोर्ड ने उनकी उम्र की जांच की। बोर्ड की रिपोर्ट और शैक्षिक अभिलेखों के आधार पर अदालत ने पाया कि घटना के समय सिराज की उम्र 17 वर्ष 10 माह और अब्दुल वाहिद की उम्र 17 वर्ष 11 माह थी। अभियोजन ने आरोप साबित किए हैं और दोषसिद्धि में हस्तक्षेप का कोई आधार नहीं है।

हालांकि, घटना के समय दोनों के किशोर होने के कारण उनके मामले में सामान्य आपराधिक कानून के तहत सुनाई गई सजा बरकरार नहीं रखी जा सकती। अदालत ने कहा कि किशोर पाए गए दोषियों को बिना दंड के नहीं छोड़ा जा सकता, लेकिन उचित दंड किशोर न्याय कानून के प्रावधानों के अनुसार तय होना चाहिए। यह कहते हुए पीठ ने दोनों को 28 अक्टूबर 2026 को संबंधित किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रमाणित निर्णय के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

लविवि के दो एसोसिएट प्रोफेसरों की नियुक्ति रद्द करने का आदेश निरस्त

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने लखनऊ विश्वविद्यालय के दो एसोसिएट प्रोफेसरों की नियुक्ति रद्द करने के कुलाधिपति के आदेश को निरस्त कर दिया है। न्यायालय ने कहा कि प्रबंधन एवं बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विषय में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए निर्धारित विशेष अर्हताएं लागू होंगी। सामान्य पात्रता शर्तों के आधार पर इन विशेष प्रावधानों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने दोनों शिक्षकों के चयन को उचित ठहराते हुए उन्हें नियुक्ति से जुड़े सभी परिणामी लाभ देने का निर्देश दिया है।

न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय की खंडपीठ ने डॉ. हिमांशु मोहन और डॉ. संगीता साहू की ओर से दाखिल अलग-अलग याचिकाओं पर 12 अक्टूबर को यह फैसला सुनाया। दोनों की नियुक्ति विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय के अंतर्गत बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर हुई थी। कुलाधिपति ने 27 नवंबर 2017 को उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 की धारा







दूर्गा पूजा पंडाल में मां दुर्गा हुईं विराजमान | मां भवानी के विराजमान होने के बाद हुई पूजा-अर्चना | लाटूश रोड के दुर्गा पूजा पंडाल में मां भवानी की प्रतिमा हुई विराजमान | फोटो-अमित वर्मा

शहर के पूजा पंडालों में मां भवानी विराजमान, लगे माता के जयकारे





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाते दुर्गा पूजा पांडाल धूप व लोभान की खुशबू से महक रहे हैं। शुक्रवार ढाकियों की थाप से देर रात तक गूंजते पंडालों में महाषष्ठी के साथ ही मां का पूजन शुरू हुआ। भोर में बंगाली क्लब में श्रद्धालुओं का घंटे भर तक चला चंडी पाठ, शाम को लोबान से महकती धुनुचि पर भक्त झूमे तो ढाक की गूंज ने अपने घर आई मां का नाद किया। पांडालों में कोलकाता से आए ढाकियों की ढाक पंडालों के बाहर रोड तक गूंजी तो बांग्लाभाषी को मां पूजने शाम को उमड़े। ढाक-धुनुचि संग दुर्गा पूजा पंडालों में बंगाल सा नजारा देखने को मिला।

शहर के 100 से अधिक पांडालों में मां पंचमी पर ही विराज चुकी थीं, लेकिन शुक्रवार से महाषष्ठी के पूजन शुरू हुए। पश्चिम बंगाल से ढाक बजाने आए ढाकियों की थाप पर दुर्गा पूजा की खुमारी में देर रात तक भक्तों ने थिरक कर मां की आराधना की। मॉडल हाउस, लाटूश रोड, हीवेट रोड, गोमतीनगर, भूतनाथ, इंदिरानगर, चारबाग, आलमबाग और आशियाना कैसरबाग के तमाम दुर्गा पूजा पांडालों के आसपास का इलाका धुनुचि की लोबान की महक से गमक उठा। शाम को संध्यारति के बाद भक्तिगीत के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भक्त जुटे। इस सबके बीच भक्तों ने मां की लोबान से संध्यारति उतारी। षष्ठी को आह्वान के साथ ही सुबह से सजे-धजे दुर्गा पूजा पांडालों में मां का पूजन-अर्चन शुरू हुआ। पुरोहितों की मौजूदगी में आह्वान, अधिवास बोधन के बाद मां की आराधना हुई। शाम को पांडालों में मां को अस्त्र दिए गए।

आज होगी मां कालरात्रि की पूजा



लखनऊ। मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्त्रार चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। देवी कालात्रि को व्यापक रूप से माता देवी, काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, मृत्यि, रुद्रानी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के कई विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है। रौद्री और धुमोरना देवी कालात्री के अन्य कम प्रसिद्ध नामों में हैं। यह ध्यान रखना जरूरी है कि नाम काली और कालरात्रि का उपयोग एक दूसरे के परिपूरक है, हालांकि इन दो देवीओं को कुछ लोगों द्वारा अलग-अलग सत्ताओं के रूप में माना गया है। माना जाता है कि देवी के इस रूप में सभी राक्षस, भूत, प्रेत, पिसाच और नकारात्मक ऊर्जाओं का नाश होता है, जो उनके आगमन से पलायन करते हैं। देवी कालरात्रि का वर्णन रात्रि के नियंत्रा रूप में किया गया है।

नमो कालरात्रि नमो देवमाता...: गोमतीनगर सार्वजनिन पूजा समिति द्वारा शुक्रवार को दुर्गा पूजा महोत्सव एवं मेले का शुभारंभ हुआ। विवेक खण्ड-2 स्थित पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत संगीत भवन और लोक संस्कृति शोध संस्थान के कलाकारों की मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। गुरु निवेदिता भट्टाचार्य के निर्देशन में सौम्या गोयल, सुमन मिश्रा, अविका, मीहिका, स्मिता, अमेया, कर्णिका, अथर्व आदि ने दुर्गा स्तोत्र, भवानी दयानी की गायन प्रस्तुति दी। नेहा, वान्या, आद्रिका, कर्णिका, शीर्षा, संस्कृति, अव्युक्ता, गुनाश्री, श्रीयादीप, प्रवरा, मान्या आदि सखियों ने जय दुर्गे दुर्गतिनाशिनी पर धुनुची, गरबा, डांडिया नृत्य की सराहनीय प्रस्तुति दी। संचालन पूनम ने किया। लोक संस्कृति शोध संस्थान की सचिव सुधा द्विवेदी ने बताया कि वरिष्ठ लोकगायिका नीरा मिश्रा के निर्देशन में रत्ना शुक्ला, शक्ति श्रीवास्तव, प्रीति श्रीवास्तव, रचना गुप्ता, सुषमा प्रकाश, अपर्णा सिंह, कुमकुम मिश्रा, शशि वर्मा ने मां दुर्गा के विभिन्न रुपों पर केन्द्रित डा. योगेश प्रवीन के लिखे और प्रो. कमला श्रीवास्तव के संगीतबद्ध किये करुणामयी कृपा कर दो मां कात्यायनी, नमो कालरात्रि नमो देवमाता जैसे गीतों की प्रस्तुति दी। गोमतीनगर सार्वजनिन पूजा समिति के अध्यक्ष सुब्रत राय, महासचिव गौतम मित्रा, संयोजक विश्वजित कुमार दास ने कलाकारों को सम्मानित किया।

वैदिक मंत्रों के बीच पंडालों में घट पूजन: पूजा पंडालों में शुक्रवार को विधि-विधान के साथ दुर्गा पूजा महोत्सव की शुरूआत हुई। जयघोष के साथ पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई। इसके पूर्व सुबह वैदिक मंत्रों के बीच पंडालों में घट पूजन किया गया। षष्ठी पूजन के दौरान मंगलवार को पूजा पंडालों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। बंगाल क्लब पूजा पंडाल में चंडी पाठ भी किया गया। बारवारियों की ओर से परंपरागत रूप से षष्ठी बोधन आमंत्रण और अधिवास के बीच मां भगवती की उपासना शुरू हुई। बंगाली समाज की महिलाओं ने संतान की दीघार्यु के लिए व्रत भी रखा। कालीबाड़ी में सुबह से पूजन का सिलसिला शुरू हुआ तो देररात तक चलता रहा। भोर में मंगला आरती हुई उसके बाद पुष्पांजलि अर्पित की गई।

परंपरागत बंगाली रूप में विराजी मां: अपनी पूजा के 105वें साल पूरे कर रहा बंगाली क्लब में इस बार मां की साढ़े पांच हाथ की प्रतिमा को पारंपरिक बंगाली आसन 100 साल पुरानी लकड़ी पर विराजा गया है। क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि अपने बेटों गणेश और कार्तिक के साथ मायके आई मां के पांडाल में लाइट के काम के अलावा हर दिन शाम 6 बजे से सांस्कृतिक आयोजन होंगे। रोज ढाक वादन होगा।

दुर्गा द्वात्रिश माला के नाम से गूंजा पंडाल: लखनऊ डालीगंज स्थित श्री गणेश समिति के तत्वधान में श्री श्री दुर्गा पूजा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन श्री जय मां दुर्गा मंदिर ठठेरी बाजार में बड़ी धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है जिसमें मंगलवार शाम दुर्गा द्वात्रिंश माला का स्रोत का पाठ किया गया।

मां के दर्शन के लिए भक्त दिखे आतुर: इंदिरा नगर स्थित सेक्टर 12 पंडाल में शुद्धीकरण के बाद माता रानी के मुख मंडल से पर्दा हटाया गया। श्रद्धालु सुबह से भीड़ लगाए हुए थे। दर्शन होते ही भक्तों ने अगरबत्ती जलाकर माता से अपने दुखों को हरने की प्रार्थना किया।

भव्य पंडाल बने आकर्षण का केंद्र: राजधानी में सजे पंडाल की खूबसूरती देखते ही बन रही है। हर तरफ रंगबिरंगी रोशनी से सजे पंडाल भक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। शहर में वृंदावन योजना के दुर्गा पूजा पांडालों के अलावा, कैसरबाग के सोनकर समाज के पूजा पंडाल समिति, विद्यांत डिग्री कालेज, लाटूश रोड दुर्गा पूजा समिति, पानदरीबा दुर्गा पूजा समिति, रवीन्द्रपल्ली दुर्गा पूजा समिति, कृष्णानगर में सैसोबीर मंदिर परिसर, शशिषण बालिका विद्यालय, विक्ट्री इलेवन पूजा समिति केंट, स्लीपर ग्राउंड आलमबाग, आनंद नगर जेल रोड दुर्गा पूजा समिति, अमीनाबाद दुर्गा पूजा समिति, नवजाग्रति समिति तेलीबाग, साऊथ वेस्ट सार्वजनिन दुर्गा पूजा समिति, तालकटोरा सार्वजनिन दुर्गा पूजा समिति राजाजीपुरम, सर्वनगर चौक दुर्गा पूजा समिति, अग्रगामी पूजा समिति, कृष्णानगर सार्वजनिन दुगर पूजा समिति, मानव आदर्श सेवाग्राम दुर्गा पूजा कमेटी, सार्वजनिक दुगर पूजा समिति एल्डिको दो, गीतांजलि दुर्गा पूजा समिति, जैसे पंडालों में की खूबसूरती देखते ही बन रही है।

शारदीय नवरात्र : मां कात्यायनी की भक्तों ने की पूजा-अर्चना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





लखनऊ। नवरात्र के छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा अर्चना की गई। शुक्रवार को भोर से ही चौक के बड़ी काली जी मन्दिर, छोटी काली जी मन्दिर, बीकेटी के चन्द्रिका देवी मन्दिर समेत अन्य देवी मन्दिरों में भक्तों का तांता लगा रहा।

शास्त्रीनगर के दुर्गा मन्दिर में चल रहे नवरात्र उत्सव के छठे दिन मां का श्रृंगार खाने वाले सब्जी के मसालो से हुआ। करीब 10 किलों मसाला हल्दी, धनिया, मिर्चा, काली मिर्च, तेज पत्ता, जीरा, नमक, इलाइची, लौंग आदि के छोटे छोटे पैकट बनाकर कर मां का दरबार सजाया गया। मन्दिर के व्यवस्थापक तारा चन्द्र ने बताया कि कल फलो से श्रृंगार होगा रविवार को सब्जी से होगा। उन्होंने बताया कि मन्दिर में चढ़ने वाली सारी सामग्री नवमी के दिन मन्दिर मे भण्डारे में इस्तेमाल की जायेगी। घसियारीमंडी कैसरबाग स्थित सिद्धपीठ कालीबाड़ी मन्दिर में 20 कुंटल गेंदा, गुलाब के फूलों से सजाया गया। फूलों की खुशबू से मन्दिर परिसर महक रहा था। षष्ठी पर बंगाली परिवार की महिलाओं ने पुत्रों के सुखमय जीवन के लिए मैया के दरबार में पूजा अर्चना की। उत्सव के मौके पर परिवार के लोगों ने नये कपडे पहनकर उत्सव को हंसी खुशी से मनाया। पूजन के बाद मन्दिर में भक्तों को प्रसाद में मेवा और दालमोट बांटा गया। काली बाड़ी टेम्पल ट्रस्ट के अध्यक्ष गौतम भट्टाचार्या व वरिष्ठ सचिव डा. प्रभात कुमार मैती ने बताया कि रविवार को सप्तमी विहित पूजा प्रातः 9:27 बजे होगी। मायानगर डालीगंज में मां भगवती का जागरण का आयोजन किया गया। जगरण में पूरी रात मां का जगराता चला।

मां पूर्वी देवी एवं महाकालेश्वर महादेव मंदिर: मां पूर्वी देवी एवं महाकालेश्वर महादेव मंदिर, ठाकुरगंज लखनऊ, शारदीय नवरात्रि- 2026 कार्यक्रम की श्रृंखला में शुक्रवार को पं शिव प्रसाद शुक्ला, आचार्य राम गोपाल मिश्रा, पं पुनेठा एवम पं पंकज तिवारी, विनीत शर्मा सहित 11 आचार्यों द्वारा श्री दुर्गा सप्तशती का संपूर्ण पाठ का प्रातः 9 बजे से किया गया। माँ कात्यायनी स्वरूप' में नीले रंग के वस्त्र धारण किये हुए है और अष्ट सखियाँ राधा कृष्ण जी के संग माँ कात्यायनी की पूजन करते हुए दृश्य को अनमोल साहू द्वारा दशार्या गया है। सायं 6:30 बजे से महिला कीर्तन मंडल द्वारा मधुर भजनों से मन्दिर परिसर का वातावरण भक्तिमय कर दिया जिसमे मंजुलता शुक्ला, रुपु , रूपा कुशवाहा सहित सभी भक्तों ने भजनों से माँ को मनाया। रात्रि 8:00 बजे भक्त प्रमोद श्रीवास्तव, ललित, विजय पांडे द्वारा आरती गाकर माँ को मनाया गया। माँ को पेड़े, नारियल, फल आदि का भोग रुचि रुचि भोग लगावे मेरी पूर्वी मईया भोग गीत से भोग अर्पित किया गया। राज नारायण , महीप एवम टीम के द्वारा भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। मन्दिर भक्तों के लिए प्रातः 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा सायं 5 बजे से रात्रि 10:30 बजे तक दर्शन के लिए खुले रहे।

51 शक्तिपीठ में मां का पीताम्बर श्रृंगार हुआ: नन्दना बीकेटी स्थित इक्यावन शक्तिपीठ तीर्थ धाम में शारदीय नवरात्र उत्सव के छठवें दिन मंगलवार को मां कात्यायनी की आराधना भक्तों की। मंदिर की अध्यक्ष तृप्ति तिवारी ने बताया कि मां कात्यायनी के पिंडी पूजन का सौभाग्य मां के लाड़ले सेवादारों को प्राप्त हुआ। आज मां का पीताम्बर श्रृंगार हुआ।

ऋषि का सद्साहित्य नैतिक शिक्षा प्रदान करता है : उमानन्द शर्मा



लखनऊ। गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट (पालीटेकनिक), अयोध्या रोड, लखनऊ, उ०प्र० के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 474वाँ ऋषि वाङ्मय की स्थापना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सरस कुमार एवं श्रीमती संगीता श्रीवास्तव ने अपने दादा-दादी स्व. बाबू ललित मोहन एवं स्व. कमला देवी की स्मृति में ज्ञानदान के रुप में उपरोक्त पुस्तकालय में यह सम्पूर्ण युगऋषि वाङ्मय साहित्य भेंट किया साथ-साथ छात्र-छात्राओं को अखण्ड ज्योति (हिन्दी) पत्रिका भेंट की गयी। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ऋषि का सद्साहित्य नैतिक शिक्षा प्रदान करता है। सरस कुमार, वीके श्रीवास्तव एवं देवेन्द्र सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संस्थान के प्रधानाचार्य जैनेन्द्र वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। वाङ्मय साहित्य स्थापना के इस अवसर पर गोयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के चेयरमैन इं. महेश गोयल, सीईओ इं. समर्थ गोयल, निदेशक समन्वय एवं नियोजन डा. आलोक जैन, निदेशक संस्थान डा० ऋषि अस्थाना सहित समस्त शिक्षकगण एवं लगभग 450 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

श्रीराम जन्म संग 5 दिवसीय रामलीला का आगाज

लखनऊ। वशिष्ठ जी की सलाह पर संतान प्राप्ति के लिए राजा दशरथ तीनों रानियों कौशल्या, सुमित्रा, कैकेई के साथ कामेष्टी यज्ञ करते है। यज्ञ पूर्ण होने पर अग्निदेव प्रसन्न होकर राजा दशरथ को प्रसाद का एक पात्र देते है। राजा वह प्रसाद तीनों रानियों में बांट देते है और निश्चित समय के पश्चात्राजा को चार पुत्रों की प्राप्ति होती है, जिनके नाम राम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न रखे जाते है। सेक्टर-ए सीतापुर रोड योजना में शुक्रवार को शुरू हुए पांच दिवसीय रामलीला के 34वें मंचन का आगाज क्षेत्रीय विधायक डा. नीरज बोरा ने प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेशजी की आरती से किया। जिसके पश्चात बेटियों ने श्रीगणेशा वंदना पर समूह नृत्य की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। पहले दिन कलाकारों ने श्रीराम जन्म, ताड़का वध, धनुष यज्ञ व परशुराम लक्ष्मण संवाद का बखूबी मंचन किया। इस मौके पर पार्षद मान सिंह यादव, श्रीरामलीला समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार तिवारी, महामंत्री जितेंद्र मिश्रा, संयुक्त मंत्री शांति स्वरूप शुक्ला, निर्देशक उमाशंकर राठौर सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

लक्ष्मण रेखा लांघते ही रावण ने किया सीता का हरण





लखनऊ। शहर की ऐतिहासिक ऐशबाग रामलीला में चल रहे रामोत्सव - 2026 के मंच पर शुक्रवार का मंचन श्री राम के वनवास के दृश्य से आरंभ हुआ जिसमे वे भाई और पत्नी के साथ भारद्वाज ऋषि के आश्रम आते हैं और ऋषि उन्हे चित्रकूट जाने का सुझाव देते हैं आगे बढ़ते हुए श्रीराम अत्रि मुनि के आश्रम पहुंचते हैं जहाँ माता सीता को देवी अनुसुया द्वारा दिव्य वस्त्र और श्रृंगार सामग्री प्रदान की जाती है यहीं देवी अनुसुया द्वारा माता सीता को पतिव्रत धर्म के गुणों का ज्ञान दिया जाता है।

यहाँ से आगे बढ़ते हुए श्रीराम लक्ष्मण और सीता गोदावरी तट पर पहुंचते जहाँ वे पंचवटी का निर्माण कर वनवास के दिन व्यतीत करने लगते हैं। इसी बीच वहाँ लंका के राजा रावण की बहन सूर्पनखा का प्रवेश होता है जो श्रीराम पर मोहित हो जाती है व रूप बदल कर उन्हे प्रलोभित करने लगती है। परन्तु मयार्दा पुरुषोत्तम उससे क्षमा मांगते हुए उसे अपने एक पत्नीव्रत होने की बात कहते हैं यह सुनते ही सूर्पनखा आक्रोशित हो सीता पर हमला कर देती है जिसके उपरांत लक्ष्मणजी द्वारा उसकी नाक काट दी जाती है। अपनी कटी नाक लेकर जब सूर्पनखा अपने भाई रावण के दरबार में विलाप करती हुई पहुंचती है तो वहाँ उपस्थित सभी जन हैरान हो जाते हैं। यहाँ पहुंचकर सूर्पनखा रावण को उकसाती है जिसके बाद रावण का क्रोध फट पड़ता है और वह सीता हरण का षड़यंत्र रचने लग जाता है जिसके लिए वह अपने मामा मायावी मारीच से मदद मांगता है। मारीच सुंदर स्वर्ण मृग बनकर पंचवटी के पास जाता है और अपने सौंदर्य से सीता को लुभाने लगता है और वे श्रीराम से इसे पाने की ईच्छा जाग्रत करती हैं राम मायावी मृग के पीछे जंगलों में चले जाते हैं और उन्हे आने में विलंब होता देख सीता लक्ष्मण को उन्हे खोजने हेतु विवश करती हैं यहाँ लक्ष्मण कुटी के बाहर एक सुरक्षा रेखा खींचते हैं और सीता से उसे पार न करने की विनती कर बड़े भाई की खोज में निकल जाते हैं। मौका देख साधु वेष में रावण वहाँ सीता से भीक्षा मांगने आ जाता है। यहाँ लक्ष्मणरेखा देख वह सीता को उसके पार आने में विवश कर उनका हरण कर ले जाता है। जब रावण पुष्पक विमान से सीता को लंका की ओर ले जाता है तो जटायु उसे रोकने का प्रयास करते हैं पर रावण उन्हे अपने प्रहारों से घायल कर नीचे गिरा देता है और सीता को ले जाता है। पंचवटी में सीता को न पाकर श्रीराम व्याकुल हो उठते हैं और उनकी खोज आरंभ कर देते हैं वन-वन भटकते राम की भेंट इसी बीच घायल जटायु से होती है जो राजा दशरथ के मित्र भी हैं वे सीता हरण का वृतांत राम को बताकर परलोक गामी हो जाते हैं भगवान श्रीराम उनकी अंत्येष्टि कर आगे बढ़ते है। अगले ही दृश्य मे लंका पहुंच कर रावण अशोक बाटिका में राक्षसियों के पहरे में माता सीता को बंधक बनाकर बिठा देता है और सीता को अपनी बातों से डराने धमकाने का प्रयास करने लग जाता है इसी बीच अशोक वाटिका में पहुंची महारानी मंदोदरी का माता सीता के साथ भावनात्मक संवाद दृश्य के साथ लीला के मंचन का समापन किया जाता है। इसके उपरांत प्रतिदिन की भांति श्रीराम दरबार के विग्रह का आरती पूजन व प्रसाद वितरण किया गया। रामलीला के मंचन से पूर्व सांस्कृतिक मंच का आरंभ घुंघरू नृत्य संगम डांस एकेडमी के कलाकारों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां से किया गया, इसके बाद की प्रस्तुतियां प्रिया चंद्र के निर्देशन में दी गई जिसे कलाकारों ने अपनी प्रतिभा से बखूबी सजाया।

राम वन गमन और केवट प्रसंग के सजीव मंचन से भावुक हुए दर्शक

लखनऊ। श्री रामलीला समिति महानगर में चल रही रामलीला के तीसरे दिन शुक्रवार को रामायण के सबसे मर्मस्पर्शी और भावनात्मक प्रसंगों का मंचन किया गया। दशरथ -कैकई संवाद, राम-सीता संवाद, राम-लक्ष्मण संवाद, राम वन गमन, केवट प्रसंग, सुमंत विलाप और दशरथ देहावसान के सजीव दृश्यों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया और पूरी रामलीला का वातावरण भक्तिमय हो गया। मंथरा के कहने पर कैकई कोप भवन में चली जाती है और वहां पर कैकई ने जब राजा दशरथ को पूर्व के दो वरदानों की याद दिलाते हुए राजा दशरथ से राम के वन भेजने की बात करती है तब दशरथ जी व्याकुल हो जाते हैं और कहते हैं अरी तू क्यों मारे है पापिन, मोहे राम हृदय से हैं प्यारे।। केकई द्वारा अपने वरदान मांगने के बाद लक्ष्मण जी ने भी भैया राम के साथ वन जाने की जिद की और प्रभु की सेवा में लीन होने का प्रण लिया। प्रभु पद देखि बचन मृदु बोले। अति सनेह बस बिकल बहोले॥ नाथ साथ हमहूँ चलु ताता। सेवक धर्मु करब सब भांता॥ बाद में केवट प्रसंग में जब प्रभु श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण जी गंगा पार जाने के लिए निषादराज के मित्र केवट के पास पहुँचे, तो केवट ने प्रभु के चरणों को पखारने की जिद की। केवट का श्रीराम के प्रति अगाध प्रेम और शरणागत भाव देखकर दर्शक भाव-विभोर हो गए। पद कमल धोइ चढ़ाइ नाव न नाथ उतराई चहूँ। मोहि राम राउरि आन दासनि दास बिसवास महूँ॥ इस मौके पर पर्वतीय महापरिषद के अध्यक्ष गणेश चन्द्र जोशी, के. के. पांडे कन्हैया, गिरीश जोशी, जी .सी. सनवाल, आनंद सिंह, तारा दत्त जोशी मौजूद रहे।

गोमती नगर जैन मंदिर में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का भव्य शुभारंभ



आचार्य श्री सुबल सागर जी महाराज ने बताया सिद्धचक्र विधान का महत्व, आत्मशुद्धि और मोक्ष मार्ग की प्राप्ति का है माध्यम

लखनऊ। गोमती नगर स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में आज शुक्रवार से परम पूज्य सिद्धचक्र आराधक आचार्य श्री 108 सुबल सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का भव्य शुभारंभ हुआ। यह धार्मिक आयोजन 21 अक्टूबर 2026 तक पंडित अरविंद शास्त्री (दिल्ली) के निर्देशन एवं पंडित पीयूष (लखनऊ) के सहयोग से संगीतमय भक्ति और श्रद्धा के साथ आयोजित किया जा रहा है। विधान के प्रथम दिन भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, महिलाओं द्वारा घटयात्रा तथा सिद्धचक्र पूजन संपन्न हुआ। शाम को सिद्धचक्र विधान की भव्य आरती की गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ भाग लिया। इस अवसर पर अपने प्रवचन में आचार्य सुबल सागर जी महाराज ने सिद्धचक्र महामंडल विधान का महत्व बताते हुए कहा कि यह सिद्ध परमात्माओं की आराधना और अपनी आत्मा के कल्याण का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके माध्यम से आत्मशुद्धि, कर्मों की निर्जरा तथा सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चरित्र की भावना को दृढ़ करने की प्रेरणा मिलती है। साधक भगवान के गुणों का स्मरण कर आत्मकल्याण और मोक्षमार्ग पर आगे बढ़ने का संकल्प लेता है। आचार्य श्री ने कहा कि इस विधान का मूल उद्देश्य केवल सांसारिक सुखों की प्राप्ति नहीं, बल्कि आत्मा को राग-द्वेष से मुक्त करना और उसके शुद्ध स्वरूप को समझना है। हम सभी को जिनेंद्र भगवान द्वारा बताए गए अहिंसा, अपरिग्रह, वीतरागता और आत्मसंयम के मार्ग पर चलने का प्रयास करना चाहिए। विधान में श्रीपाल एवं मैनासुंदरी के रूप में विनय कपूर एवं अर्चना जैन, सौधर्म इंद्र के रूप में अमित एवं दीपिका जैन, महायज्ञ नायक के रूप में संजीव एवं रीना जैन, कुबेर के रूप में मयंक एवं कनिका जैन, ईशान इंद्र के रूप में आलोक एवं अनीता जैन, सनत इंद्र के रूप में नितिन एवं आकांक्षा कांडया तथा महेंद्र इंद्र के रूप में जयकुमार एवं अंजलि जैन ने भूमिका निभाई। मुख्य कलश की स्थापना भोपाल से पधारे श्री अरविंद एवं मनीषा जैन ने की। झंडारोहण श्रीमती अनीता, राजीव एवं संदीप जैन परिवार द्वारा किया गया। मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ जैन ने बताया कि अवसर पर गोमती नगर जैन मंदिर के अध्यक्ष प्रदीप जैन, मंत्री आलोक जैन सहित संदीप, रचित, मोनू, सोनू, दीपक एवं अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

संक्षेप

तीन दुकानों से लाखों की चोरी

जौनपुर। खुटहन थाना क्षेत्र के गभिरन बाजार में आधी रात चोरों ने आराम से चोरी कियां । चोरों ने देसी शराब के ठेके समेत तीन दुकानों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये नकदी रुपए पार कर दिया है। एक ही रात में तीन दुकानों में चोरी की घटना से बाजार के व्यापारियों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, चोरों ने सबसे पहले देसी शराब के ठेके को निशाना बनाया। ठेका संचालक कतवारू पाल के यहां से 96 हजार रुपये चोरी होने की बात सामने आई है। इसके बाद चोरों ने मोनू किराना मर्चेंट की दुकान से 93 हजार रुपये और कपड़ा व्यवसायी विशाल मौर्य की दुकान से 65 हजार रुपये पर हाथ साफ कर दिया। तीनों दुकानों से कुल 2 लाख 54 हजार रुपये की नकदी चोरी होने की जानकारी मिली है। आधी रात हुई इस वारदात ने बाजार की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक साथ तीन दुकानों में चोरी की घटना से कारोबारी सहमे हुए हैं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी।

मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में मोबाइल फोन ले जाने पर प्रतिबंध

साजिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चर्चित गौड़ ने अवगत कराया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निदेर्शानुसार वाराणसी खंड स्नातक/शिक्षक निर्वाचन-2026 के अंतर्गत मतदान दिनांक 23 अक्टूबर 2026 को निर्धारित है। स्वतंत्र, भयमुक्त एवं निष्पक्ष निर्वाचन संपन्न कराने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निदेर्शों के क्रम में मतदान केंद्रों पर मोबाइल फोन ले जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इस प्रतिबंध से केवल निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी एवं कर्मचारी ही मुक्त रहेंगे। मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार पर मतदाताओं के मोबाइल फोन जमा करने के लिए 10 डिब्बों वाला छोटा पिजन होल बॉक्स अथवा छोटी जेबों वाला जूट का थैला रखा जाएगा। यह व्यवस्था केवल मतदान करने आने वाले मतदाताओं के लिए होगी, मतदान एजेंटों अथवा अन्य व्यक्तियों के लिए नहीं। मतदान केंद्र के अंदर किसी भी मतदाता को मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी मतदान केंद्र के बाहर मोबाइल फोन जमा कराने एवं वापस करने की व्यवस्था के लिए जिम्मेदार स्वयंसेवकों को बीएलओ द्वारा पूर्व हस्ताक्षरित, 22 आकार के 10 पूर्व-क्रमांकित कागज अथवा कार्डबोर्ड टोकन उपलब्ध कराए जाएंगे। मतदाता मतदान केंद्र में प्रवेश करने से पहले अपना मोबाइल फोन जमा कर टोकन प्राप्त करेंगे तथा मतदान के बाद बाहर निकलते समय टोकन वापस देकर अपना मोबाइल फोन प्राप्त करेंगे। यदि कोई मतदाता अपना मोबाइल फोन वापस लेना भूल जाता है, तो मतदान समाप्ति के बाद संबंधित स्वयंसेवक मोबाइल फोन बीएलओ को सौंप देंगे। बीएलओ टोकन दिखाने पर संबंधित मतदाता को उसका मोबाइल फोन वापस करेंगे।

सर्राफा दुकानों में चोरी के 5 आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार



आजमगढ़। जिले में ज्वेलरी दुकानों में चोरी की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए पुलिस ने शुक्रवार को दो अलग-अलग मुठभेड़ों में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, इनमें तीन आरोपी गोली लगने से घायल हुए हैं, जबकि दो को मौके से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से करीब 9.3 किलोग्राम चांदी के आभूषण बरामद किए गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 20 लाख रुपये बताई गई है। इसके अलावा दो अवैध तमंचे, कारतूस, चोरी में इस्तेमाल की गई बिना नंबर प्लेट की सफेद अर्टिगा गाड़ी और ताला-शटर तोड़ने के उपकरण भी बरामद हुए हैं। पुलिस की यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान की गई। दोनों घटनाओं के संबंध में थाना निजामाबाद और थाना तरवां में पहले से मुकदमे दर्ज थे।

पुलिस के मुताबिक, 24/25 सितंबर 2026 की रात निजामाबाद थाना क्षेत्र के फरिहा चौक स्थित ओम ज्वेलर्स का शटर तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण और 60 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए गए थे। इस मामले में निजामाबाद थाने में मुकदमा संख्या 240/2026 के तहत बीएनएस की धारा 305(ए) और 331(4) में अभियोग दर्ज किया गया था। इसी तरह 9 अक्टूबर 2026 को तरवां थाना क्षेत्र के खरिहानी बाजार स्थित वैभव ज्वेलर्स का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण चोरी किए गए थे। इस मामले में तरवां थाने में मुकदमा संख्या 205/2026 के तहत बीएनएस की धारा 304 और 331(4) में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस टीमें दोनों घटनाओं के खुलासे के लिए प्रयासरत थीं। पुलिस की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 16 अक्टूबर की सुबह करीब 3रू10 बजे तरवां थाना क्षेत्र के कम्हरिया-कुर्थियां के पास पुलिस टीम की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने टीम पर फायरिंग की, जिसके बाद आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में रामसागर बांसफोर घायल हो गया। इस दौरान निन्ही को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने बिना नंबर प्लेट की सफेद अर्टिगा का पीछा किया। गाड़ी बड़ागांव नहर की पुलिया के पास झाड़ियों में फंस गई। पुलिस के अनुसार, गाड़ी से उतरे आरोपियों ने पुलिस टीम पर गोली चलाई। जवाबी कार्रवाई में सुनील और रमाशंकर घायल हो गए, जबकि अनिल को गिरफ्तार कर लिया गया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। घटनास्थल पर फील्ड यूनिट ने साक्ष्य भी जुटाए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुनील पुत्र छोटक, रामसागर बांसफोर पुत्र बेचन बांसफोर, रमाशंकर पुत्र कुबेर बेसल, अनिल पुत्र छोटक और निन्ही पुत्र कन्हैया के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, सुनील और अनिल मिजार्पुर जिले के निवासी हैं, रामसागर और रमाशंकर मध्य प्रदेश के सिंगरौली क्षेत्र से संबंधित हैं, जबकि निन्ही आजमगढ़ के निजामाबाद थाना क्षेत्र का निवासी है। बरामदगी में फरिहा स्थित ओम ज्वेलर्स से संबंधित करीब 6.76 किलोग्राम और खरिहानी स्थित वैभव ज्वेलर्स से संबंधित लगभग 2.54 किलोग्राम चांदी के आभूषण शामिल हैं। इसके अलावा .315 बोर के दो देशी तमंचे, दो खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस, दो मिस कारतूस, दो लोहे के रम्मे, एक प्लास, एक पेचकश और एक सुम्भी बरामद की गई है। पुलिस के मुताबिक, प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने समूह बनाकर ज्वेलरी दुकानों की रेकी करने और रात में शटर व ताले तोड़कर चोरी करने की बात बताई है। आरोपियों ने कथित तौर पर फरिहा की दुकान से चोरी किए गए कुछ आभूषण बेचकर अर्टिगा गाड़ी खरीदने और शेष आभूषणों को बेचने के लिए ले जाने की जानकारी दी है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ चोरी, नकबजनी, गृहभेदन, मादक पदार्थ, आयुध अधिनियम और गिरोहबंद गतिविधियों समेत विभिन्न अपराधों में आजमगढ़, मिजार्पुर, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों और चोरी की दूसरी घटनाओं के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है। दोनों मामलों में बरामदगी और आरोपियों की कथित संलिप्तता के संबंध में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीमों में तरवां के थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह, निजामाबाद के थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह तथा अन्य उपनिरीक्षक और पुलिसकर्मी शामिल रहे।

दस नामजद समेत 60 से 70 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

आजमगढ़। जनपद के मुबारकपुर थाना क्षेत्र के गुजरपार बाजार में सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत के बाद शव रखकर मुख्य मार्ग जाम करने के मामले में पुलिस ने 10 नामजद समेत 60 से 70 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि प्रदर्शनकारियों ने मुबारकपुर-जीयनपुर मुख्य मार्ग पर आवागमन बाधित किया, पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की और गाली-गलौज की तथा ईंट-पत्थर चलाए। इस दौरान एंबुलेंस, रोडवेज बसों समेत कई वाहनों के फंसने से राहगीरों और यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस की तहरीर के मुताबिक, 13 अक्टूबर 2026 को गुजरपार बाजार में उपनिरीक्षक नौशाद अहमद पुलिसकर्मियों के साथ शांति व्यवस्था ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान एक अज्ञात चारपहिया वाहन के चालक पर तेज और लापरवाही से वाहन चलाते हुए गुजरपार निवासी विपिन कुमार के माता-पिता को टक्कर मारने का आरोप है। हादसे में उनकी मां सुमन देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि पिता मुन्नीलाल की मौत हो गई। इस मामले में मुबारकपुर थाने में मुकदमा संख्या 364/26 के तहत बीएनएस की धारा 281, 125ए, 125बी और 106(1) में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया था। तहरीर के अनुसार, परिजन, रिश्तेदार और ग्रामीण शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए जा रहे थे। इसी दौरान गुजरपार बाजार चैराहे पर शव रखकर मुबारकपुर-जीयनपुर मार्ग पर जाम लगा दिया गया। पुलिसकर्मियों ने लोगों को समझाकर जाम खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन आरोप है कि कुछ लोगों ने धक्का-मुक्की और गाली-गलौज शुरू कर दी तथा ईंट-पत्थर चलाते हुए सड़क पर आवागमन पूरी तरह बाधित कर दिया। पुलिस का आरोप है कि जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। एंबुलेंस और सरकारी रोडवेज बसें भी फंस गईं। तहरीर में गंभीर मरीजों को लेकर जा रही एंबुलेंस रोकने और उन पर हमला करने का भी आरोप लगाया गया है। इससे मरीजों और उनके तीमारदारों को परेशानी हुई। जाम हटवाने के दौरान पुलिसकर्मियों की वर्दी और नेम प्लेट को भी नुकसान पहुंचने की बात कही गई है। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक मुबारकपुर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। बाद में अन्य थानों से पुलिस बल पहुंचने के बाद जाम हटवाया गया और आवागमन बहाल हो सका। इस मामले में हरिकेश पुत्र निहोर, प्रकाश पुत्र बेचन, गोविन्द पुत्र स्वर्गीय सोहित, विजय पुत्र शंकर, सुनील राम पुत्र बालचन्द, अनिल राम पुत्र बालचन्द, इन्द्रदेव राम पुत्र निर्मल, रामचन्दर पुत्र बेचन, नागेन्द्र यादव पुत्र स्वर्गीय रामबदन यादव और सूबेदार पुत्र लालधर, सभी निवासी गुजरपार, थाना मुबारकपुर, को नामजद किया गया है। इनके अलावा 60 से 70 अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। पुलिस तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले में पुलिस की ओर से आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पत्रकारिता जगत के पुरोधा थे चंद्रेश मिश्र



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर । पत्रकार पं. चंद्रेश मिश्र की 5वीं पुण्यतिथि साथ कुटीर संस्थान में मनाई गई। कार्यक्रम दो सत्र में आयोजित हुआ।

प्रथम सत्र में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचन पं. प्रकाश चंद्र पाण्डेय विद्यार्थी ने भरत के संस्कार को रेखांकित करते हुए बताया कि कथा हम सभी को यह सिखाती है कि हम अपने बच्चों को शिक्षा, धर्म तथा संस्कारवान बनाए इस अवसर पर प्रो मनोज मिश्र जनसंचार विभागाध्यक्ष पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर ने अपनी स्वरचित कविता को पढ़कर पंडित चंद्रेश मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित किया। संचालन प्रो रमेश मणि त्रिपाठी पूर्व प्राचार्य ने किया। द्वितीय सत्र में विमर्श गोष्ठी आयोजित हुआ गोष्ठी का विषय पत्रकारिता एवं पं. चंद्रेश मिश्र का मानक संदर्भ सूचना क्रान्ति युग में ग्रामीण युवाओं के समक्ष संभावनाएं एवं चुनौतियां में कार्यक्रम के मुख अतिथि प्रो0 राम मोहन पाठक पूर्व कुलपति दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा चेन्नई ने कहां चंद्रेश मिश्र ग्रामीण अंचल में पत्रकारिता जगत के पुरोधा थे। उनका समग्र जीवन पत्रकारिता जगत के लिए अनुकरणीय रहा। विशिष्ट अतिथि शशिधर पाठक ने स्वतंत्रता चंद्रेश मिश्र के जीवन के बारे बताते हुए कहा कि अपनी लौकिक प्रखरता से इस भूमि को वनस्थली से तपोस्थली में बदलकर ग्रामीण अंचल में शिक्षा की ज्योति जलाई ।सभाजीत त्रिवेदी प्रखर ने पत्रकार पंडित चंद्रेश मिश्र के जीवन आदर्श की चर्चा कर अपनी कविता के माध्यम से श्रद्धांजलि व्यक्त किया। अरुण कुमार सिंह पप्पू, राजीव कुमार सिंह सेवायोजन अधिकारी, अजय कुमार शुक्ला पत्रकार, दिनेश चौधरी पूर्व विधायक, राजीव सिंह प्रबंधक, प्रो सुरेश पाठक प्राचार्य, नवनीत मिश्र पत्रकार, ने पंडित चंद्रेश मिश्र के जीवन एवं पत्रकारिता पर अपना विचार व्यक्त किया। अध्यक्षता एड. रामकृष्ण त्रिपाठी ने किया। आभार ज्ञापन प्राचार्य प्रोफेसर राघवेंद्र कुमार पांडे ने किया। प्रबंधक डॉ अजेंद्र कुमार दुबे एवं आलोक मिश्र ने कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों को माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

खादी व ग्रामोद्योग लघु प्रदर्शनी का विधायक ने किया उद्घाटन

जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। नवरात्रि के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा विंध्याचल धाम, मिजार्पुर स्थित बस स्टैंड परिसर में 16 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2026 तक खादी एवं ग्रामोद्योग लघु प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

आज प्रदर्शनी का शुभारंभ माननीय विधायक सदर रत्नाकर मिश्रा द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड से वित्तपोषित इकाइयों एवं उद्यमियों द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार के स्वदेशी उत्पादों की बिक्री की जा रही है। इसमें नेचुरल इंडिया के उत्पाद, साबुन, अगरबत्ती, बॉस से बने विभिन्न प्रकार के उत्पाद, अचार, मुरब्बा, खादी के शर्ट, खादी वस्त्रों से बने विभिन्न डिजाइन के परिधान एवं अन्य आकर्षक उत्पाद शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कंबल कारखाने में निर्मित कंबलों की भी बिक्री की जा रही है। प्रदर्शनी में खादी एवं ग्रामोद्योग के विभिन्न उत्पादों पर विशेष छूट प्रदान की जा रही है, जिससे श्रद्धालु एवं आमजन गुणवत्तापूर्ण स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी कर सकते हैं। उद्घाटन अवसर पर विधायक रत्नाकर मिश्रा ने खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों को बढ़ावा देने तथा स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि खादी एवं ग्रामोद्योग को प्रोत्साहित करने से स्थानीय कारीगरों, शिल्पकारों एवं उद्यमियों को रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अमितेश कुमार सिंह बताया कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना, उद्यमियों की बिक्री बढ़ाना तथा आमजन को स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में श्री महेश कुमार, श्पवन कुमार, दीपचंद, बृजेश, प्रतिभा, मंजू सहित विभागीय कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। नवरात्रि के अवसर पर विंध्याचल धाम आने वाले श्रद्धालु बस स्टैंड परिसर में आयोजित इस प्रदर्शनी में पहुंचकर स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी करें और 'स्वदेशी अपनाएं, लोकल फॉर वोकल' अभियान को मजबूती प्रदान करें।

गायब व्यक्ति की लाश नदी में मिली

जौनपुर। मड़ियाहूं थाना क्षेत्र के गोपालापुर दुबान गांव में स्थित नदी में दो दिनों पहले घर से मछली खरीदने निकले व्यक्ति की लाश मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक की पहचान श्यामजीत के रूप में हुई है ।बताते है। कि बुधवार की शाम को अपने घर से मछली खरीदने की बात कहकर निकला हुआ था। देर रात हो जाने पर जब वह घर वापस नहीं लौटकर आया तो परिजनों को उसकी चिंता होने लगी। परिजनों ने उसे रिश्तेदारों समेत कई स्थानों पर काफी तलाश किया लेकिन उसका पता नहीं चल सका। शुक्रवार की सुबह गोपालापुर दुबान गांव में स्थित बसुही नदी में देखी गई। लाश देखकर ग्रामिणों की अच्छी खासी भीड़ एकत्रित हो गई। किसी तरह घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो पूरा परिवार रोते बिलखते वहां पहुंच गया। परिजन आशंका जता रहें हैं कि उसकी हत्या कर लाश को ठिकाने लगाने की नियत से नदी में फेंक दी गई। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी रेखा देवी और एक दस साल की बेटी है। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

राम जन्म होते ही जय श्रीराम के गूंजे जयकारे

जौनपुर। हुसेनाबाद में आयोजित रामलीला में गुरुवार की रात भक्ति, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। रामलीला समिति हुसेनाबाद के तत्वावधान में नारद मोह, भगवान श्रीराम के जन्म और ताड़का वध की लीला का सजीव मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने शानदार अभिनय, भावपूर्ण संवादों और आकर्षक प्रस्तुतियों से दर्शकों को रामायण के प्रसंगों से रूबरू कराया। भगवान श्रीराम के जन्म का दृश्य आते ही पूरा रामलीला परिसर जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ भगवान के जन्मोत्सव का स्वागत किया और वातावरण भक्तिमय हो गया। रामलीला की शुरूआत नारद मोह प्रसंग से हुई। कलाकारों ने देवर्षि नारद के तप, उनके मन में उत्पन्न मोह और भगवान विष्णु की लीला को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस प्रसंग के माध्यम से कलाकारों ने संदेश दिया कि मनुष्य को अहंकार और मोह से दूर रहकर विनम्रता तथा विवेक के मार्ग पर चलना चाहिए। मंच पर कलाकारों की भाव-भंगिमाओं और संवाद अदायगी ने दर्शकों को बांधे रखा। इसके बाद भगवान श्रीराम के जन्म की लीला का मंचन हुआ। अयोध्या में भगवान श्रीराम के जन्म का दृश्य प्रस्तुत होते ही श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। पूरा परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजने लगा। दर्शकों ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। राम जन्मोत्सव के दौरान वातावरण में उत्सव और उल्लास की छटा देखने को मिली। श्रद्धालुओं के चेहरों पर प्रसन्नता और मन में भक्ति का भाव स्पष्ट नजर आया। इसके पश्चात ताड़का वध की लीला का मंचन किया गया। भगवान श्रीराम और लक्ष्मण के वन गमन, ऋषि-मुनियों की रक्षा के संकल्प तथा राक्षसी ताड़का के वध के प्रसंग को कलाकारों ने जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। इस दृश्य ने दर्शकों में विशेष उत्साह भर दिया। लीला के माध्यम से बुराई पर अच्छाई की विजय और धर्म की रक्षा का संदेश दिया गया।



झांसा देकर दुष्कर्म, युवक गिरफ्तार

जौनपुर। सिकरारा थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप से जुड़े मुकदमे में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मधईपुर गांव निवासी प्रकाश बिन्द पुत्र धर्मपाल के रूप में हुई है। थाना सिकरारा पुलिस के मुताबिक, 15 अक्टूबर को उपनिरीक्षक दिनेश कुमार ने पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को उसके घर ग्राम मधईपुर से गिरफ्तार किया। इस मामले में थाना सिकरारा में धारा 69 बीएनएस के तहत दर्ज है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

विधिक सहायता व सेवा शिविर आयोजित

मीरजापुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निदेर्शों के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, अनुपम कुमार के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मिजार्पुर द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बृहद मेगा कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस मेगा कैम्प का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना, पात्र व्यक्तियों की पहचान करना तथा उन्हें संबंधित विभागों के माध्यम से योजनाओं से आच्छादित कराना है। कैम्प के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ आवश्यक दस्तावेजों, पंजीकरण, ई-केवाईसी एवं आवेदन संबंधी प्रक्रियाओं में सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का प्रयास है कि कोई भी पात्र व्यक्ति जानकारी के अभाव, दस्तावेजों की कमी अथवा प्रक्रियागत कठिनाइयों के कारण सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समन्वय से पात्र लाभार्थियों को चिह्नित कर उन्हें योजनाओं से जोड़ने की कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आमजन को उनके विधिक अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी भी प्रदान की जाएगी, ताकि जरूरतमंद व्यक्ति अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर शासन की योजनाओं का समुचित लाभ प्राप्त कर सकें। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आनन्द कुमार की अपील है कि आमजन मेगा कैम्प में पहुंचकर संबंधित योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें तथा पात्रता के अनुसार योजनाओं का लाभ उठाएं।

रंगदारी के आरोप में चार के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा

आजमगढ़। जनपद के जीयनपुर थाना क्षेत्र में माफिया ध्रुव सिंह उर्फ कुंटू सिंह के नाम पर संगठित अपराध और रंगदारी वसूली करने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों के विरुद्ध गैंग चार्ट तैयार कर जिलाधिकारी की मंजूरी के लिए भेजा गया था, जिसे 21 अगस्त 2026 को अनुमोदित किया गया। इसके बाद 16 अक्टूबर 2026 को जीयनपुर थाने में उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 की धारा 2(ख)(प) और 3(1) के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस की तहरीर के अनुसार, गैंग का कथित सरगना अब्दुल हई पुत्र इलियास निवासी अतरकच्छा बरडीहा है। उसके साथ सरफराज उर्फ अशहद पुत्र अब्दुल हई, फैसल खान पुत्र अनवर और सोएब पुत्र अनवर को गिरोह का सदस्य बताया गया है। पुलिस का आरोप है कि यह गिरोह आर्थिक, भौतिक और दुनियावी लाभ के लिए संगठित अपराधों में संलिप्त रहा है तथा ध्रुव सिंह उर्फ कुंटू सिंह के लिए अवैध धन की वसूली करता था। पुलिस के मुताबिक, इस मामले की शुरूआत अक्टूबर 2024 में कारोबारी अब्दुल रहमान पुत्र रुस्तम खान की ओर से दी गई शिकायत से हुई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि चारों आरोपियों ने उनसे तीन लाख रुपये की मांग की और रकम नहीं देने पर हत्या कराने की धमकी दी। शिकायतकर्ता के अनुसार, भय के कारण उन्होंने 6 अक्टूबर 2024 को गांव में अलीसरवर की चक्की के पास सरफराज उर्फ अशहद को एक लाख रुपये दिए। इसके बाद 18 अक्टूबर 2024 को अतरकच्छा से बरडीहा जाने वाले मार्ग पर कब्रिस्तान के सामने शेष दो लाख रुपये अब्दुल हई, फैसल खान और सोएब को देने का आरोप लगाया गया। शिकायत में यह भी कहा गया कि इसके बाद आरोपियों ने और रुपये की मांग की तथा ध्रुव सिंह उर्फ कुंटू सिंह के मुकदमे के लिए धन की जरूरत होने की बात कही। पुलिस के अनुसार, शिकायत के आधार पर जीयनपुर थाने में मु0अ0सं0 480/2024 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 308(5) में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के बाद चारों आरोपियों के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य मिलने का दावा करते हुए 15 जुलाई 2025 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। यह मामला मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, न्यायालय संख्या-12, आजमगढ़ में विचाराधीन बताया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की कथित आपराधिक गतिविधियों और गिरोह की सक्रियता को देखते हुए 12 फरवरी 2026 को गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई के लिए गैंग चार्ट तैयार कर भेजा गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी की संयुक्त प्रक्रिया के बाद 21 अगस्त 2026 को इसे मंजूरी मिली। इसके आधार पर 16 अक्टूबर को गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

दो माह से बूंद-बूंद को तरस रहे ग्रामीण

मड़िहान, मीरजापुर। सरकार हर घर जल पहुंचाने का दावा कर रही है, लेकिन मड़िहान तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत गढ़वा की यादव बस्ती में हकीकत कुछ और ही है। यहां पिछले दो माह से समरसेबल पंप खराब पड़ा है और ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। ग्राम पंचायत द्वारा कुछ वर्ष पहले सरकारी धन से बस्ती में पीने के पानी के लिए समरसेबल लगवाया गया था। लगभग दो माह पहले समरसेबल ने पानी देना बंद कर दिया। बस्ती निवासियों ने इसकी सूचना ग्राम प्रशासक को दी, लेकिन पंचायत विभाग से लेकर विकास विभाग तक सभी मौन बने रहे ।बस्ती निवासी कलावती देवी, लालती देवी, मनीषा यादव, रीता देवी आदि ने बताया कि जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो बस्ती के लोगों



ने अपने घरों से चंदा कर एक हजार रुपए इकट्ठा कर टेक्नीशियन को बुलाकर पंप बनवाने की कोशिश की, लेकिन वह भी नहीं चल सका ।आलम यह है कि बस्ती की महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग अपने साथ, पशुओं की प्यास बुझाने के लिए हर सुबह 6 बजे से ही लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित मनोज सिंह के निजी बोर पर लाइन लगा लेते हैं। साइकिल से, पैदल, जैसे-तैसे पानी ढोकर घर तक ला रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा समरसेबल निर्माण, मरम्मत के नाम पर 16 सितंबर को 49,629 रुपए का भुगतान भी करा दिया गया है। लेकिन यह भुगतान सिर्फ कागजों तक ही सीमित है, धरातल पर बस्ती आज भी पानी के लिए तरस रही है। बस्ती निवासी बालकुमार यादव, दीपचंद यादव, सागर यादव, दीप नारायण यादव आदि ने जिलाधिकारी से पेयजल समस्या से निजात दिलाने और भुगतान की जांच कराने की मांग की है।

गांजा बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार ,95 लाख की संपत्ति जब्त

जिला संवाददाता



सोनभद्र। मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत करमा थाना पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 118 किलो 670 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 60 लाख रुपये बताई गई है, जबकि तस्करी में इस्तेमाल की जा रही दो कारों, पांच एंड्रॉयड मोबाइल फोन और नकदी समेत कुल बरामदगी का अनुमानित मूल्य करीब 95 लाख रुपये है ।पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे ह्यऑपरेशन शुद्धिह्न के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी घोरावल राजेश कुमार राय के नेतृत्व में करमा पुलिस तथा एसओजी की संयुक्त टीम 15 अक्टूबर की रात ग्राम करनवाह जाने वाले तिराहे पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी।

इसी दौरान हिन्दुआरी की ओर से आ रहीं दो कारों के चालक पुलिस को देखकर तिराहे से करीब 50 मीटर पहले ही वाहन मोड़कर वापस जाने लगे। संदेह होने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर रात करीब 11.15 बजे दोनों वाहनों को रोक लिया। तलाशी के दौरान तीन लोग पकड़े गए ।पुलिस के मुताबिक, महिंद्रा ग्न्ट-500 के पिछले हिस्से में स्टेपनी के नीचे तथा मारुति सुजुकी ब्रेजा के पिछले और बीच वाले हिस्से में टेप से लिपटे छोटे-छोटे पैकेट छिपाकर रखे गए थे। तलाशी में इन पैकेटों से कुल 118 किलो 670 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों वाहनों को एनडीपीएस एक्ट के तहत कब्जे में ले लिया। इसके अलावा पांच एंड्रॉयड मोबाइल फोन और 8,280 रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं।

पूछताछ में आरोपियों ने कथित तौर पर बताया कि वे ओडिशा के सुंदरगढ़ जनपद के एक व्यक्ति के कहने पर गांजा लेकर मीरजापुर जा रहे थे। वहां बताए गए लोगों को खेप सौंपनी थी। आरोपियों के अनुसार, गांजे और वाहनों की व्यवस

संक्षेप

सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत

मथुरा। मथुरा से अपने घर लौट रहे दो बाइक सवार युवकों में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक सवार बुरी तरह से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलो को उपचार के लिए हॉस्पिटल के भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। युवकों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। थाना मगोर्रा क्षेत्र में मथुरा-भरतपुर मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब दोनों युवक मथुरा से अपने घर लौट रहे थे। एक अज्ञात वाहन ने तेज गति से आकर उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इस दुखद घटना से युवकों के परिवारों में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार, थाना फरह के गांव चैकीपुरा निवासी राजवीर सिंह (22) और रनवीर सिंह (32) गुरुवार की देर रात करीब 8 बजे अपनी बाइक पर सवार होकर मथुरा से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान मथुरा-भरतपुर मार्ग पर स्थित एक कॉलेज के समीप सामने से आ रहे तेज गति वाले अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर में दोनों बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गए।हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित किए जाने के बाद पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्राधिकारी (सीओ) अनिल कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से दो बाइक सवारों की मौत हो गई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। इस घटना ने क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ा दी है।

पति-पत्नी के बीच कराया समझौता

मथुरा। उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के अंतर्गत महिला थाना मथुरा में एक सराहनीय पहल देखने को मिली। पारिवारिक विवादों से जुड़े मामलों में पुलिस की प्रभावी पहल और सकारात्मक सूझबूझ से कई पति-पत्नियों के बीच आपसी गिले-शिकवे दूर कराकर उनके बीच फिर से समझौता कराया गया। महिला थाना पुलिस द्वारा दोनों पक्षों की बातों को बेहद गंभीरतापूर्वक सुना गया। इसके बाद आपसी बातचीत, समझाइश और समन्वय के माध्यम से उन्हें पारिवारिक सौहार्द, आपसी विश्वास और संवाद के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस के इन सकारात्मक प्रयासों रंग लाए और दोनों पक्ष आपसी सहमति से अपने विवाद को हमेशा के लिए समाप्त कर एक नई शुरूआत करने को तैयार हो गए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्रीमती आशना चैधरी द्वारा समझौता करने वाले पति-पत्नियों को एक-दूसरे को माला पहनाकर तथा मिशन शक्ति सम्मान चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अनूठी पहल के जरिए उन्हें जीवन भर आपसी विश्वास, सम्मान और सामंजस्य के साथ जीवन व्यतीत करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती आशना चौधरी (क्षेत्राधिकारी नगर), श्रीमती सरोजनी (प्रभारी निरीक्षक, जागृति सेल), श्रीमती डेजी पंवार (थाध्यक्ष, महिला थाना मथुरा), श्रीमती अभिलाषा भारद्वाज (परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी) आदि अधिकारी एवं कर्मचारीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

जमीनी विवाद में फायरिंग के दो वांछित गिरफ्तार



जिला संवाददाता (vol)

मथुरा। थाना हाईवे क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बाजना में जमीनी विवाद को लेकर हुई फायरिंग की घटना में संलिप्त दो वांछित अपराधियों को शुक्रवार तड़के थाना हाईवे पुलिस टीम ने एक मुठभेड़ के दौरान दबोच लिया है। इस कार्रवाई का नेतृत्व थाना हाईवे टीम के प्रभारी अरविंद कुमार निर्बल और उनकी जांबाज पुलिस टीम द्वारा किया गया।

गौरतलब हो कि बीती 5 अक्टूबर 2026 को ग्राम बाजना (थाना हाईवे) में जमीनी विवाद को लेकर ताबड़तोड़ फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था। इस मामले में पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी। शुक्रवार तड़के मुखबिर की सटीक सूचना पर हाईवे पुलिस टीम ने रोमेक्स स्कूल की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते पर घेराबंदी की। खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई और आत्मरक्षार्थ गोली चलाई, जिसके दौरान पैर में गोली लगने से कनक पुत्र कमल सिंह, निवासी कोटा, थाना जैत घायल हो गया। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए करन पुत्र भूरी सिंह, निवासी बाटी, जैत मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों के कब्जे से अवैध हथियार और कारतूस भी बरामद किए हैं। पुलिस मुठभेड़ में घायल हुए अभियुक्त कनक को तुरंत उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। थाना हाईवे पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। सीओ प्रवीण तिवारी ने बताया कि घायल कनक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

नंदगांव उच्च प्राथमिक विद्यालय के नये भवन का भूमिपूजन आज

मथुरा (नंदगांव)। विकासखण्ड नंदगांव क्षेत्र के हाथिया न्याय पंचायत के अंतर्गत आने वाले उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला जरैला के नवीन भवन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम आज (शनिवार) को आयोजित किया जाएगा। इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चैधरी के कर-कमलों द्वारा संपन्न होगा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक त्रिलोक चंद दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चैधरी होंगे। इसके साथ ही, विशिष्ट अतिथि के रूप में बेसिक शिक्षा विभाग के प्रमुख विभागीय अधिकारी भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

संस्कृति यूनिवर्सिटी में मनी डॉ. कलाम की जयंती

मथुरा। संस्कृति यूनिवर्सिटी के साइंस क्लब और साइंस इनोवेशन क्लब द्वारा पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती, विश्व छात्र दिवस और राष्ट्रीय नवाचार दिवस के पावन अवसर पर इग्नाइट 2026 का भव्य आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के सेमिनार हॉल में हुए इस कार्यक्रम का मुख्य विषय विकसित भारत /2047 के लिए कलाम का विजन रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीआरडीओ के सीनियर साइंटिस्ट-एफ भक्तवत्सल कुमार सिंह, कुलपति डॉ. एम.बी. चेट्टी, डीन छात्र कल्याण डॉ. डी.एस. तोमर और फैकल्टी कोऑर्डिनेटर डॉ. शिवम कुलश्रेष्ठ द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि डीआरडीओ के वैज्ञानिक भक्तवत्सल कुमार सिंह ने छात्रों को प्रेरित करते हुए डॉ. कलाम का प्रसिद्ध विचार साझा किया सपने



वह नहीं जो हम सोते हुए देखते हैं, बल्कि सपने वह हैं जो हमें सोने नहीं देते। उन्होंने स्टूडेंट शब्द का अनूठा अर्थ समझाते हुए अध्ययन, ईमानदारी, उच्च विचार, मौलिकता और विश्वसनीयता के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही, रक्षा और एयरोस्पेस इंजीनियरिंग का उदाहरण देते हुए बताया कि आज के समय में फिजिकल ट्रायल के बजाय त्रि-आयामी (3डी) मॉडलिंग और सिमुलेशन टेस्टिंग के उपयोग से जोखिम और समय दोनों की बचत होती है। कुलपति डॉ. एम.बी. चेट्टी ने वर्ष 2011 में डॉ. कलाम के साथ बिताए पलों को याद करते हुए उनकी सादगी और विनम्रता को सराहा। उन्होंने छात्रों को संदेश दिया कि सपने तब तक देखो जब तक वे हकीकत न बन जाएं। डीन छात्र कल्याण डॉ. डी.एस. तोमर ने डॉ. कलाम के संघर्षपूर्ण जीवन और समय की पाबंदी के प्रेरणादायक प्रसंग सुनाए। स्वागत भाषण डॉ. शिवम कुलश्रेष्ठ ने दिया। कार्यक्रम के दौरान पीपीटी प्रेजेंटेशन और मानव कल्याण में एआई विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें निर्णायक की भूमिका डॉ. सुनील कुमार, डॉ. नीलम, डॉ. डी. वाधवा और डॉ. अखिलेश कुमार मौर्य ने निभाई।

मिशन शक्ति के तहत छात्रा पायल बनीं एक दिन की प्रधानाचार्य



टूंडला। महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-6 के तहत शुक्रवार को कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेविका पायल को एक दिन के लिए सांकेतिक प्रधानाचार्या नियुक्त किया गया। पायल ने इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक गोकुल चंद्र गौतम ने स्वयंसेवकों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर छात्राओं ने महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश देते हुए समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। एक दिन की सांकेतिक प्रधानाचार्या बनीं पायल ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी। एक दिन की सांकेतिक प्रधानाचार्या बनने पर छात्रा पायल ने कॉलेज प्रबंधन एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मिशन शक्ति के तहत मुझे एक दिन की प्रधानाचार्या बनने का अवसर मिला, यह मेरे लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। इस जिम्मेदारी ने मेरे आत्मविश्वास को बढ़ाया है और मुझे यह विश्वास दिलाया है कि मेहनत, शिक्षा और लगन के बल पर मैं भविष्य में बड़े लक्ष्य हासिल कर सकती हूं। कार्यक्रम में एनएसएस प्रभारी सुनील कुमार जैन एनसीसी अधिकारी अमित उपाध्याय, शीरध्वज शर्मा, सुरेश पचौरी, आलोक उपाध्याय, भूपेंद्र पाराशर, कौशल शर्मा, रिचा गुप्ता, नरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र कुमार, राजवीर सिंह, नवीन कुमार और पंकज शर्मा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

मिशन शक्ति और ऑपरेशन जागृति के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक



मथुरा। थाना मगोर्रा क्षेत्र के एमएमएमडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में उत्तर प्रदेश सरकार के विजन के अनुरूप मिशन शक्ति टीम, महिला सशक्तिकरण, ऑपरेशन जागृति, एंटी रोमियो टीम एवं महिला बीट फेस 6.0 के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान टीम द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाए जा रहे अभियानों के तहत छात्राओं और महिलाओं को यूपीएससी, यूपीएसएसएससी, एसएससी, नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पुलिस टीम ने बालिकाओं को साइबर अपराध, सुरक्षित व असुरक्षित स्पर्श (गुड टच एंड बैड टच), और नाबालिग बालक-बालिकाओं के प्रेम संबंधों के चलते होने वाले पलायन जैसी गंभीर समस्याओं के प्रति सचेत किया। साथ ही, वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के लिए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के उपयोग के बारे में भी बताया गया। छात्राओं को 1090 वीमेन पावर लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर, 1098 चाइल्ड लाइन नंबर, 181 वीमेन हेल्पलाइन नंबर, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस सेवा 112 आपातकालीन पुलिस सेवा 108 एंबुलेंस सेवा आपातकालीन और सहायता सेवाओं से अवगत कराने के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम के अंत में पुलिस टीम द्वारा सरकार की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई, जिससे कि छात्राएं और क्षेत्रवासी जागरूक होकर इनका लाभ उठा सकें।

डीएम ने लगाया चंदन का पौधा

मथुरा। वृंदावन में यमुना नदी के किनारे विकसित किया जा रहा एक विशाल और महत्वपूर्ण शहरी वन (सिटी फॉरेस्ट), जिसका नाम सौभरि नगर वन है। वृन्दावन स्थित सौभरि नगर वन लगभग 123 हेक्टेयर क्षेत्रफल में विकसित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि सौभरि नगर वन में 26 ग्रिडों में 76,875 पौधों का रोपण किया गया है, जिनमें पीपल, बरगद, कदम्ब, जामुन, अर्जुन सहित विभिन्न देशज प्रजातियाँ सम्मिलित हैं। यह वन ब्रज की पौराणिक वन संपदा के पुनर्जीवन एवं मथुरा-वृन्दावन



क्षेत्र में हरित आवरण के विस्तार की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल है।

आज जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार एवं डीएफओ वेंकट श्रीकर पटेल ने सौभरि नगर वन में चन्दन के पौधे लगाए। पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र के विस्तार तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के उद्देश्य से वन विभाग के सौभरि नगर वन में वृक्षारोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय वन अधिकारी अतुल तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, जैवविविधता संवर्धन तथा अधिकाधिक पौधरोपण के माध्यम से ब्रज क्षेत्र को हरा-भरा बनाने एवं जनमानस में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया।

डीएम और एसएसपी ने किया बूथों का निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

- मतदान केंद्रों पर प्रकाश, पेयजल शौचालय और दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

फिरोजाबाद। आगामी विधानसभा आगरा खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के साथ विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों को मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सबसे पहले तहसील परिसर में बनाए गए चार मतदान बूथों पर पहुंचे। यहां जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि मतदान केंद्रों पर प्रकाश पेयजल शौचालय तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस दौरान अधिकारियों को अवगत कराया गया कि तहसील परिसर स्थित इन बूथों पर कुल 4,400 मतदाता पंजीकृत हैं। इसके बाद दोनों अधिकारियों ने ब्लॉक फिरोजाबाद में बनाए गए बूथ संख्या 31, 54 और 55 का निरीक्षण किया। इनमें बूथ संख्या 54 और 55 स्नातक निर्वाचन क्षेत्र तथा बूथ संख्या 31 शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्धारित हैं। अधिकारियों को बताया गया कि बूथ संख्या 54 पर 391, बूथ संख्या 55 पर 261 और बूथ संख्या 31 पर 115 मतदाता पंजीकृत हैं। जिलाधिकारी ने मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए परिसर की बाउंड्री पर हरे पर्दे लगाने तथा कमरों में सभी आवश्यक सुविधाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए और मतदाताओं को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इसके अतिरिक्त नगर निगम परिसर में भी एक मतदान केंद्र बनाया गया है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

नवरात्र पर्व पर खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

मथुरा। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश (लखनऊ) एवं जिलाधिकारी के आदेशों के अनुपालन में नवरात्र पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस और श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सचलदल द्वारा जनपद में ताबड़तोड़ छापामार कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई डॉ. जतिन कुमार सिंह के निर्देशन और मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के.के. त्रिपाठी के नेतृत्व में अंजाम दी गई। छापामार कार्रवाई के दौरान सचल दल द्वारा अलग-अलग प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के कुल 10



नमूने नमूने भरकर जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किए गए हैं। टीम ने बाजना बांके बिहारी ट्रेडर्स से सरसों का तेल, रिफाइंड सोयाबीन ऑयल, कुट्टू का आटा और हल्दी पाउडर का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। इसके अलावा ऋषि डेयरी से पनीर व मिश्रित दूध का एक-एक तथा स्वाद मिल्क प्रोडक्ट से भी पनीर व मिश्रित दूध का एक-एक नमूना लिया गया। वहीं कोसीकलां सिंघल डेयरी से पनीर और मिश्रित दूध का एक-एक नमूना जांच हेतु लिया गया। इस प्रकार कुल 10 संदिग्ध नमूने एकत्रित कर जांच के लिए भेजे गए हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि राजकीय खाद्य प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत संबंधित कारोबारियों के विरुद्ध नियमानुसार अग्रतर (कड़ी) विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस छापामार दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह और दिनेश कुमार भारती भी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

डीएम ने किसानों की बस को दिखायी हरी झंडी

फिरोजाबाद। किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने और उनकी आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी



संतोष कुमार शर्मा ने कलेक्ट्रेट परिसर से किसानों की बस को हरी झंडी दिखाकर कानपुर के लिए रवाना किया। किसान चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर में आयोजित कृषि मेले में प्रतिभाग कर आधुनिक खेती की तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। कृषि मेले में शामिल होने जा रहे कृषक दल को आधुनिक कृषि पद्धतियों उन्नत तकनीकों और जलवायु अनुकूल खेती के तरीकों की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही किसान श्री अन्न के उत्पादन एवं उससे बनने वाले उत्पादों के बारे में भी प्रत्यक्ष प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

मेले में किसानों को उन्नत बीजों, पशुपालन, मत्स्य पालन और औद्यानिक फसलों से संबंधित नवीनतम जानकारियां भी उपलब्ध कराई जाएंगी। इस प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम के तहत विभिन्न विकास खंडों से प्रगतिशील किसान पुरुषोत्तम सिंह, चरन सिंह, दिनेश गहलोत लोकेश कुमार कमलेश कुमार तथा कृषि सखी कामिनी और संध्या सहित अन्य कृषकों को भेजा गया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि आधुनिक कृषि तकनीकों का ज्ञान प्राप्त करना और उन्हें खेतों में अपनाना किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से किसानों को खेती में होने वाले नए नवाचारों की जानकारी मिलती है। इन तकनीकों को अपनाकर किसान अपनी फसल का उत्पादन बढ़ाने के साथ कृषि कार्य को अधिक लाभकारी बना सकते हैं। उप कृषि निदेशक ने बताया कि कृषि विभाग किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों से जोड़ने और वैज्ञानिक तरीके से खेती करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। ऐसे प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को कृषि विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिलता है। इससे किसान अपने खेतों में उन्नत तकनीकों का उपयोग कर उत्पादन और आय में वृद्धि कर सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने किसानों को ज्ञानवर्धक यात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि वे कृषि मेले से प्राप्त जानकारी का उपयोग अपने खेतों में करेंगे और अन्य किसानों को भी आधुनिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे।

श्रवण नक्षत्र में विजयादशमी 20 को, गजकेसरी योग ने दशहरा का बढ़ाया महत्व

मथुरा। अधर्म पर धर्म की विजय एवं असत्य, अन्याय पर सत्य व न्याय की विजय का महापर्व विजयादशमी 20 अक्टूबर मंगलवार को सम्पूर्ण देश में मनाया जाएगा इस संबंध में दीपक ज्योतिष भागवत संस्थान की गोष्ठी गोपाल गली स्थित संस्थान के कार्यालय पर ज्योतिषाचार्य पंडित कामेश्वर नाथ चतुर्वेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई उन्होंने ने कहा कि विजयादशमी 20 अक्टूबर मंगलवार को मध्यान्ह 12.50 बजे आरंभ हो कर 21 अक्टूबर बुधवार को दोपहर 02.11 बजे तक रहेगी। विजय मुहूर्त दोपहर 01.59 बजे से, 02.45 बजे तक 48 मिनट अवधि में रहेगा। पूजन का समय दोपहर 01.14 बजे से अपराह्न 03.30 बजे तक रहेगा। रावण दहन का मुहूर्त सूर्यास्त के बाद प्रदोष काल में संध्या 05.47 बजे से प्रारंभ होगा इस बार दशहरा पर श्रवण नक्षत्र व गजकेसरी योग होने के कारण महत्व ओर अधिक बढ़ गया है गोष्ठी में आचार्य ब्रजेन्द्र नागर ने पौराणिक मान्यताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि त्रेता युग में भगवान श्री राम ने आश्विन शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तिथि तक नो दिन मां जगदंबा का आव्हान कर कठोर अनुष्ठान किया और विशेष शक्तियां प्राप्त की और दशमी तिथि को अधर्मी रावण का वध किया इसी दिन महिषासुरमर्दिनी मां दुर्गा ने महिषासुर का वध कर पृथ्वी को आसुरी शक्तियों से मुक्ति दिलाई जब से नवरात्रि में मां शक्ति की उपासना का महापर्व देश के विभिन्न प्रान्तों में अपनी अपनी लोक-संस्कृति के अनुसार मनाया जाता है और दशमी को रावण दहन की परंपरा भारतवर्ष सहित विश्व के अनेक देशों में मनायी जा रही है। इस अवसर पर ज्योतिषाचार्य दीपक चतुवेर्दी, आचार्य पंकज चतुवेर्दी, शरद साहित्याचार्य, सौरभ शास्त्री ने कहा विजयादशमी को शमी वृक्ष और अपराजिता देवी का पूजन प्रदोष काल में करने का विशेष महत्व है जिससे परिवार में सुख-शांति समृद्धि और खुशहाली आती है और शत्रु पराजित होते हैं। इस दिन शस्त्र व घोड़े का पूजन भी किया जाता है। गोष्ठी में नारायण प्रसाद शर्मा ऋषभ देव, गोविंद देव, मनोज पाठक, मनीष पाठक, निरंजन शास्त्री आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

मधुबन में श्रीकृष्ण जन्मभूमि संकल्प रजत शिला का पूजन

मथुरा। भगवान श्रीकृष्ण की गोचरण स्थली के रूप में मान्यता प्राप्त मधुबन में 12 गांवों के नागरिकों ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि संकल्प रजत शिला का सामूहिक पूजन किया। इस अवसर पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में हिंदू पक्षकार पं. दिनेश फलाहारी महाराज का नागरिक अभिनंदन किया गया और उन्हें गदा भेंट की गई। क्षत्रिय राजपूत राजावत घराने, ब्राह्मण दीक्षित घराने तथा पाल-बघेल समाज के प्रतिनिधियों ने उन्हें पटुका, माला और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ नेता पं. जयराम शर्मा ने की। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े मामले में दिनेश फलाहारी महाराज की भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि महाराज ने अपने संकल्प के तहत अन्न ग्रहण नहीं करने और पादुका का उपयोग नहीं करने का निर्णय लिया है। वे फल एवं दूध पर निर्भर रहते हुए अपना संकल्प जारी रखे हुए हैं। क्षत्रिय करणी सेना के जिला मंत्री ठाकुर नरेश राजावत और मुनेश प्रधान ने कहा कि ब्रज क्षेत्र में संतों के सम्मान की परंपरा रही है। कार्यक्रम संयोजक पं. राजेश पाठक ने मधुबन के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व का उल्लेख करते हुए क्षेत्र के विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने तीर्थ विकास परिषद से मधुबन के चहुंमुखी विकास तथा यहां धार्मिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की अपील की। कार्यक्रम में महंत राधानंद गिरि और आचार्य सच्चिदानंद भी उपस्थित रहे।दिनेश फलाहारी महाराज ने अपने संबोधन में कार्यक्रम में शामिल लोगों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ब्रजवासी उनके प्रयासों को समर्थन और प्रोत्साहन देते रहे हैं। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े विवाद के समाधान के लिए न्यायालय के माध्यम से प्रयास जारी रखने की बात कही।

मिशन शक्तिः बेटियों ने संभाली प्रशासनिक पदों की जिम्मेदारी

जिला संवाददाता(vol)



फिरोजाबाद। मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत जनपद में बालिकाओं के सशक्तिकरण, स्वावलंबन और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिभाशाली छात्राओं को विभिन्न प्रशासनिक पदों का सांकेतिक प्रभार सौंपा गया। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की पहल पर छात्राओं को प्रशासन के महत्वपूर्ण पदों पर बैठाकर उन्हें जिम्मेदारी निभाने और प्रशासनिक कार्यप्रणाली को करीब से समझने का अवसर प्रदान किया गया।

इस पहल के तहत राजकीय हाईस्कूल ठारबल्दी, टूंडला की छात्रा कुमारी निधि ने जिलाधिकारी का सांकेतिक प्रभार संभाला। वहीं राजकीय हाईस्कूल डबरई की छात्रा कुमारी रोशनी को मुख्य विकास अधिकारी, राजकीय हाईस्कूल करहरा, ब्लॉक अरांव की छात्रा नेहा को जिला विद्यालय निरीक्षक तथा राजकीय हाईस्कूल नगला पट्टी की छात्रा दामिनी को खंड विकास अधिकारी जसराना का सांकेतिक प्रभार दिया गया। इसी क्रम में राजकीय हाईस्कूल नगला खेड़ा की छात्रा सिमरन को जिला विकास अधिकारी, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जसराना की छात्रा दीक्षा को परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण तथा राजकीय इंटर कॉलेज नसीरपुर की छात्रा अनुराधा को उप जिलाधिकारी शिकोहाबाद का सांकेतिक प्रभार सौंपा गया।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि मिशन शक्ति के अंतर्गत इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं वंचित वर्ग की बेटियों के मन में आत्मविश्वास पैदा करना और उन्हें यह विश्वास दिलाना है कि शिक्षा, प्रतिभा और मेहनत के बल पर वे किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि बेटियों को प्रशासनिक जिम्मेदारियों से परिचित कराने से उनके भीतर नेतृत्व क्षमता विकसित होगी और समाज में बेटियों के प्रति सोच एवं दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव आएगा।

छात्राओं ने जताया आभार

प्रशासनिक पदों का सांकेतिक प्रभार मिलने पर छात्राओं ने जिलाधिकारी और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। छात्राओं ने कहा कि इस पहल से उनके सपनों को नई उड़ान मिली है। साथ ही उनमें शिक्षा के माध्यम से जीवन में आगे बढ़ने और बड़े लक्ष्य हासिल करने का आत्मविश्वास मजबूत हुआ है। मिशन शक्ति के तहत आयोजित इस पहल का उद्देश्य बेटियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर बनने नेतृत्व क्षमता विकसित करने और भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है।

कल होगा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का भूमि पूजन

टूंडला। नगर में लोकमाता पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा स्थापना को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। आगामी 18 अक्टूबर को टूंडला के सुभाष चौराहे पर प्रतिमा स्थापना के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने प्रेसवार्ता कर कार्यक्रम की जानकारी दी। प्रेसवार्ता के दौरान विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन व्यक्तित्व और समाज के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर जनकल्याण के कार्य किए। उन्होंने देशभर में अनेक मंदिरों के जीर्णोद्धार और धार्मिक स्थलों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका जीवन समाजसेवा जनकल्याण और धार्मिक आस्था का प्रतीक है। विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने क्षेत्रीय जनता और सभी समाज के लोगों से 18 अक्टूबर को सुभाष चौराहे पर आयोजित होने वाले भूमि पूजन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के आदर्श आज भी समाज को सेवा, समर्पण और जनकल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि टूंडला में लोकमाता अहिल्याबाई होल्क

बेलगाम महंगाई

महंगायी रोकने के सारे प्रयास बेकार साबित हो रहे हैं। जिस तरह बीते कई महीनों से महंगाई के आंकड़े माह-दर-माह चढ़ते जा रहे हैं, उससे स्पष्ट है कि त्योहारी सीजन में महंगाई आम उपभोक्ता के लिए सिरदर्द साबित होने वाली है। खुदरा महंगाई ने बीते 23 माह का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। भारत सरकार के ही सांख्यिकी मंत्रालय ने आंकड़े जारी किए हैं कि सितंबर, 2026 में खुदरा महंगाई दर 5.54 फीसदी रही। यह अक्टूबर, 2024 के बाद का उच्चतम स्तर है। तब महंगाई दर 6.2 फीसदी थी। भारतीय रिजर्व बैंक का अनुमान है कि आने वाले महीनों में भी महंगाई बढ़ेगी। अक्टूबर-दिसंबर की औसत महंगाई दर 6 फीसदी या उससे अधिक भी हो सकती है। केंद्रीय बैंक ने महंगाई दर की सीमा वैसे तो 4 फीसदी तय कर रखी है, लेकिन उसे 6 फीसदी तक सामान्य मान कर तमाम आकलन और विश्लेषण किए जाते हैं। ऐसे में महंगाई ने लगातार चौथे माह उस लक्ष्मण-रेखा को लांघा गया है, क्योंकि खाद्य महंगाई दर और शहरी-ग्रामीण इलाकों में महंगाई की स्थितियां भिन्न और अधिक हैं। खाद्य महंगाई दर सितंबर में बढ़ कर 7.74 फीसदी तक पहुंच गई। गांवों में खुदरा महंगाई दर 5.24 फीसदी से बढ़ कर 6.08 फीसदी हो गई। ग्रामीण इलाकों में खाद्य महंगाई दर 8.06 फीसदी



और शहरों में 7.18 फीसदी दर्ज की गई है। ये तमाम आंकड़े रिजर्व बैंक की तय हदों के पार हैं, लिहाजा साफ है कि महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। गैर-सरकारी और पेशेवर संगठनों, संस्थानों, एजेंसियों के आंकड़े भिन्न और अपेक्षाकृत अधिक हैं। आम आदमी महंगाई के इन प्रतिशत वाले आंकड़ों का अर्थशास्त्र नहीं जानता। उसके लिए महंगाई वहीं से शुरू होती है, जब आलू, प्याज, टमाटर, लहसुन, नींबू, अदरक और हरी मिर्च सरीखी रोजमर्रा की सब्जियां महंगी मिलने लगती हैं। इस बाजार और भाव पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है, क्योंकि सब्जी मंडी के व्यापारी आपस में मिल कर कीमतें तय कर लेते हैं, वहीं से खुदरा बाजार भी महंगा हो जाता है। गली-मुहल्ले के छोटे कारोबारी और रेहड़ी वाले भी उसी अनुपात में दाम बढ़ा देते हैं। तर्क दिया जाता है कि 'ऊपर' से ही भाव बढ़ गए हैं। हम क्या कर सकते हैं जी? यदि प्याज करीब 108 फीसदी और लहसुन 55 फीसदी महंगा बिक रहा है, तो यह किस अर्थशास्त्र के आधार पर तय किया जाता है, कमोबेश आम आदमी नहीं जानता। सरकार के अधीन कई संस्थान, प्राधिकरण, संघ आदि ऐसे हैं, जो इन सब्जियों की तुरंत आपूर्ति कर आम उपभोक्ता को राहत दे सकते हैं और मुद्रास्फीति को तय हदों के भीतर रख सकते हैं। वे दाम बढ़ने की स्थितियों में ऐसा कुछ करते भी हैं, लेकिन वह 'ऊंट के मुंह में जीरे समान' ही होता है। यह देश बहुत विराट, विशाल और विविध है, लिहाजा ऐसे संकटों को संबोधित करना बड़ा मुश्किल होता है, लेकिन फिर सरकार किसलिए चुनी जाती है? इन संस्थानों की कार्य-प्रणाली और सम्यक सक्रियता भी सवालों के घेरे में रही है। नतीजा यह है कि महंगाई हमारे लिए एक शाश्वत, चिरंतन और स्थायी समस्या बन कर रह गई है। बहरहाल महंगाई दर सिर्फ सब्जियों और खाद्य पदार्थों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि मौजूदा खुदरा महंगाई दर के कारण रेस्तरां-होटल 9.36 फीसदी, परिवहन 5 फीसदी से ज्यादा, शिक्षा सेवाएं और कपड़े-जूते करीब 4 फीसदी प्रति और घरेलू उपकरण 3.26 फीसदी महंगे हो गये हैं। जाहिर है कि औसत घर और परिवार का बजट बिखर और बिगड़ जाता है। औसत नौकरी, दिहाड़ी मजदूर, खेतिहर मजदूर, ओटोवाला, माल ढोने वाला अर्थात देश का गरीब तबका कहां से अतिरिक्त बजट का जुगाड़ करेगा, ताकि महंगाई से लड़ सके? कोई रास्ता नहीं, कोई समाधान नहीं। इसलिए सरकार चाहे जो हो उसे आम आदमी का ध्यान रखना चाहिए। महंगाई बढ़ने पर सरकार अपने कर्मियों को वेतन बढ़ा देती है, लेकिन किसान, मजदूर और साधारण नौकरीपेशा लोगों को महंगाई के कारण अपनी थाली हल्की करनी पड़ती है।

विचार

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।

-भगवान महावीर.

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।

-चैनिंग.

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।

-रूसो.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग-द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

-विनोबा भावे.

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है।

-फ्रैंक कासले.

सैन्य सुरक्षा पर गंभीरता से सोचना होगा

नरेन्द्र शर्मा

स्टारलिंक शानदार इंजीनियरिंग है, लेकिन भारत के लिए सवाल यह है कि उसे स्विच-ऑफ करने का फैसला कौन करेगा? यूक्रेन को बीच युद्ध में सबक मिला है। हमें यूक्रेन की घटना से सबक लेना चाहिए। साथ ही हमें सैटेलाइट क्षमता के बारे में वैसे ही सोचना चाहिए जैसे हमने यूपीआई से पहले पेमेंट्स के बारे में सोचा। इसरो, न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड आदि इसमें मददगार साबित हो सकते हैं। जरूरत है कि मस्क व उनकी स्टारलिंक की चकाचौंध में आने से बचा जाये।



स्टॉरलिंक विवाद

पहले एलन रीव मस्क ने शिकायत की कि उनके स्टारलिंक (सैटेलाइट इंटरनेट) को मुकेश अंबानी के दबाव में भारत से दूर रखा जा रहा है। फिर कहानी यूक्रेन की तरफ मुड़ गई। कीव ने शिकायत की कि उसके ड्रोन क्रू बीच हवा में ही ड्राप कर रहे हैं। स्पेस-एक्स ने चुपके से स्टारलिंक के सैन्य वर्जन स्टारशील्ड की गति पर सीमा लगा दी है, जिससे कोई भी चीज अगर 160 किमी प्रति घंटा से अधिक की गति पर भेजी जाती है, तो उसका कनेक्शन टूट जाता है। इस बारे में यूक्रेन में किसी को नहीं बताया गया था। इससे रूस पर लम्बी-दूरी के हमलों को रोकना पड़ा। नतीजतन यूक्रेन जो रूस के नये जेट-पॉवर्ड शहेद को रोकने के लिए ड्रोन भेजता है, वह अचानक बेकार हो गये हैं। पोलैंड, जो यूक्रेन के स्टारलिंक सब्सक्रिप्शन की पेमेंट करता है, के विदेश मंत्री ने मस्क से सवाल किया, क्या अपने उत्पाद से तुम फिर राजनीति कर रहे हो? मस्क ने जवाब दिया कि इस किस्म की सीमाएं अमेरिकी सेना लगाती है और उनका इससे कोई लेना देना नहीं है। साथ ही मस्क ने कहा कि समय आ गया है कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलेदिमीर जेलेंस्की अपने पद से हट जाएं।

गौरतलब है कि यूक्रेन ने मास्को से लगभग 300 किमी दक्षिणपूर्व में स्थित रुसी रिफाइनरी पर हमला किया है, जिससे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प और जेलेंस्की के रिश्तों में पहले से ही चल रहे तनाव में इजाफा हुआ है। जेलेंस्की का कहना है कि ट्रम्प के रूस से 'ऊर्जा समझौते' को वह नहीं मानते। ट्रम्प ने कहा था कि रूस व यूक्रेन को एक दूसरे के ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमले नहीं करने चाहिये। इस तू-तू मैं-मैं के बीच अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि स्टारशील्ड की गति को कम करने का आदेश किसने दिया था। लेकिन इस पूरे विवाद में भारत के लिए सबक है। स्टारलिंक को भारत में अपनी सेवाएं आरंभ करने के लिए अभी तक मंजूरी नहीं मिली है, क्योंकि उसने उन नियमों का पालन करना स्वीकार नहीं किया है, जिनके तहत सैटेलाइट इंटरनेट प्रोवाइडर्स घरेलू इन्फ्रास्ट्रक्चर स्थापित करते हैं। ऐसा भारत सरकार का कहना है। वैसे यह मस्क के लिए कड़ा संदेश है कि अगर वह भारत में व्यापार करना चाहते हैं, तो उन्हें हमारे देश के कानूनों पर अमल करना ही पड़ेगा। सरकार को स्टारलिंक द्वारा भारत में व्यापार करने पर कोई आपत्ति नहीं है अगर एक बार सुरक्षा चिंताएं संबोधित हो जाती हैं और मस्क स्थानीय बेस स्टेशन स्थापित करने के लिए सहमत हो जाते हैं। बेस स्टेशन रेडियो ट्रांसमीटर व रिसीवर है, जो लोकल हब या 'फर्स्ट हॉप' की तरह काम करता है, एंड-यूजर उपकरणों को वायरलेस नेटवर्क से जोड़ने के लिए। बेस स्टेशनों को स्थापित करना भारतीय कानूनों का पालन करना होगा। मस्क का मानना है कि स्टारलिंक को मंजूरी रिलायंस के मुकेश अंबानी के दबाव की वजह से नहीं मिल रही है, जिन्हें उन्होंने एक्स पर अपनी पोस्ट्स में 'प्रधानमंत्री' व 'रियल बॉस ऑफ इंडिया' तक कहा था। लेकिन अब ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मस्क व अंबानी के बीच की बर्फ. पिघलती जा रही है। तभी अगले सप्ताह अमेरिका के सेक्रेटरी ऑफ स्टेट मार्को रुबियो मुंबई व गुजरात के रिफाइनरी हब जामनगर के दौरे पर आ रहे हैं। रुबियो का थोड़े समय के लिए जामनगर में रुकने का अर्थ रिलायंस के चश्मे से देखा जा सकता है, जिसकी योजना टेक्सास की प्रमुख रिफाइनरी में निवेश करने की है, जोकि पिछले 50 वर्षों में अमेरिका में पहली बार होगा और यह ट्रम्प प्रशासन की प्रमुख वरीयता है।

रुबियो इस साल मई में भी भारत आये थे, नई दिल्ली में क्वैड विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए। रुबियो की 19 अक्टूबर से आरंभ होने वाली भारत यात्रा में मुख्य फोकस ऊर्जा पर रहेगा। बहरहाल, मस्क के लिए एक अन्य महत्वपूर्ण संदेश भारती इंटरप्राइजेज के प्रमुख सुनील भारती मित्तल की तरफ से आया है कि वह कानून का अपवाद नहीं हो सकते। मित्तल का कहना है कि एयरटेल की यूटेलसैट वन वेब सैटेलाइट को स्टारलिंक से पहले मंजूरी मिल सकती है; क्योंकि 'मंजूरी पंक्ति' में वह बहुत आगे है। उसने लगभग पांच साल पहले अर्जी लगायी थी। मित्तल का कहना है कि स्टारलिंक से कुछ दिन पहले भी अगर उन्हें मंजूरी मिल जाती है तो वह 'बहुत खुश' होंगे। गौरतलब है कि मस्क ने वायदा किया था कि स्टारलिंक उन भारतीयों तक भी पहुंचेगी जिन्हें अन्य कम्पनियों ने भुला दिया है, लेकिन अब वह कह रहे हैं कि उनकी सेवाएं तुलनात्मक दृष्टि से सस्ती होंगी। क्या यह संभव है? किट की कीमत लगभग 34,000 रुपए बतायी जा रही है। अब तक मासिक योजना का जिक्र 3,000 रुपए से 8,600 रुपए के बीच में हुआ है। अब इस की तुलना इस बात से कीजिये कि भारतीय मोबाइल डाटा का गीगाबाइट तकरीबन 10 रुपए में प्राप्त कर रहे हैं।

एक ठीकठाक फाइबर कनेक्शन 500 रुपये से 1,500 रुपये में प्रति माह के लिए मिलता है। अधिकतर भारतीय परिवार अपना इंटरनेट बिल 1,000 प्रति माह के भीतर रखना पसंद करते हैं। स्टारलिंक उनके लिए तो लगता नहीं। बांग्लादेश बीटीडब्लू की मिसाल सामने है। स्टारलिंक ने अपने प्लान 4,200-6,000 टका प्रति माह देने शुरू किये थे मई 2025 से। एक साल बाद उसके सिर्फ 5,400 ग्राहक थे, अधिकतर व्यापारी, जबकि बांग्लादेश में 13 करोड़ से अधिक इंटरनेट यूजर हैं। बांग्लादेश के टेलिकॉम रेगुलेटर स्टारलिंक को बहुत ज्यादा महंगा बताते हैं। मस्क अब कह रहे हैं कि वह भारत में दाम कम कर देंगे, अगर जरूरत पड़ी। शायद वह ऐसा कर भी दें। लेकिन विश्व के सबसे अमीर आदमी द्वारा प्रतिद्वंदी कंपनी के बाजार में आने से पहले दाम कम करना व्यापार रणनीति होगी, न कि उदारता। अगर योजना सुदूर गांवों में डिश की पेमेंट सरकार द्वारा करने की है, तो यह विदेशी कम्पनी के लिए जनता का पैसा इस्तेमाल करना होगा, जबकि यह काम भारतनेट का है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि सैटेलाइट इंटरनेट की जरूरत है- समुंदर में जहाजों को, तेल ड्रिलिंग रिंग के लिए, पहाड़ों में सैन्य मोर्चों के लिए, बाढ़ पीड़ित जिलों के लिए और उन गांवों के लिए जहां फाइबर कभी नहीं पहुंच सकता। लेकिन यह सब वह जगहें हैं, जहां सुरक्षा का सबसे अधिक महत्व है। इसलिए मस्क की इस कहानी में दम नहीं है कि अंबानी (या मित्तल) की वजह से उन्हें भारत में प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा या उसमें देरी की जा रही है। यह सही है कि भारतीय नौकरशाही सुस्त रफ़्तार से चलती है, लेकिन सुरक्षा चिंताओं को भी तो अनदेखा नहीं किया जा सकता, विशेषकर जब यह बात सामने आ गई है कि चुपके से स्टारशील्ड की गति धीमी करने की वजह से यूक्रेन को युद्ध में भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

नई दिल्ली अपनी सुरक्षा किसी ऐसी विदेशी कम्पनी के ऊपर नहीं छोड़ सकती जिस पर भरोसा करना कठिन है। अतः ऑन-ऑफ स्विच का नियंत्रण तो नई दिल्ली के पास ही होना चाहिए। स्टारलिंक शानदार इंजीनियरिंग है। लेकिन भारत के लिए सवाल यह है कि उसे स्विच-ऑफ करने का फैसला कौन करेगा? यूक्रेन को बीच युद्ध में सबक मिला है। हमें यूक्रेन की घटना से सबक लेना चाहिए। साथ ही हमें सैटेलाइट क्षमता के बारे में वैसे ही सोचना चाहिए जैसे हमने यूपीआई से पहले पेमेंट्स के बारे में सोचा। इसरो, न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड आदि इसमें मददगार साबित हो सकते हैं। जरूरत है कि मस्क व उनकी स्टारलिंक की चकाचैंध में आने से बचा जाये।

सोशल मीडिया



लद्दाख की सड़कें बेहतर होंगी और लेह एयरपोर्ट का भी विस्तार किया जायेगा। इससे स्थानीय संस्कृति, व्यापार और देश के अन्य हिस्सों के साथ कनेक्टिविटी बढ़ेगी। नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

ध्यान का महत्व

राजयोग की सभी साधनाओं के संबंध में यही बात है कि यहां क्रिया की अपेक्षा भावनाएं ज्यादा प्रधान होती हैं। यम-नियम जीवन के चिन्तन-चरित्र एवं आचरण में उतारने पड़ते हैं। आसन व्यायाम नहीं, वरन् आसन जमा कर बैठना है। रसोई भी आसन पर बैठकर की जाती है। बोलचाल की भाषा में किसी कार्य के लिए दृढ़तापूर्वक आरूढ़ होना भी आसन लगाना या आसन जमाना है। प्राणायाम प्राणवान बनने के लिए किया जाता है। प्राणवान अर्थात मनस्वी मनोबल सम्पन्न। इसी प्रकार प्रत्याहर को संघर्षशीलता कहते हैं। गीता में अर्जुन को जिस युद्ध के लिए प्रेरित किया गया है, वह वस्तुतः आत्मिक क्षेत्र का युद्ध है। मारकाट वाली लड़ाई के लिए गीता जैसे आत्मिक प्रवचन की आवश्यकता नहीं थी। वह प्रत्याहार ही है, जिसे गीतोक्त महाभारत नाम दिया गया है। यह धर्मक्षेत्र-कर्मक्षेत्र में लड़ा जाता है। संचित कुसंस्कारों एवं हेय प्रचलनों के आकर्षणों के दबावों को अस्वीकार करना ही प्रत्याहार है। अब तीन प्रयोग और शेष रहते हैं धारणा, ध्यान और समाधि। धारणा का तात्पर्य है- मान्यता, स्थापना, स्वीकृति निष्ठा। आदर्शों के विषय में यही तथ्य लागू होता है। आदर्शों को तर्क और तथ्य के आधर पर तो सहज ही स्वीकारा जा सकता है, पर जिस आदर्श को श्रद्धा, प्रज्ञा, निष्ठा के आधार पर हृदयांगम किया गया हो, फलित केवल वही होता है। आस्तिकता, आध्यात्मिता, धार्मिकता के त्रिविध आदर्श प्रमुख हैं। ईश्वर पर विश्वास आत्मक्षमता पर विश्वास, कर्तव्य कर्मों के दायित्व पर विश्वास इन तीनों के विश्वास को धारणा कहते हैं। यों साधारतया किन्हीं देवी-देवताओं, मंत्रों, गुरुजनों शास्त्रों, पंथों आदि पर विश्वास करना भी धारणा के अर्थ में प्रयुक्त होता है। एक शब्द में धारणा को विश्वास भी कह सकते हैं। ध्यान का तात्पर्य है- अभीष्ट निर्धारण का बार-बार चिन्तन करना। इससे मान्यता परिपक्व होती है। भूल हुई बातों का स्मरण भी ध्यान के आधार पर हो आता है। अपने आदर्श का, लक्ष्य का, निश्चय का बार-बार स्मरण करने से वह आस्था के रूप में परिणत हो जाता है। यों किसी चित्र का, मस्तिष्क का, व्यक्ति का, कल्पना-सपनों का इच्छानुसार ध्यान किया जाता है। नाद योग में शब्दों का, मेरुदण्ड में षटचक्रों का, मस्तिष्क में ब्रह्मकमल का, मूलाधार में कुण्डलिनी का ध्यान किया जा सकता है। मस्तिष्क में ब्रह्मग्रन्थि, हृदय में विष्णुग्रंथि, नाभि में रुद्रग्रंथि के ध्यान का विधान है। श्वास-प्रश्वास के समय सोहम ध्वनि की, ध्यान धारणा की जाती है। इसी प्रकार और भी योग सम्प्रदायों में कई-कई प्रकार के ध्यानों का निर्धारण है। विचार चेतना को केन्द्रीभूत करने की साधना है।

अंतदृष्टि

वैश्विक आतंकवाद का खौफनाक चेहरा

लोकमित्र गौतम

आतंकवाद की दुनिया बदल चुकी है। कभी खतरे की पहचान किसी संगठन, किसी प्रतिबंधित झंडे, छिपकर चलाये जाने वाले प्रशिक्षण शिविर या हथियारों के बड़े जखीरे से होती थी। फिर आतंकवाद ने डिजिटल दुनिया में कदम रखा। अब किसी हमले के लिए बड़े संगठन, बड़ी टीम और लंबी योजना हमेशा जरूरी नहीं रह गई है। एक व्यक्ति, उसके भीतर पलता कोई कट्टरवादी विचार, इंटरनेट से मिलने वाली जरूरी सूचनाएं और आधुनिक तकनीक तक उसकी पहुंच। कभी-कभी यह कम्बीनेशन इतना खतरनाक हो जाता है, जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती। यही वजह है कि इन दिनों 'लोन वुल्फ' यानी अकेला हमलावर सुरक्षा एजेंसियों के सामने इतिहास की सबसे जटिल चुनौती बन चुका है। 30 सितंबर 2026 को खौफ के एक नये अध्याय की तरह सामने आया हमाम-अल हमामी प्रकरण लोन वुल्फ की इसी भयानक खतरे की ओर इशारा करता है। इस संबंध में अब तक उपलब्ध ब्यौरे के मुताबिक दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाइट एफजेड1073 में मौजूद ओमानी मूल का सह-पायलट हमाम-अल हमामी, जो फ्लाइट के भारतीय कैप्टेन स्मित मच्छार पर जानलेवा हमला करके प्लेन को क्रैश कराने की वारदात को करीब-करीब अंजाम दे चुका था, वह कट्टरपंथी अलकायदा के प्रति वैचारिक झुकाव रखता था। हालांकि संयोग से यह बेहद खौफनाक घटना महज कुछ सेकेंड के अंतराल से घटने से बच गई। लेकिन इस प्रकरण ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है, क्या आने वाले समय में कॉकपिट भी लोन वुल्फ की नई मांद बनकर उभरेगा?



'लोन वुल्फ' टेरर मॉड्यूल

हवाईजहाज आधुनिक तकनीक का सबसे उन्नत और संवेदनशील उदाहरण है। पायलटों की ट्रेनिंग, हवाईजहाज का सिस्टम, एयर ट्रैफिक कंट्रोल, सुरक्षा जांच और लगातार निगरानी। इन सबका उद्देश्य एक ही है, यात्रियों को सुरक्षित रखना। लेकिन इस पूरी व्यवस्था में सबसे महत्वपूर्ण तत्व है- मानव भरोसा। जिस व्यक्ति को विमान उड़ाने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है, उसे सिस्टम स्वाभाविक रूप से भरोसेमंद मानकर चलता है। यही भरोसा विमानन सुरक्षा की ताकत भी है और शायद सबसे बड़ी कमजोरी भी। किसी बाहरी हमलावर के लिए विमान तक पहुंचना बेहद कठिन है। लेकिन यदि खतरे का स्रोत वही व्यक्ति हो, जिसे कॉकपिट में बैठने की वैध अनुमति मिली है, तो कितनी भी कड़ी सुरक्षा तैयार की जाए, सब बेकार होगी। क्योंकि सुरक्षा की परंपरिक परत तो बाहर से आने वाली चुनौतियों के लिए डिजाइन की गई होती है। जिस व्यक्ति को इन चुनौतियों से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया जाता हो, अगर वही खतरा बन जाए तो भला उससे कैसे बचा जा सकता है? यही वह पहलू है, जिसके चलते लोन वुल्फ का खतरा बेहद गंभीर हो जाता है। क्योंकि जरूरी नहीं है कि ऐसा व्यक्ति किसी आतंकी संगठन से सीधे-सीधे जुड़ा ही हो। हो सकता है वह किसी



का सहारा आसान तरीका यह था कि आतंकवादी किसी न किसी संगठन से जुड़े होते थे और उनकी गतिविधियां उस संगठन की पहले से जानी-समझी गई गतिविधियों जैसी होती थीं। तब जांच एजेंसियां ऐसे आतंकियों को गिरफ्तार करके पूछती थीं, आखिर हमलावर किस संगठन से जुड़ा है? उसे किसने प्रशिक्षित किया है? उसकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए फंडिंग कहां से हुई और इस सबके बीच का केंद्रीय सवाल कि उसे यह आतंकी घटना अंजाम देने के लिए आदेश किसने दिया? इन सब सवालों के जरिये आतंकियों को 'डिकोड' करना आसान होता था। लेकिन हाल के सालों में जिस तरह से आतंक की दुनिया में 'लोन एक्टर मॉडल' की बार-बार खौफनाक गतिविधियां सामने आ रही हैं, उससे जाहिर होता है कि पारंपरिक चैकन्नेपन से इन आतंकियों को पकड़ना आसान नहीं है। क्योंकि इनका न तो कभी कोई स्पष्ट कमांड सेंटर होता है, न ही कोई बड़ा संगठन इन्हें आदेश देता है। दरअसल ये कट्टरपंथी खुद अपने आपको किसी विचारधारा से गहराई से जोड़ लेते हैं और फिर इंटरनेट से खंगालकर एक से एक खौफनाक आतंकी कार्यवाईयों को अपनी ही योजना के हिसाब से अंजाम देते हैं। यही कारण है कि आधुनिक सुरक्षा में अब केवल आतंकी या हमलावर किससे जुड़ा है, पूछना पर्याप्त नहीं रहा। अब इसे डिकोड करने के लिए कई किस्म की तकनीकी और मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाओं को अंजाम देना होता है।

इस नये हमलावर लोन वुल्फ का यही वैचारिक बदलाव विमानन सुरक्षा के लिए बेहद खतरनाक हो गया है। अगर कहा जाए कि इस पूरी कहानी में एआई सबसे नया और जटिल अध्याय है, तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। क्योंकि एक तरफ एआई किसी भी व्यक्ति को जहां खतरनाक से खतरनाक जानकारी खोजने, अंजान से अंजान भाषाओं का अनुवाद करने, आतंक के लिए सामग्री तैयार करने में सैद्धांतिक मदद देने और आतंकी को अपनी पहचान छिपाने के लिए एक से बढ़कर एक तरकीब सुझाने की जो सुविधा दी है, उसने आतंक के एक ऐसे भयावह इको-चैंबर को जन्मा है, जो किसी भी तरह की आधुनिक सुरक्षा को आसानी से भेद जाता है। एक तरफ जहां एआई सुरक्षा एजेंसियों का शक्तिशाली उपकरण है, वहीं एआई आतंकियों के लिए आतंक मचाने को सबसे मौलिक और पूर्वानुमान में न पकड़े जाने वाले शक्तिशाली उपाय बताता है। व्यवहार में अचानक आये बदलाव, संदिग्ध डिजिटल पैटर्न, सोशल नेटवर्क में असामान्य गतिविधि और विभिन्न स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं को जोड़कर एआई संभावित जोखिम की पहचान में मदद करती है। इसी सबको देखते हुए कॉकपिट की सुरक्षा अब केवल दरवाजे की सुरक्षा नहीं रही। विमानन सुरक्षा को लंबे समय तक मुख्यतः भौतिक सुरक्षा के नजरिये से देखा गया है- कौन इसमें प्रवेश कर रहा है, कौन प्रतिबंधित क्षेत्र में जाने की कोशिश कर रहा है, कौन सा सामान भीतर जा रहा है। लेकिन अब सुरक्षा की सुनिश्चितता इस सरल तरीके की सजगता से कहीं आगे बढ़ चुकी है।

आज पायलट की भर्ती से लेकर उसकी नियमित सुरक्षा जांच, मानसिक और व्यवहार संबंधी आंकलन, डिजिटल जोखिमों की पहचान, रिपोर्टिंग सिस्टम और ऐसी व्यवस्था जिसमें सहकर्मी असामान्य व्यवहार को बिना भय के रिपोर्ट कर सकें, सुरक्षा की ये कड़ियां महत्वपूर्ण हैं। लोन वुल्फ की सबसे बड़ी विशेषता शायद यह है कि वह किसी परंपरिक आतंकी नेटवर्क जैसा दिखायी नहीं देता। इसके पास जरूरी नहीं है कि हथियार या हथियारों का जखीरा हो। जरूरी नहीं है कि वह किसी प्रशिक्षण शिविर में गया ही हो। लेकिन उसके व्यौहार में भविष्य के खतरे के संकेत साफ दिखायी पड़ते हैं। यही एआई मदद कर सकता है। लेकिन अंतिम निर्णय इंसानों को ही करना होगा। हमाम-अल हमामी का मामला इसी बहस को सामने लाता है, इसकी जांच के लिए अंतिम निष्कर्ष चाहे जो हों, एक बात स्पष्ट है कि आधुनिक आतंकवाद को समझने के लिए अब केवल सीमा, संगठन और हथियारों की तरफ देखना ही पर्याप्त नहीं है।

आप की बात

महंगाई से जरूरी है राहत

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की घटती कीमतों के मद्देनजर यह जरूरी है कि सरकार पेट्रोल एवं डीजल के दामों में कुछ राहत प्रदान करे। सरकार मंहगायी कम करने के लिए सीधे बाजार हस्तक्षेप करे। महंगायी पर सीधे प्रहार के लिए यह जरूरी है कि पेट्रोलियम उत्पादों जैसे पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, पीएनजी, एलपीजी आदि के दाम में कटौती की जाये। इससे महंगाई कम करने में मदद मिलेगी। सरकारी आंकड़े चाहे जो हों आम आदमी महंगाई से परेशान है और इसमें पेट्रोलियम कीमतें आग लगाने का काम कर रही हैं। कोरोना संकट के समय टैक्स में जो कमी हुई उसे पूरा करने के लिए सरकार ने पेट्रोलियम पर कर बहुत अधिक बढ़ा दिया जिसके कारण सस्ते तेल का लाभ भी आम जनता को नहीं मिला और अब तो कीमतें सर्वकालिक ऊंचाई पर पहुंच गयी हैं। इसलिए यह जरूरी है कि तेल के दाम में कटौती की जाये। वैसे पूर्व में जब तेल के दाम बढ़ते थे तो विरोध भी होता था लेकिन डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस के दाम काफी बढ़ गये हैं लेकिन गंभीर राजनीतिक विरोध देखने को नहीं मिला। पूर्व में जब अंतर्राष्ट्रीय कारणों से जब तेल के दाम बढ़ जाते थे तो भी राजनीतिक दल सड़क पर इतना गदर काटते की देश की अर्थव्यवस्था को लेकर लोगों के दिमाग में गलत समझ बनने लगी थी। तेल की महंगाई में दो-तीन महीने में गरीब आदमी को मुश्किल से दो-तीन सौ रुपये अधिक खर्च करने पड़ते थे लेकिन पार्टियां पूरा आसमान उठा लेती थीं। आमजन आर्थिक पहलुओं को समझने के बजाय पार्टियों के बहकावे में आ जाता और यही कारण है सरकार विरोधों में दब जाती।

विवेक कुमार प्रजापति, लखनऊ.

विपक्ष की सियासत

सियासत लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन इसी अति दरअसल राज्यतंत्र को कमजोर करती है। चुनाव के समय राजनीति होनी चाहिए लेकिन चुनाव के बाद सभी को विकास और जन कल्याण पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। विपक्ष इस लोकतांत्रिक आदर्श के प्रतिकूल बर्ताव कर रहा है, जो कि उचित नहीं है। नीति आयोग देश की आर्थिक प्रगति, शतत विकास के साथ समावेशी आर्थिक नीतियों के जरिए गरीबी निवारण, रोजगार सृजन, आर्थिक असमानता को कम करने के साथ उन तमाम मुद्दों पर नीतियां बनाने, केन्द्र सरकार को जरूरी सलाह और इनपुट्स देने का काम करता है जो देश की आर्थिक प्रगति को लेकर प्रासांगिक मुद्दे हैं। दुर्भाग्य से अब इंडिया गठबंधन की बहिष्कार की सियासत यहां भी पहुंच गयी है।

जीतेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

कांशीराम कॉलोनी के पास युवक से मारपीट

ललितपुर। थाना कोतवाली क्षेत्र के काशीराम कॉलोनी के पास एक युवक के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद महिलाओं सहित पांच से छह अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुहल्ला गोविंद नगर रावतयाना निवासी भूपेंद्र पाल पुत्र बालकिशन ने कोतवाली पुलिस को दी लिखित शिकायत में बताया कि 10 अक्टूबर 2026 को सुबह करीब 11 बजे वह काशीराम कॉलोनी के पास बैठा हुआ था। इसी दौरान पड़ौस में रहने वाली एक महिला, अपनी महिला साथियों व अपने साथ पांच से छह अज्ञात लोगों को लेकर वहां पहुंचीं।

आरोप है कि मौके पर पहुंचे लोगों ने उससे कहा कि यदि उसने उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तो उसे जान से मार दिया जाएगा। इसके बाद आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की।

आरोपियों ने पुलिस या किसी अन्य कानूनी प्रक्रिया का सहारा लेने पर दोबारा जान से मारने की धमकी दी और मौके से चले गए।

पंचमी पर शारदा माता मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, चुनरी चढ़ाकर की पूजा-अर्चना



जिला संवाददाता

ललितपुर। शारदीय नवरात्रि की पंचमी के पावन अवसर पर तालाबपुरा स्थित शारदा माता मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

भक्तों ने माता रानी को चुनरी, श्रृंगार सामग्री, फल-फूल अर्पित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। माता रानी के जयकारों से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा और वातावरण भक्तिमय बना रहा। नवरात्रि के अवसर पर नगर के विभिन्न झांकी स्थलों और पंडालों से श्रद्धालुओं ने धूमधाम से चुनरी यात्रा निकाली। भक्तजन भक्ति भाव के साथ चुनरी लेकर शारदा माता मंदिर पहुंचे और माता रानी को चुनरी अर्पित कर दर्शन-पूजन किया। श्रद्धालुओं ने

- झांकियों और पंडालों से निकली चुनरी यात्रा, कन्याओं की नृत्य प्रस्तुति ने मोहा मन

आरती उतारकर सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर में छोटी-छोटी कन्याओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे देखकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो गए। मंदिर में पूरे दिन धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। भक्ति गीतों और जयकारों से मंदिर परिसर नवरात्रि की उमंग में सराबोर नजर आया। शारदा माता मंदिर तालाबपुरा प्रबंधक डा.राजेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि मंदिर का निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने श्रद्धालुओं और धर्मप्रेमी नागरिकों से अपनी श्रद्धा एवं सामर्थ्य के अनुसार सहयोग राशि देकर निर्माण कार्य में योगदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इच्छुक श्रद्धालु मंदिर प्रबंधक से संपर्क कर सहयोग प्रदान कर सकते हैं।

एसडीएम कोर्ट से हुई हदबंदी के पत्थर उखाड़कर खेत पर कब्जे का आरोप

जिला संवाददाता

ललितपुर। महरौनी थाना क्षेत्र में जमीन की विधिवत हदबंदी के बाद लगाए गए सीमा चिह्न उखाड़कर खेत जोतने और अवैध कब्जा करने का मामला सामने आया है। ग्राम लरगन निवासी एक महिला ने तीन लोगों पर न्यायालय के आदेश से निर्धारित जमीन की सीमा के पत्थर उखाड? और खेत पर कब्जा करने का आरोप लगाया है।

- महिला की शिकायत पर महरौनी पुलिस ने दर्ज की एफआईआर
- राजस्व टीम ने लगाये थे सीमा चिह्न
- कृषि भूमि आराजी संख्या 195, जिसका रकबा 2.224 हेक्टेयर है

तहरीर पर महरौनी पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम लरगन निवासी गीता पत्नी कल्याण सिंह ने पुलिस को दी लिखित शिकायत में बताया कि मौजा बम्हौरी बलीराम स्थित उनकी कृषि भूमि आराजी संख्या 195, जिसका रकबा 2.224 हेक्टेयर है, की हदबंदी उपजिलाधिकारी न्यायालय महरौनी में वाद के तहत कराई गई थी। पीड़िता के अनुसार, न्यायालय के आदेश पर तीन दिसंबर 2024 को हदबंदी की प्रक्रिया पूरी हुई थी। इसके बाद दो जून 2026 को राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर लेखपाल और कानूनगो की मौजूदगी में जमीन की सीमा निर्धारित करते हुए पत्थरगड्डी एवं एंगिल लगाकर सीमांकन चिह्न स्थापित किए थे।

गीता का आरोप है कि 10 अक्टूबर 2026 को ग्राम मुडि?ा सैदपुर निवासी राघवेन्द्र सिंह, अर्जुन सिंह और रघुवीर सिंह ने उनकी आराजी संख्या 195 पर लगाए गए सीमांकन के पत्थर उखाड़ दिए और खेत को जोत लिया। पीड़िता के मुताबिक, इसके बाद 12 अक्टूबर 2026 को आरोपियों ने जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया।

महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि न्यायालय के आदेश पर निर्धारित की गई जमीन की सीमा के साथ छेड़छाड़ कर उनकी कृषि भूमि पर कब्जा किया गया है। मामले में उन्होंने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। तहरीर के आधार पर महरौनी पुलिस ने बीएनएस की धारा 329(3) के तहत कार्रवाई की गई है।

15वां सामूहिक विवाह व निकाह समारोह में 81 जोड़ो ने खाई जीने मरने की कसमें



बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा नवीन गल्ला मण्डी में आयोजित 15वां सामूहिक विवाह व निकाह समारोह गायत्री परिवार द्वारा देर शाम सकुशल सम्पन्न कराया गया। समारोह मे कुल 81 जोड़ो ने एक दूसरे के साथ जीने मरने की कसमें खाई। जिसमे मुख्य अतिथि भाकियू युवा विंग राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत ने पहुंच वर वधू को आशीर्वाद दिया। तत्पश्चात महात्मा टिकैत व मुकेश सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि भाकियू युवा विंग राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि ऐसे समारोह प्रत्येक जनपद में आयोजित होने चाहिए ताकि वैवाहिक कार्यक्रमो में बढ़ रही फिजूलखर्ची पर विराम लग सके। इसके पश्चात मंडप के नीचे वेदियों पर बैठे 78 जोड़ो को गायत्री परिवार पुरोहितों द्वारा मंत्र जाप के साथ विवाह रस्म की अदा कराई गई। तो वही मंडप से थोड़ी दूर पर बने पंडाल में तीन निकाह भी सम्पन्न हुये। विवाह उपरान्त सभी जोड़ो को भाकियू पदाधिकारियों द्वारा उपहार देकर विदा किया गया। इस दौरान नवनियुक्त विवाह जोडो को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजवीर सिंह जादौन, प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा, खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश चन्द शर्मा, काग्रेस सांसद तनुज पुनिया, पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप, पूर्व कारागार मंत्री राकेश कुमार वर्मा, पूर्व एमएलसी राजेश यादव राजू, भाजपा जिलाध्यक्ष भुल्लन वर्मा, ब्लॉक प्रमुख धर्मेन्द्र यादव, पूर्व प्रमुख सुरेन्द्र सिंह आदि ने वर वधू को अपना आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कामिल बने सचिव, मंजर अब्बास अध्यक्ष, शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने किया फेरबदल



बाराबंकी। शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड उ0प्र ने जनपद बाराबंकी मे बड़ाफेर बदल करते हुवे वक्फ अमजद अली खा प्रबन्ध कमेटी मे 3 सदस्यीय अस्थायी प्रबन्ध कमेटी का गठन करते हुये मंजर अब्बास रिजवी को अध्यक्ष, कामिल आब्दी को सचिव व पत्रकार आसिफ हुसैन को सदस्य नियुक्त किया है। बृहस्पतिवार को प्रशासक वक्फ बोर्ड सैय्यद आबिद रजा द्वारा जारी किये गये नियुक्ति पत्र के बाद आज शुक्रवार को शिया समुदाय ने वक्फ बोर्ड के फैसले का स्वागत करते हुए नवनियुक्त नामित पदाधिकारियों का स्वागत किया। नवागत अध्यक्ष मंजर अब्बास रिजवी ने इस फैसले के बाद कहा कि वक्फ बोर्ड ने हमें जिम्मेदारी दी है। हम वक्फ बचाने की दिशा में काम करेंगे। तो वही नवागत सचिव श्री आब्दी ने कहा कि वक्फ संपत्ति की रक्षा करना हमारा काम है। नजफे हिन्द जोगीपुरा के पूर्व अध्यक्ष सैय्यद मुजाहिद हुसैन नकवी ने वक्फ बोर्ड के फैसले की सराहना करते हुये नवागत कमेटी को बधाई दी। सभासद सादिक हुसैन सहित एड़वोकेट मोहम्मद अब्बास जैदी ने वक्फ बोर्ड के फैसले को सराहनीय बताया। इस मौके पर गुलफाम आब्दी, जीशान नकवी, मजाहिर हुसैन, जीशान सहित शिया समुदाय के लोग मौजूद रहे।

जीएसटी घोटाले में बड़ा फैसला: 11.75 करोड़ के फर्जीवाड़े में आरोपी को मिली जमानत



बाराबंकी। आर्थिक अपराधों के मामलों में एक बड़ी कानूनी नजीर पेश करते हुए, इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने 11.75 करोड़ के फर्जी जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट घोटाले के मामले में मुकेश कुमार को जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति राजीव भारती ने थाना कोतवाली नगर, जिला बाराबंकी (मुकदमा अपराध संख्या 695/2025) से जुड़े इस मामले में यह आदेश पारित किया। उच्च न्यायालय में आरोपी का पक्ष अधिवक्ता शिवानी मौर्या, मोहम्मद शादाब सिद्दीकी और मोहम्मद मिसबाह की टीम ने मजबूती से अपना पक्ष रखा। आर्थिक अपराधों के कड़े रुख के बीच इस आदेश को विधिक गलियारों में बेहद असाधारण माना जा रहा है। वाणिज्य कर विभाग द्वारा दर्ज कराई गई इस एफआईआर में मैसर्स निषाद ट्रेडर्स नामक फर्म कागजों पर पूरी तरह फर्जी पाई गई थी, जिसने 65.31 करोड़ का टर्नओवर दिखाकर करोड़ों का राजस्व घोटाला किया था। बचाव पक्ष के वकीलों ने अदालत में साबित किया कि आरोपी केवल आठवीं पास एक गरीब व्यक्ति है, जिसके खोए हुए आधार और पैन कार्ड का दुरुपयोग कर साइबर अपराधियों ने यह फर्जी फर्म बनाई थी। अदालत ने पाया कि धोखाधड़ी में प्रयुक्त मोबाइल नंबर और बैंक खाता किसी अन्य व्यक्ति का था, आरोपी का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है और चार्जशीट दाखिल होने के बाद उसे और जेल में रखने का कोई औचित्य नहीं है, जिसके बाद कोर्ट ने जमानत अर्जी मंजूर कर ली।

ढोल-ताशों के धुन पर हुआ महाषष्ठी पूजा, रुद्रपूजा, देवी का आवाहन, महास्नान

जिला संवाददाता



बाराबंकी। नगर पालिका परिषद मे यूथ्स एसोसिएशन परिवार द्वारा आयोजित 57वां शारदीय नवदुर्गा पूजा ढ़ोल-ताशो की धुन पर महाषष्ठी पूजा, रुद्रपूजा देवी का आमंत्रण व ज्योति जलाना के साथ शुरू हुआ। सर्वप्रथम बंगाल के रहने वाले पुरोहित मनोतोष सरकार गागुली के नेतृत्व में 3 सदस्यीय पूजा

- बंगाल के पुरोहित मनोतोष सरकार गागुली ने गणेश वन्दना के साथ की पूजा-अर्चना की शुरुआत

प्रभारी रामधन मुखर्जी, राजेश सिंह, रामानन्द गुप्ता ने गणेश भगवान की वन्दना के साथ विधिवत पूजा अर्चना की। तथा शाम 7:20 बजे कैलाश नाथ शर्मा उनकी पत्नी सरिता शर्मा द्वारा रूद्रपूजा, देवी का आमंत्रण, महास्नान किया गया। जंहा हजारों की संख्या में भक्तों ने मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा महोत्सव में बृजलाल सावलानी, राजेश गुप्ता किलटू, राजन शर्मा, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, अर्पित गुप्ता, शरदराज सिंह, सुशील गुप्ता, रविनन खंजाची, अनुराग गुप्ता, राम भजन, राजेश सिंह, सौमित्र भट्टाचार्य, नरेश राय, एसके शाह सहित मौजूद रहे।

सैनिक बंधु की बैठक में पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर हुई सुनवाई

ललितपुर। कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को सैनिक बंधु की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) संजय मिश्रा की अध्यक्षता में हुई बैठक में भूतपूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों और

- लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश
- एडीएम नमामि गंगे ने दिया आश्वासन



दिवंगत सैनिकों की विधवाओं की समस्याओं को सुना गया। इस दौरान लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। बैठक के प्रारंभ में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल आशीष अहलूवालिया (अ.प्रा.) ने अपर जिलाधिकारी संजय मिश्रा का आभार व्यक्त किया। इसके बाद उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा भूतपूर्व सैनिकों, उनके परिवारों और आश्रितों के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

उन्होंने योजनाओं के माध्यम से मिलने वाले लाभों से भी उपस्थित लोगों को अवगत कराया। बैठक में पिछली सैनिक बंधु बैठक के दौरान उठाई गई समस्याओं के निस्तारण की समीक्षा की गई। साथ ही लंबित प्रकरणों की अद्यतन स्थिति पर चर्चा हुई। समीक्षा के दौरान सामने आया कि कुछ समस्याओं का समाधान किया जा चुका है, जबकि कई प्रकरण अभी लंबित हैं। इस पर अपर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शेष समस्याओं पर शीघ्र कार्रवाई करते हुए उनका निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी संजय मिश्रा ने पूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों और वीर नारियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित लोग नियमित रूप से सैनिक बंधु की बैठकों में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखें, ताकि उनका समयबद्ध समाधान किया जा सके। बैठक में पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों से जुड़ी समस्याओं के समाधान, लंबित मामलों की प्रगति और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पर विशेष जोर दिया गया। प्रशासन की ओर से भरोसा दिलाया गया कि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के प्रकरणों में आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें राहत दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

तीनों लोक में जयंत को नहीं मिली शरण, राम ने किया उद्धार



बाराबंकी। कुटिलता दिखाने वाले को दंड देने से किसी प्रकार की मयार्दा का उल्लंघन नहीं होता है। तभी तो मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम ने वनवास के दौरान इंद्र देव के पुत्र जयंत की कुटिलता पर उसे दंड देने में कोई संकोच नहीं किया। लेकिन जब वह व्याकुल होकर शरण में आया तो शरणागत की रक्षा करने में भी उन्होंने देर नहीं लगाई। दशहराबाग की

- कुटिलता को दंड, शरणागत को शरण, श्री राम ने जयंत का उद्धार कर दिया पुरुषोत्तम का संदेश

सुप्रसिद्ध रामलीला का मंचन शुरू होता है सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुरू होता है, रामायणी प्रमोद पाठक मानस के दोहों के अनुसार लीला प्रारंभ कराते है, चित्रकूट पर्वत पर प्रभु श्री राम माता सीता का श्रृंगार कर रहे है, इसी दौरान आकाश मार्ग से उड़ते हुए इंद्रपुत्र जयंत की नजर इस दृश्य पर पड़ती है और वह भ्रमित हो गए और मन ही मन सोचने लगे कि श्री राम ब्रह्मचारी कैसे हो सकते है और परीक्षा लेने के लिए कौवे का रूप धारण कर जानकी के चरणों में चोंच से प्रहार करते है, प्रभु श्री राम एक कुश को अभिमंत्रित करके जयंत पर छोड़ देते है, जयंत तीनों लोक भागते है, ब्रह्मा विष्णु, महेश से शरण मांगते है लेकिन किसी ने शरण नही दी।

माता अनुसुइया सीता जी को पतिव्रत धर्म की शिक्षा देती है, एकई धर्म, एक व्रत नेमा, काम वचन, मन,पतिपद प्रेमा, हर स्त्री के लिए एक ही व्रत एक ही धर्म केवल पति चरणों की सेवा करती रहे, आगे मार्ग में विराध राक्षस मिला, सामने आते ही श्री रघुनाथ जी ने उसे मार कर उद्धार किया, श्री राम के हाथ से मरते ही तुरंत सुंदर दिव्य रूप प्राप्त कर लिया, प्रभु ने उसे परमधाम भेज दिया। इस दौरान लीला व्यास प्रमोद पाठक, समिति प्रबंधक रामलखन श्रीवास्तव, शिव कुमार वर्मा, अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, विनय सिंह, शैलेन्द्र सिंह, अंकित गुप्ता गोलू, राजू पटेल, राजेश गुप्ता, राकेश वर्मा, अक्षत, मीडिया प्रभारी नितेश मिश्रा मौजूद रहे।

मिशन शक्ति अभियान के तहत 23 दंपत्तियों को किया गया सम्मानित



ललितपुर। मिशन शक्ति अभियान फेज-6 के अंतर्गत पारिवारिक विवादों के निस्तारण और परिवारों में आपसी सामंजस्य बनाए रखने की दिशा में किए गए प्रयासों के तहत शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मिशन जागृति के तहत परिवार परामर्श केन्द्र के माध्यम से सफलतापूर्वक निस्तारित कराए गए पारिवारिक प्रकरणों से संबंधित 23 दम्पत्तियों को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। एएसपी कालू सिंह ने दम्पत्तियों एवं उनके परिजनों से संवाद किया। इस दौरान पारिवारिक विवादों के निस्तारण के बाद उनके वर्तमान हालात की जानकारी ली गई और सभी से उनकी कुशलक्षेम पूछी गई। साथ ही, परिवार परामर्श केन्द्र के माध्यम से सुलझाए गए मामलों के संबंध में संबंधित परिवारों से फीडबैक भी प्राप्त किया गया। पुलिस अधिकारियों ने परिवारों से बातचीत कर यह जानने का प्रयास किया कि विवादों के निस्तारण के बाद उनके पारिवारिक संबंधों की स्थिति कैसी है। कार्यक्रम का उद्देश्य निस्तारित प्रकरणों से जुड़े परिवारों से संपर्क बनाए रखना, उनकी स्थिति की जानकारी लेना तथा पारिवारिक मामलों में संवाद और आपसी समझ के महत्व को प्रोत्साहित करना रहा। मिशन शक्ति अभियान के फेज-6 के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा मिशन जागृति के तहत किए गए प्रयासों से जुड़े 23 दम्पत्तियों को सम्मानित किया गया। इस पहल के माध्यम से पारिवारिक विवादों के समाधान के बाद भी परिवारों से संवाद बनाए रखने और उनकी कुशलक्षेम जानने पर जोर दिया गया।

अंतिम संस्कार की तैयारी के दौरान खांसने लगीं मृत घोषित महिला, अस्पताल में भर्ती

गोरखपुर। जिले में एक निजी अस्पताल में मृत घोषित की गई 56 वर्षीय महिला घर पर अंतिम संस्कार की तैयारियों के दौरान अचानक खांसने लगीं। परिजन इसके बाद उन्हें तत्काल बीआरडी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले गए, जहां उनका इलाज जारी है। परिजन ने बताया कि बड़हलगंज थाना क्षेत्र के बेलवा दाखिली गांव की निवासी ललिता देवी को बीमार होने के बाद एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था।

परिजनों के अनुसार, ललिता एक सप्ताह से बुखार से पीड़ित थीं और गांव के पास एक निजी चिकित्सक से उनका इलाज जारी था। परिजनों ने बताया कि मंगलवार को तबीयत बिगड़ने पर उन्हें बड़हलगंज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने ब्रेन हैमरेज की आशंका जताते हुए उन्हें गोरखपुर ले जाने की सलाह दी। ललिता के देवर चंद्रमौली यादव ने बताया कि गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में बुधवार को चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया और परिजनों से शव घर ले जाने को कहा। गांव पहुंचने पर परिजनों ने अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू कर दीं। बांस की अर्थी तैयार कर ली गई थी और महिलाएं अंतिम संस्कार की रस्में निभा रही थीं लेकिन इसी दौरान ललिता के मुंह में तुलसी का पानी डालते ही उन्हें खांसी आने लगी। परिजन उन्हें तुरंत बीआरडी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले गए। इस मामले में अस्पताल की ओर से महिला की चिकित्सकीय स्थिति और उन्हें मृत घोषित किए जाने की परिस्थितियों पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया।

वाद-विवाद व मेहंदी प्रतियोगिता में 225 छात्रों ने किया रचनात्मकता और कलात्मक कौशल का प्रदर्शन



बाराबंकी। नगरपालिका प्रांगण मे यूथ एसोसिएशन के तत्वाधान मे आयोजित 57वीं शारदीय नवदुर्गा पूजा महोत्सव में आज शुक्रवार को जूनियर व सीनियर वर्गो मे मेहदी व वाद विवाद प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। निर्णायक मण्ड़ल के रुप उपस्थित जजो मेहदी प्रतियोगिता हेतु रुपाजंलि शर्मा, राशि चैरसिया, विनीता जायसवाल व वाद विवाद प्रतियोगिता हेतु डा0 सुजीत चतुवेर्दी, डा0 वीर विक्रम सिंह, डा0 पी0जे0 पाण्डे, डा0 अविनाश मिश्रा, बार एसोसिएशन पूर्व अध्यक्ष हरीश अग्निहोत्री, अन्नू सिंह का प्रतियोगिता प्रभारी अजय शुक्ला

- हथेलियों पर खूबसूरत मेहंदी डिजाइन और वाद विवाद पर अपने तर्क किये प्रस्तुत

व उप प्रभारी रामेन्द्र दीपक, यूथ एसोसिएशन कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता किल्टू, पत्रकार परमजीत सिंह विक्की द्वारा मोमटो देकर स्वागत किया गया

। प्रतियोगिता में छात्राओं द्वारा हथेलियों पर खूबसूरत मेहंदी के डिजाइन और विभिन्न कलाकृतियो मे रचनात्मकता और कलात्मक कौशल साफ नजर आया। तो वही वाद विवाद मे जूनियर वर्ग मे वर्तमान भारत मे समाज संस्कार और अनुशासन एंव सीनियर वर्ग मे क्या तकनीक विद्यार्थियो को अधिक सक्षम बना रही या उन्हे तकनीक पर अधिक निर्भर बना रही है विषय पर छात्र-छात्राओ ने निर्णायक मण्डल के समक्ष शानदार तार्किक क्षमता, बोलने की कला और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता मे मेहदी जूनियर व सीनियर वर्ग मे 110 छात्राओ व वाद विवाद मे जूनियर व सीनियर वर्ग के 115 छात्र-छात्राओ ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर शिवेंद्र सिंह, आशुतोष मिश्रा, आभा कपूर, शेफाली निगम, लतिका राज, ऋषभ श्रीवास्तव, अमन द्विवेदी, सूर्यांश शुक्ला, प्रखर कपूर, आर्यवीर सिंह, आदित्य कुमार गिरि, मौजूद रहे।

दुर्गा पूजा, दशहरा, प्रतिमा विसर्जन की तैयारियों की मंडलायुक्त और डीआईजी ने की समीक्षा

- शोभायात्रा मार्गों की मरम्मत, विसर्जन स्थलों पर नाव एवं पीए सिस्टम की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश



बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार मे दुर्गा पूजा, दशहरा एवं दुर्गा प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रमों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर मंडलायुक्त अयोध्या राजेश कुमार एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक अयोध्या सोमेन वर्मा ने समीक्षा बैठक की। बैठक मे मंडलायुक्त ने दुर्गा पूजा एवं दशहरा के अंतर्गत निकलने वाली शोभायात्राओं के मार्गों पर जहां सड़क मरम्मत का कार्य शेष है, उसे तत्काल पूर्ण कराने, आसपास के जनपदों से आने वाली दुर्गा प्रतिमाओं के संबंध में संबंधित जनपद अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने, ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित प्रतिमा विसर्जन घाटों को विकास विभाग के माध्यम से सुव्यवस्थित कराने, पर्याप्त प्रकाश सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने, दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन केवल निर्धारित विसर्जन स्थलों पर ही कराये जाने को लेकर सम्बधित अधिकारियो को निर्देशित किया। साथ ही आयोजन स्थलों पर अग्निशमन एवं विद्युत सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा चिकित्सा सुविधाओं की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित कर प्रतिमा विसर्जन स्थलों पर आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों के साथ आपातकालीन बचाव संसाधनों की उपलब्धता भी सुनिश्चित करे। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने सभी प्रतिमा विसर्जन स्थलों पर आवश्यकतानुसार नावों की व्यवस्था, सुरक्षा एवं निगरानी के लिए शिफ्टवार ड्यूटी लगाने, सभी विसर्जन स्थलों पर पीए सिस्टम की व्यवस्था, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों को चिह्नित कर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती तथा आयोजकों एवं शांति समितियों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने पर जोर दिया। बैठक में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक रवीना त्यागी, मुख्य विकास अधिकारी पंकज वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी एवं दक्षिणी, समस्त उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत तथा विद्युत, लोक निर्माण विभाग, अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

ऑनलाइन हो या आमने-सामने, हर शिकायत का गंभीरता से करें निस्तारण : प्रमुख सचिव गृह

गोरखपुर। शासन की प्राथमिकता है कि आम नागरिकों की शिकायतों का निस्तारण गंभीरता, संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ किया जाए। शिकायत चाहे ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त हुई हो या कोई आवेदक व्यक्तिगत रूप से अधिकारी से मिलकर प्रार्थना पत्र सौंपे, दोनों को समान गंभीरता से लिया जाना चाहिए। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने लखनऊ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को यह निर्देश दिया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में गोरखपुर के ई-डिस्ट्रिक्ट कक्ष में जिलाधिकारी दीपक मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कोस्तुभ, नगर आयुक्त अजय जैन, पुलिस अधीक्षक यातायात मनीष श्रीवास्तव और अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. वैभव शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। प्रमुख सचिव गृह ने अधिकारियों को शिकायत निस्तारण की प्रक्रिया को गंभीरता से लेने और प्रत्येक प्रकरण में नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी शिकायत को केवल इसलिए कम महत्व नहीं दिया जाना चाहिए कि वह ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त हुई है। इसी तरह व्यक्तिगत रूप से प्रार्थना पत्र लेकर पहुंचने वाले आवेदक की समस्या को भी पूरी गंभीरता से सुना जाए। शिकायत का माध्यम अलग हो सकता है, लेकिन उसका समाधान करना संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी है। शासन की मंशा है कि नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें समयबद्ध तरीके से राहत मिल सके।

संक्षेप

बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने अपनी मौजूदगी को और सशक्त बनाया

लखनऊ।बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने लखनऊ में मिनी के लॉन्च के साथ उत्तर प्रदेश में अपनी मौजूदगी को और सशक्त बना लिया है। रीटेलडाटनेक्सट स्पीड मोटरवैगन युनिट बीएमडब्ल्यू ,मिनी और बीएमडब्ल्यू मोटोरराड को एक ही छत के नीचे लेकर आई है।इससे प्रदेश की राजधानी लखनऊ के ग्राहकों को ग्रुप के पूरे प्रीमियम मोबिलिटी पोर्टफोलियो के साथ-साथ सेल्स और आफ्टर-सेल्स सेवाओं का भी बेहतरीन अनुभव मिलेगा।लखनऊ में मिनी कूपर ऑक्सफोर्ड एडिशन का नेशनल लॉन्च किया गया। मिनी कूपर ऑक्सफोर्ड एडिशन रुपए 55,50,000 एक्स शोरुम मे उपलब्ध होगी । मिनी कूपर ऑक्सफोर्ड एडिशन के साथ, ब्रांड अपनी ब्रिटिश जड़ों का जश्न मना रहा है। इस अवसर पर हरदीप सिंह ब्रार, प्रेजीडेन्ट एवं सीईओ बीएमडब्ल्यू ग्रूप इंडिया ने कहा कि लखनऊ एक महत्वपूर्ण लक्जरी मार्केट है, यहां के ग्राहक ऐसे ब्राण्ड्स की उम्मीद रखते हैं जो उनके व्यक्तित्व और आकांक्षाओं पर खरे उतरें।2012 से, बीएमडब्ल्यू ने अपने शानदार पोर्टफोलियो, बेहतरीन अनुभवों और मजबूत स्थानीय उपस्थिति के जरिए इस मार्केट को आकार दिया है।उत्तर प्रदेश के लक्जरी इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट हमारी अग्रणी स्थिति आधुनिक और सस्टेनेबल मोबिलिटी के प्रति बढ़ती पसंद और हमारे इलेक्ट्रिक पोर्टफोलियो की मजबूती को दर्शाती है।मिनी अपने खास स्टाइल, दमदार परफॉर्मेन्स और अनोखे कैरेक्टर के चलते लखनऊ के लोगों की स्वाभाविक पसंद है और खुद को अभिव्यक्त करने के उनके शौक के लिए एकदम परफेक्ट है।

इको और फायर टीवी डिवाइस पर छूट की घोषणा

बंगलुरु। अमेजन का ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2026 शुरू हो चुका है। इसमें इको स्मार्ट स्पीकर और स्मार्ट डिस्प्ले, फायर टीवी स्ट्रीमिंग स्टिक और बिल्ट-इन फायर टीवी के साथ स्मार्ट टीवी पर आकर्षक डील मिल रही हैं।चाहे आप वॉइस कंट्रोल से रोजमर्रा के कामों को आसान बनाएँ, अपने टीवी स्ट्रीमिंग के अनुभव को बेहतर बनाएँ या स्मार्ट होम को आसानी से मैनेज करें, हर किसी के लिए यहाँ कुछ न कुछ है।इस फेस्टिव सीजन कोई भी इको स्मार्ट स्पीकर, स्मार्ट डिस्प्ले या फायर टीवी स्टिक खरीदें और ऑल-न्यू एलेक्सा+ की मुफ़्त अरली एक्सेस प्राप्त करें। एलेक्सा+ अमेजन का जनरेटिव ए.आई-पॉवर्ड पर्सनल असिस्टैंट है, जो बातचीत करने में सक्षम, अधिक बुद्धिमान, आपकी पसंद के अनुसार ढलने वाला और भारतीय संदर्भों, संस्कृति और रोजमर्रा की ज़िंदगी को समझने वाला है और यह वास्तविक दुनिया में काम करता है। एलेक्सा या एलेक्सा + द्वारा पॉवर्ड स्मार्ट स्पीकर और स्मार्ट डिस्प्ले आपको केवल वॉइस कमांड देकर काम करवाने का ज्यादा स्मार्ट और सुविधाजनक तरीका प्रदान कर रहे हैं।

लॉजिटेक ने 'मेक इन इंडिया' विजन को मजबूत किया

नई दिल्ली। लॉजिटेक ने आज घोषणा की कि भारत में स्थानीय विनिर्माण शुरू हो गया है, जिसका उत्पादन मानेसर, हरियाणा में हो रहा है। यह लॉजिटेक के मौजूदा विनिर्माण क्षेत्र के और अधिक विविधीकरण को दर्शाता है। यह कदम स्थानीय घरेलू भागीदारों के सहयोग से स्थानीयकृत उत्पाद निर्माण और असेंबली को शामिल करने के लिए अपनी इन-कंट्री क्षमताओं को व्यापक बनाकर भारत के प्रति लॉजिटेक की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस बारे में लॉजिटेक के चीफ सप्लाई चेन ऑपरेशंस ऑफिसर चेनिनचेरी ने कहा कि भारत लॉजिटेक के लिए रणनीतिक रूप से एक महत्वपूर्ण बाजार है।यह लॉजिटेक की मौजूदा परिचालन क्षमताओं का विस्तार करता है, जिसमें चैनल मैनेजमेंट, मार्केटिंग सपोर्ट और चेन्नई स्थित ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर शामिल हैं।

हर घर दिवाली अभियान शुरू

नई दिल्ली। दिवाली की असली भावना खुशियां बांटने और यह सुनिश्चित करने में है कि त्योहार के उल्लास से कोई भी परिवार वंचित न रहे। इसी सोच के साथ पार्थ गौतम फाउंडेशन ने बरेली में अपने हर घर दिवाली अभियान 3.0 की शुरूआत की है।पिछले वर्ष इस पहल के माध्यम से 500 लोगों तक पहुंचने की सफलता के बाद फाउंडेशन ने इस वर्ष अपने अभियान का दायरा चार गुना बढ़ाते हुए शहर में 2,000 से अधिक लोगों तक त्योहार की खुशियां पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

सेंसेक्स में 414 अंकों की उछाल



मुंबई। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के शेयरों में तगड़ी खरीदारी और वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार दूसरे सत्र में बढ़त के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 414 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी में करीब 149 अंक की तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 413.66 अंक यानी 0.56 प्रतिशत बढ़कर 74,729.27 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 463.17 अंक चढ़कर 74,778.78 अंक तक पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 148.80 अंक यानी 0.65 प्रतिशत बढ़कर 23,146.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टेक महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 8.45 प्रतिशत चढ़ा। कंपनी ने जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 32.74 प्रतिशत बढ़कर।,585.6 करोड़ रुपये रहने की सूचना दी थी। इसके अलावा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस, भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस और एचसीएलटेक के शेयरों में भी तेजी रही। दूसरी तरफ, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। तिमाही नतीजों और कंपनियों के प्रबंधन की सकारात्मक टिप्पणियों से आईटी क्षेत्र की आय संभावनाओं को लेकर भरोसा बढ़ा है।कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और रुपये में मजबूती से भी बाजार धारणा को समर्थन मिला। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.30 प्रतिशत गिरकर 105.6 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 5,285.37 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की थी। शुक्रवार को बाजार में लगातार दूसरे सत्र में तेजी रही। तिमाही नतीजों के बाद आईटी शेयरों में खरीदारी बाजार की बढ़त का प्रमुख कारण रही, जबकि अन्य क्षेत्रों ने भी समर्थन दिया। रुपये में मजबूती जारी रहने से भी घरेलू बाजार की धारणा को बल मिला। इस बीच, बाजार नियामक सेबी ने समापन नीलामी सत्र (सीएएस) के ढांचे में संशोधन कर दिया है। नए नियमों के तहत 10 मिनट का समापन नीलामी सत्र सभी कारोबारी सत्रों में अपराह्न 3.30 बजे से 3.40 बजे तक चलेगा, जबकि सूचकांक और शेयर डेरिवेटिव में कारोबार कुछ अपवादों को छोड़कर 3.45 बजे तक जारी रहेगा। एक अहम बदलाव वायदा एवं विकल्प अनुबंधों की समाप्ति पर उनके निपटान से जुड़ा है। अब निपटान के लिए लगातार कारोबार के अंतिम 30 मिनट के दौरान के कारोबार के मात्रा-भारित औसत मूल्य (वीडब्ल्यूएपी) पद्धति का इस्तेमाल किया जाएगा।

डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे चढ़कर 94.92 पर



मुंबई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में मजबूत हुआ। यह सात पैसे की बढ़त के साथ 94.92 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक के हाजिर बाजार में डॉलर की मांग रोकने के लिए उठाए गए कदमों से रुपये में तेजी आई।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी ने रुपये की बढ़त को सीमित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 94.75 पर खुला। कारोबार के दौरान 94.71 का उच्च स्तर और 95.06 का निचला स्तर छुआ तथा अंत में पिछले बंद भाव से सात पैसे चढ़कर 94.92 (अस्थायी) पर बंद हुआ। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 18 पैसे मजबूत होकर 94.99 पर बंद हुआ था। रुपया अब 94 के आसपास एक महत्वपूर्ण समर्थन दायरे के करीब पहुंच रहा है। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के दबाव, अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी और विदेशी कोषों की लगातार निकासी ने आरबीआई को अपने हस्तक्षेप तेज करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि विदेशी मुद्रा प्रवाह को बढ़ाने के लिए आठ जून को विशेष उपायों के प्रभावी होने के बाद से आरबीआई ने हाजिर बाजार में डॉलर बिक्री और डॉलर-रुपया अदला-बदली के जरिये कथित तौर पर लगभग 75 से 80 अरब डॉलर झोंके हैं। आने वाले दिनों में रुपये की दिशा आरबीआई के हस्तक्षेप, कच्चे तेल की कीमतों और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल तथा विदेशी निवेशक प्रवाह की रफ्तार पर निर्भर करेगी। इसबीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ 101.445 पर रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 105.56 डॉलर प्रति बैरल पर था। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को शुद्ध आधार पर 5,285.37 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

1953 के बाद पहली बार आईएमएफ, विश्व बैंक संचालन मंडल की पाक संभालेगा कमान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान को वर्ष 2027 के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक समूह (डब्ल्यूबीजी) के संचालन मंडल का अगला प्रमुख नामित किया गया है। देश के आर्थिक मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि पाकिस्तान 1953 के बाद पहली बार इस पद पर लौटा है। आर्थिक मामलों के मंत्री और विश्व बैंक में पाकिस्तान के गवर्नर अहद खान चीमा को बैंकॉक में आयोजित डब्ल्यूबीजी-आईएमएफ वार्षिक बैठक 2026 के पूर्ण सत्र के दौरान औपचारिक रूप से आगामी प्रमुख घोषित किया गया। मंत्रालय ने इस घटनाक्रम को एक मील का पत्थर करार दिया और कहा कि यह अध्यक्षता पाकिस्तान को वैश्विक आर्थिक एवं विकास संबंधी चर्चाओं में योगदान देने और सदस्य देशों के बीच रचनात्मक संवाद को सुगम बनाने का अवसर प्रदान करेगी।

आईएमएफ-विश्व बैंक की वार्षिक बैठक 12 से 18 अक्टूबर तक हो रही है और इसमें 191 देशों के 15,000 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। पाकिस्तान सात अरब अमेरिकी डॉलर की विस्तारित निधि सुविधा (ईएफएफ) और 1.4 अरब अमेरिकी डॉलर की सुदृढ़ता एवं स्थिरता सुविधा के तहत अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ बातचीत कर रहा है।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8.58 अरब डॉलर घटा



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार नौ अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 8.58 अरब डॉलर घटकर 726.03 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 12.95 अरब डॉलर घटकर 734.61 अरब डॉलर रहा था। प्रवासी भारतीयों की जमा पर विशेष रियायती अदला-बदली योजना के तहत बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा आने से चार सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार अब तक के उच्चतम स्तर 785.71 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। इस योजना के जरिये बैंकों ने करीब 133 अरब डॉलर की रिकॉर्ड राशि जुटाई है। हालांकि, इसके बाद से विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार गिरावट आ रही है। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, नौ अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 7.14 अरब डॉलर घटकर 597.61 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। आरबीआई ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.32 अरब डॉलर घटकर 105.09 अरब डॉलर रहा। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 10.9 करोड़ डॉलर घटकर 18.55 अरब डॉलर रह गया। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित जमा भी एक करोड़ डॉलर घटकर 4.78 अरब डॉलर रह गया।

कांदा एक्सप्रेस 440 टन प्याज लेकर 18 अक्टूबर तक पहुंचेगी त्रिपुरा

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कहा कि प्याज का 440 टन बफर स्टॉक लेकर विशेष ट्रेन कांदा एक्सप्रेस के 18 अक्टूबर तक त्रिपुरा की राजधानी अगरतला पहुंचने की उम्मीद है। इससे राज्य में प्याज की आपूर्ति बढ़ाने और कीमतों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में प्याज की उपलब्धता बढ़ाने के लिए पहली बार कांदा एक्सप्रेस अगरतला पहुंचेगी। इससे त्रिपुरा के आठ में से सात जिलों- धलाई, दक्षिण त्रिपुरा, खोवाई, उनाकोटी, पश्चिम त्रिपुरा, गोमती और सिपाहीजाला में बाजारों तक प्याज की पहुंच बेहतर होने की उम्मीद है। मंत्रालय ने कहा कि इस कदम से पूर्वोत्तर में सरकार के प्याज वितरण नेटवर्क का विस्तार होगा। इससे पहले कांदा एक्सप्रेस के जरिये असम में बफर स्टॉक से प्याज भेजा गया था। बयान के मुताबिक, अब तक दो कांदा एक्सप्रेस ट्रेन के जरिये क्रमशः 840 टन और 452 टन प्याज तथा 44 ट्रकों के जरिये।,513.46 टन प्याज पूर्वोत्तर पहुंचाया गया है। वितरण के तहत असम, त्रिपुरा और नगालैंड के कामरूप, गुवाहाटी, गोमती, दीमापुर, सिपाहीजाला, कोहिमा, नियूलैंड और चुमौकेदिमा में प्याज पहुंचाया गया है।

एआई एजेंट के जरिये भारतीय संगठनों पर साइबर हमले



नयी दिल्ली। भारत की साइबर सुरक्षा एजेंसी सीईआरटी-इन ने गंभीर चेतावनी जारी करते हुए कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित स्वायत्त एजेंट ने बिना अनुमति भारतीय संगठनों की सक्रिय प्रणाली और गोपनीय डेटा तक पहुंच बनाई है। साथ ही, साइबर हमलावर तेजी से साइबर हमले करने के लिए मुक्त स्रोत वाले एआई एजेंट उपकरणों का इस्तेमाल कर रहे हैं। एआई एजेंट्स ऐज अटैक वेक्टर्स शीर्षक वाले अपने परामर्श (सीआईएडी-2026-0049) में भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) ने भारतीय संस्थाओं के सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने वाली घटनाओं की दो अलग-अलग श्रेणियों का उल्लेख किया है। पहली श्रेणी की घटनाओं में एआई मॉडल बनाने वाली कंपनियों ने स्वेच्छा से खुलासा किया कि शोध एवं मूल्यांकन के दौर से गुजर रहे स्वायत्त एआई मॉडल और एजेंट अपने निर्धारित कार्यों के लिए मिली अनुमति की सीमा से आगे निकल गए तथा भारतीय संगठनों की सक्रिय प्रणाली तक पहुंच गए। एजेंसी ने कहा कि इन गतिविधियों के दौरान एआई एजेंट ने व्यक्तिगत जानकारी और गोपनीय सामग्री वाले कारोबारी रिकॉर्ड पढ़े। उन्होंने इसके लिए उन क्रेडेंशियल और कनेक्शन सेटिंग का इस्तेमाल किया, जो एप्लिकेशन के कॉन्फिगरेशन, सार्वजनिक कोड रिपॉजिटरी और जरूरत से ज्यादा अधिकार वाले क्लाउड सेवा खातों में रह गए थे। खास बात यह रही कि प्रभावित संगठनों में से कोई भी अपने स्तर पर इसका पता नहीं लगा पाया। हर मामले में घटना का खुलासा एआई मॉडल बनाने वाली कंपनी की आंतरिक समीक्षा के बाद किया गया। एक अलग तरह की गतिविधि का पता सीईआरटी-इन ने अपनी खतरा तलाशने की प्रक्रिया के दौरान लगाया। एजेंसी ने पाया कि साइबर अपराधी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध एआई आधारित आक्रामक सुरक्षा ढांचे का इस्तेमाल कर भारतीय संस्थाओं के खिलाफ वित्तीय लाभ के उद्देश्य से अभियान चला रहे थे। इन गतिविधियों में लक्ष्यों की जानकारी जुटाना, सुरक्षा कमजोरियों का फायदा उठाना और साइबर हमले करना शामिल था। एजेंसी ने कहा कि इन उपकरणों को लगातार नए रूप में तैयार कर दोबारा इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे कई उपकरणों की तैनाती विभिन्न देशों के सर्वरों पर देखी गई है। इस अभियान में एआई एजेंट आधारित उपकरणों ने शुरुआती पहुंच हासिल करने और अंतिम नुकसान पहुंचाने के बीच का समय कई दिनों से घटाकर कुछ घंटों तक कर दिया।

म्यूचुअल फंड कंपनियों ने स्वर्ण आधारित कोषों में नये निवेश पर अस्थायी रोक लगायी

नयी दिल्ली। एसबीआई म्यूचुअल फंड, एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड और कोटक महिंद्रा म्यूचुअल फंड समेत एक दर्जन से अधिक म्यूचुअल फंड कंपनियों ने अपने गोल्ड फंड ऑफ फंड्स (एफओएफ) में नए निवेश पर शुक्रवार से अस्थायी रोक लगा दी।

गोल्ड एफओएफ ऐसी योजनाएं होती हैं जो भौतिक सोना खरीदने के बजाय गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में निवेश करती हैं। संबंधित म्यूचुअल फंड कंपनियों की तरफ से जारी सूचनाओं के मुताबिक, यह प्रतिबंध नए एकमुश्त निवेश, स्विच-इन लेनदेन और व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) तथा व्यवस्थित हस्तांतरण योजना (एसटीपी) के नए पंजीकरण सहित अन्य माध्यमों से आने वाले निवेश पर लागू होगा। यह रोक अगले आदेश तक लागू रहेगी। इसके साथ, कुछ कंपनियों ने गोल्ड-सिल्वर एफओएफ में भी नए निवेश पर रोक लगा दी है। यह कदम त्योहारों से ठीक पहले उठाया गया है, जब धनतेरस और दिवाली पर सोने की खरीदारी बढ़ती है। बाजार के जानकारों के मुताबिक, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के निर्देशों के बाद म्यूचुअल फंड कंपनियों ने यह कदम उठाया है। हालांकि, कंपनियों की तरफ से जारी नोटिस में रोक के कारणों का उल्लेख नहीं किया गया है। इस रोक के बावजूद, निवेशक अपनी मौजूदा इकाइयों को भुना सकेंगे। वहीं, पहले से पंजीकृत एसआईपी और अन्य पात्र नियमित निवेश योजनाओं की किस्तों का लेनदेन भी जारी रहेगा। नए निवेश पर रोक लगाने वाली कंपनियों में एसबीआई, टाटा, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल, एचडीएफसी, आदित्य बिड़ला सन लाइफ, जेरोधा, ग्रो, एक्सिस, एचएसबीसी, डीएसपी, इन्वेस्को, निप्पॉन इंडिया, क्वांटम, मिराए एसेट, एलआईसी, यूटीआई और कोटक महिंद्रा म्यूचुअल फंड शामिल हैं।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, गोल्ड ईटीएफ में सितंबर में 4,450 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया, जबकि अगस्त में यह आंकड़ा 2,597 करोड़ रुपये था।

पेज एक का शेष

दिल्ली दंगा

हुसैन की जिम्मेदारी शांति बनाए रखने की थी, लेकिन इसके बजाय उसने दंगाइयों को अपने घर का इस्तेमाल आम लोगों पर हमला करने के लिए करने दिया और इस तरह दंगों को बढ़ावा दिया। अदालत ने इस दलील पर गौर करते हुए कहा कि सांप्रदायिक तनाव से भरे माहौल में हुसैन से अपेक्षा की जाती थी कि वह लोगों को संयम बरतने के लिए प्रेरित करें और उन्हें हिंसा करने से रोकें। न्यायाधीश ने कहा, इस जिम्मेदारी को निभाने के बजाय, दोषी को दंगों को भड़काने में मदद करने का दोषी पाया गया है। उसने अपना घर दंगाइयों को उपलब्ध कराया, जो इलाके की सबसे ऊंची जगह पर स्थित था और जहां से दंगाई लोगों पर हमला कर सकते थे तथा संपत्ति को नुकसान पहुंचा सकते थे।

बचाव पक्ष के कम सजा देने के अनुरोध को खारिज करते हुए अदालत ने कहा कि दंगाई भीड़ में हुसैन की प्रत्यक्ष मौजूदगी न होने से उसके अपराध की गंभीरता कम नहीं हो जाती। अदालत ने हुसैन के इस दावे को भी खारिज कर दिया कि जब भीड़ ने जबरन उसके घर पर कथित तौर पर कब्जा कर लिया था, तब वह मजबूर थे और उसने पुलिस नियंत्रण कक्ष में कई बार फोन किया था। अदालत ने कहा कि वह न तो कथित फोन कॉल किए जाने का सबूत पेश कर सका और न ही अपने बचाव में कोई अन्य साक्ष्य प्रस्तुत कर सका। न्यायाधीश ने यह भी कहा कि हुसैन ने किसी ज्ञात या अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ यह आरोप लगाते हुए कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई थी कि उन्होंने दंगों के दौरान जबरन उनके घर पर कब्जा कर लिया था और वहां से लोगों पर हमले किए थे। अदालत ने कहा कि बचाव पक्ष की ओर से सजा में रियायत देने के पक्ष में पेश की गई परिस्थितियों की तुलना में सजा को कठोर बनाने वाले कारक कहीं अधिक प्रभावी थे।

'पदक लाओ

स्थान सुरक्षा ने लिया है, उपेक्षा का स्थान प्रोत्साहन ने लिया है और संसाधनों के अभाव का स्थान खेल सुविधाओं के विस्तार ने लिया है। गांव के खेल मैदानों और ब्लॉक स्तरीय मिनी स्टेडियम से लेकर जिला स्तरीय स्टेडियम, मंडल स्तरीय स्पोर्ट्स कॉलेज तथा मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय तक, बेटियों को अपनी प्रतिभा निखारने का सशक्त आधार मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि ओलंपिक, कॉमनवेल्थ एवं एशियन गेम्स के पदक विजेताओं को लाखों-करोड़ों के पुरस्कार और ह्यपदक लाओ, पद पाओह्ल के तहत सीधी भर्ती जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। सरकार खिलाड़ियों की प्रतिभा को प्रोत्साहन, उपलब्धियों को सम्मान और भविष्य को सुरक्षा प्रदान कर रही है। इस परिवर्तन की गूंज अंतरराष्ट्रीय खेल मंचों पर भी सुनाई दे रही है। एथलेटिक्स में पारुल चौधरी, प्रियंका गोस्वामी, प्राची चौधरी और अन्नू रानी, जूडो में अस्मिता डे, क्रिकेट में दीप्ति शर्मा और मेघना सिंह, हॉकी में वंदना कटारिया, कुश्ती में दिव्या काकरान ने कॉमनवेल्थ एवं एशियन गेम्स में शानदार प्रदर्शन से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।

अराजकता फैलाकर

जड़ों पर खड़ा है। इसे किसी षड्यंत्र से हिलाया नहीं जा सकता। मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर देश में राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने की कोशिशों पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा कि बांग्लादेश की तर्ज पर भारत में सत्ता परिवर्तन का स्वप्न देखने वाली शक्तियां युवाओं के हाथों में राष्ट्र निर्माण की मशाल के स्थान पर अराजकता के औजार थमाना चाहती हैं। उनका इशारा उन शक्तियों की ओर था, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया के बजाय अराजकता के सहारे सत्ता तक पहुंचने का सपना देख रही हैं। मुख्यमंत्री ने चुनाव सुधार, न्याय और लोकतंत्र के नाम पर देश में अस्थिरता पैदा करने की कोशिशों को लेकर भी तीखी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि चुनाव सुधार का मुखौटा, न्याय का नारा और लोकतंत्र की दुहाई देकर देश में अस्थिरता के बीज बोने वालों को समझना होगा कि भारत का लोकतंत्र जनविश्वास की जड़ों पर खड़ा विशाल वटवृक्ष है।

बांग्लादेश की

चाहिए। सिंह ने आरोप लगाया कि वर्ष 1993 में कांग्रेस सरकार ने रातोंरात दो निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किए थे। उन्होंने पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त एन. गोपालस्वामी की ओर से निर्वाचन आयुक्त नवीन चावला को हटाने की सिफारिश का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि चावला ने आयोग की संवेदनशील जानकारी कांग्रेस नेताओं के साथ साझा की थी। रक्षा मंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस ने चावला को न केवल संरक्षण दिया बल्कि बाद में उन्हें मुख्य निर्वाचन आयुक्त बनाया। उन्होंने पूर्व निर्वाचन आयुक्त एम.एस. गिल का भी जिक्र किया, जो बाद में केंद्र सरकार में मंत्री बने। राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों पर सिंह ने कहा कि कांग्रेस के पास अपने दावों के समर्थन में पर्याप्त सुबूत नहीं हैं और यही वजह है कि उनकी अपनी ही पार्टी ने मतदाता सूची के खिलाफ एक भी औपचारिक अपील दाखिल नहीं की।

भारत विरोधी

अराजकता द्वारा भारत की प्रगति को पटरी से उतारने का एक निंदनीय प्रयास है। सिंह ने कहा कि चौरी-चौरा में हिंसा हो जाने मात्र से ही महात्मा गांधी ने अपना पूरा असहयोग आंदोलन रोक दिया था लेकिन खुद को महात्मा गांधी की उत्तराधिकारी बताने वाली कांग्रेस हिंसा और अराजकता के द्वारा सत्ता परिवर्तन जैसी बातें करके अपने राजनीतिक पराजय का बदला देश से लेना चाहती है। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस के नैतिक मूल्यों के पतन की पराकाष्ठा है। न्होंने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस और उसके राजनीतिक सहयोगी प्रत्यक्ष रूप से और अपने समर्थक संगठनों के माध्यम से युवाओं की ऊर्जा को रचनात्मक कार्यों और राष्ट्र निर्माण की दिशा में लगाने के बजाय राजनीतिक टकराव और अराजकता फैलाने का साधन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के नौजवानों को अराजकता की राजनीति का मोहरा बनाने की कोशिश की जा रही है। सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी बांग्लादेश की तर्ज पर सत्ता परिवर्तन करना चाहते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि कांग्रेस और उसके साथियों द्वारा सत्ता परिवर्तन जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया जा रहा है, इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि उनकी यह लड़ाई चुनाव सुधार या मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़े मुद्दों के लिए नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और उनके सहयोगियों को यह समझना होगा कि लोकतंत्र अराजकता फैलाने, संवैधानिक संस्थाओं की साख पर चोट करने या भारत की विकास यात्रा में बाधा डालने का लाइसेंस नहीं है और उच्चतम न्यायालय की कल की टिप्पणी भी इसी ओर संकेत है।

उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सुझाव देते हुए कहा कि उन्हें लोकतंत्र की रक्षा के नाम पर विध्वंस की राजनीति करने के बजाय जनमत का सम्मान करते हुए अपनी राजनीतिक भूमिका पर आत्ममंथन करना चाहिए।

सांप से कटवाकर

मिले थे और उसकी मौत गला घोंटने से होने की पुष्टि हुई, जिसके बाद अमित के भाई मोनू ने 16 अप्रैल को बहसूमा थाने में रविता और अमरदीप के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस के अनुसार, मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष ने 12 गवाह पेश किए और प्राथमिकी दर्ज होने के करीब 18 महीने के भीतर ही इस मामले में फैसला सुना दिया गया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (एडीजीसी) फरजाना मकसूद ने बताया कि अभियोजन पक्ष ने परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की कड़ियों को जोड़कर अदालत में अपना पक्ष साबित किया। यह मामला उत्तर प्रदेश पुलिस के ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत चलाया गया था। जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सजा सुनाए जाने के बाद दोनों दोषी टूट गए और उन्हें चौधरी चरण सिंह जिला जेल में उनकी पुरानी बैरक में ही रखा गया है। जेल प्रशासन के मुताबिक, अदालत के आदेश की प्रति मिलने के बाद नियमानुसार आगे की कार्वाई की जाएगी।

पेड़ से टकरायी

अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अंतरिक्ष जैन ने बताया कि मृतकों की पहचान लोकेंद्र (28), लोकेंद्र के पिता रामदीन (50), बबीता (35), लोकेंद्र की एक वर्षीय बेटी प्रगति और कार चालक शिव शंकर उर्फ शिव शेखर मिश्र (55) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि घायलों की पहचान लोकेन्द्र की पत्नी ललिता (20), प्रतीक (चार) और अनिका (11) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, हादसे में मारे गये लोग पड़ोसी कासगंज जिले के रहने वाले थे। पुलिस ने बताया कि हादसे में घायल तीन अन्य लोगों को बेहतर उपचार के लिए अलीगढ़ के एक अस्पताल भेज दिया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने बताया कि आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया और मामले में कानूनी कार्वाई की जा रही है।

अग्निवीरों के

सेवाकाल पूरा करने वाले युवाओं के समायोजन का विषय महत्वपूर्ण हो गया है। इसी क्रम में भारत सरकार के संयुक्त सचिव की ओर से उत्तराखंड सरकार को पत्र भेजा गया था। इसमें अग्निवीरों के पहले बैच के नवंबर 2026 में सेवामुक्त होने की जानकारी देते हुए राज्य के दो अग्निवीरों के समायोजन के संबंध में अपेक्षा व्यक्त की गई थी। केंद्र से प्राप्त पत्र पर विचार करने के बाद राज्य सरकार ने इस दिशा में आवश्यक कदम उठाए। इसके बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने द



न्यूजीलैंड दौरे के लिए टेस्ट और वनडे टीम का एलान

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारत की वनडे और टेस्ट टीमों का एलान कर दिया है। इस दौरे पर भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच वनडे और दो टेस्ट मैच खेलने हैं।

वनडे सीरीज के पहले तीन मुकाबलों में शुभमन गिल भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि आखिरी दो वनडे में श्रेयस अय्यर को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, टेस्ट टीम में तेज गेंदबाज आकाश दीप की वापसी हुई है। न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के शुरूआती तीन मुकाबलों के लिए शुभमन गिल को कप्तान और श्रेयस अय्यर को उपकप्तान बनाया गया है। टीम में रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल, अक्षर पटेल, मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को भी जगह मिली है।

पहले तीन वनडे के लिए घोषित टीम में ऋतुराज गायकवाड़, नितीश कुमार रेड्डी, अर्शदीप सिंह, ईशान किशन, प्रसिद्ध कृष्णा, अंशुल कंबोज, गुरनूर बराड़ और नमन धीर भी शामिल हैं। प्रसिद्ध कृष्णा का चयन फिटनेस संबंधी मंजूरी पर निर्भर करेगा। वहीं, सीरीज के चौथे और पांचवें वनडे के लिए श्रेयस अय्यर को कप्तान बनाया गया है। ईशान किशन इस टीम में उपकप्तान होंगे। इन दोनों मुकाबलों के लिए तिलक वर्मा, औकिब नबी, कुमार कुशाग्र और यश ठाकुर को भी टीम में शामिल किया गया है। इस टीम में शुभमन गिल, केएल राहुल और प्रसिद्ध कृष्णा का नाम नहीं है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए घोषित भारतीय टीम में शुभमन गिल को कप्तान और केएल राहुल को उपकप्तान बनाया गया है। विकेटकीपर के रूप में ऋषभ पंत और ध्रुव जुरेल को टीम में जगह मिली है। ऋषभ पंत का चयन फिटनेस मंजूरी पर निर्भर करेगा। तेज गेंदबाज आकाश दीप की टेस्ट टीम में वापसी हुई है। उनके अलावा जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और अंशुल कंबोज को भी टीम में शामिल किया गया है। बल्लेबाजी में यशस्वी जायसवाल, देवदत्त पडिक्कल और साई सुदर्शन को मौका मिला है। वहीं, ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर और नितीश कुमार रेड्डी भी टेस्ट टीम का हिस्सा हैं। कुलदीप यादव को भी टीम में शामिल किया गया है।

चार नवंबर से शुरू होगी वनडे सीरीज : भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की वनडे सीरीज 4 नवंबर से शुरू होगी। पहला मुकाबला ऑकलैंड में खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा वनडे 7 नवंबर को वेलिंगटन और तीसरा वनडे 10 नवंबर को हैमिल्टन में होगा। सीरीज के आखिरी दो मुकाबले 13 और 15 नवंबर को माउंट मॉन्गानुई में खेले जाएंगे। सभी वनडे मैच भारतीय समयानुसार सुबह 7:30 बजे शुरू होंगे।

19 नवंबर से टेस्ट सीरीज का आगाज : वनडे सीरीज के बाद दोनों टीमों के बीच दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे। पहला टेस्ट 19 नवंबर से वेलिंगटन में शुरू होगा, जबकि दूसरा टेस्ट 27 नवंबर से क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा। दोनों टेस्ट मैच भारतीय समयानुसार सुबह 3:30 बजे शुरू होंगे। इस दौरे पर भारतीय टीम की नजर वनडे और टेस्ट दोनों प्रारूपों में बेहतर प्रदर्शन करने पर होगी। वहीं, श्रेयस अय्यर को आखिरी दो वनडे में कप्तानी मिलने और आकाश दीप की टेस्ट टीम में वापसी पर भी सबकी निगाहें रहेंगी।

वेस्टइण्डीज के खिलाफ टी20 टीम में खेलेंगे भुवनेश्वर

बेंगलुरु। अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को शुक्रवार को कंधे में चोट से जूझ रहे अर्शदीप सिंह के कवर के तौर पर वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया। भारत और वेस्टइंडीज के बीच पांच मैच की यह श्रृंखला 2-2 से बराबरी पर है। श्रृंखला का निर्णायक मुकाबला शनिवार को यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा, बुधवार को हैदराबाद में वेस्टइंडीज के खिलाफ चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अर्शदीप सिंह को गेंदबाजी करने वाले हाथ के कंधे पर चोट लगी थी जिसके बाद भुवनेश्वर कुमार को टीम में शामिल किया गया है। छत्तीस वर्षीय भुवनेश्वर को इससे पहले 22 अक्टूबर से क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली टी20 श्रृंखला के लिए भी भारतीय टीम में चुना गया था। बयान में कहा गया, अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अर्शदीप की उपलब्धता पर फैसला उनकी चोट से उबरने की स्थिति को देखते हुए मुकाबले से पहले लिया जाएगा। हालांकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप के इस मैच में खेलने की संभावना कम है, क्योंकि कंधे की चोट को ठीक होने में आमतौर पर कम से कम तीन सप्ताह लगते हैं। ऐसे में भुवनेश्वर कुमार की चार साल बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी का मंच तैयार हो गया है। उत्तर प्रदेश के इस तेज गेंदबाज का वेस्टइंडीज के खिलाफ यहां होने वाले निर्णायक मुकाबले में खेलना लगभग तय माना जा रहा है। भुवनेश्वर ने अपना पिछला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 22 नवंबर 2022 को नेपियर में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। यह संयोग ही है कि भुवनेश्वर की वापसी उसी मैदान पर होगी, जहां उन्होंने 2012 में पाकिस्तान के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। उस मुकाबले में भुवनेश्वर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में नौ रन देकर तीन विकेट लिए थे। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनका पहला शिकार पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज नासिर जमशेद बने थे। लंबे समय तक भारतीय टीम से बाहर रहने के बाद भुवनेश्वर ने 2025 और 2026 के आईपीएल सत्र में खुद को फिर से टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप के एक प्रभावी गेंदबाज के रूप में स्थापित किया। उन्होंने इस दौरान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ओर से 30 मैच में 45 विकेट हासिल किए। आरसीबी के सहायक कोच ओंकार साल्वी ने टी20 प्रारूप में भुवनेश्वर के कुशल गेंदबाज के रूप में निखरने की सराहना की थी। साल्वी ने पीटीआई से कहा था, उनकी सबसे बड़ी खूबियों में से एक अपने खेल को लेकर स्पष्टता है। वह जानते हैं कि उनके लिए क्या कारगर है और वह चीजों को सरल रखते हैं। उन्होंने कहा था, उन्होंने टी20 क्रिकेट की मांग के अनुरूप खुद को लगातार ढाला है। चाहे नयी गेंद से विकेट लेने के मौके बनाना हो या पारी के अंतिम ओवरों में अपनी विविधताओं का इस्तेमाल करना, वह ऐसा करने में सक्षम हैं। नयी गेंद से भुवनेश्वर की गेंदबाजी और चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेलने का उनका अनुभव भारत के लिए वेस्टइंडीज के आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे कप्तान शाई होप को रोकने में उपयोगी साबित हो सकता है।



दर्शकों की पहुंच आसान बनायें शानदार होगा प्रदर्शन : कपिल

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) के अध्यक्ष कपिल देव ने शुक्रवार को अधिकारियों से अपील की कि वे शहर में जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच पुलिस प्रतिबंधों के कारण गोल्फ प्रेमियों को डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप तक पहुंचने में आ रही दिक्कतों को दूर करने में मदद करें।

उन्होंने इसके साथ ही जेन जी युवा पीढ़ी यानी को सलाह दी कि वे अपनी बात रखने के साथ-साथ दूसरों को सुनने की आदत भी विकसित करें। इस प्रतिष्ठित गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दिन कपिल देव ने संवाददाताओं कहा कि आयोजक चाहते हैं कि अधिक से अधिक दर्शक प्रतियोगिता देखने आएं, लेकिन इसके लिए सरकारी व्यवस्था और प्रशासनिक निर्देशों का सम्मान करना भी जरूरी है।

इस प्रतियोगिता में मौजूदा चैंपियन टॉमी फ्लीटवुड, पूर्व विश्व नंबर एक रोरी मैक्लरॉय और जस्टिन रोज के अलावा पैट्रिक रीड तथा शेन लोरी जैसे कई प्रमुख गोल्फ खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

दिल्ली गोल्फ क्लब के आसपास पुलिस बैरिकेडिंग के कारण दर्शकों की संख्या प्रभावित होने से जुड़े सवाल पर कपिल ने कहा, हम चाहते हैं कि हर कोई यहां आए और मुकाबले का आनंद ले लेकिन सरकार की जो भी व्यवस्था है, हम उसके साथ हैं। हमें सरकारी इंतजामों के दायरे में रहकर ही काम करना होगा। हम किसी व्यवस्था को दरकिनार नहीं कर सकते। दिल्ली गोल्फ क्लब मध्य दिल्ली में स्थित है। इसी क्षेत्र में निर्वाचन आयोग के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।

स्मृति मंधाना के कप्तानी युग का जीत से आगाज

रायपुर। भारतीय महिला टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज का आगाज जीत के साथ किया। शुक्रवार को रायपुर में खेले गए पहले मुकाबले में भारत ने शुरूआती झटकों से उबरते हुए जिम्बाब्वे को चार विकेट से हरा दिया। जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 114 रन बनाए थे। जवाब में भारतीय टीम ने निकी प्रसाद और दीप्ति शर्मा की शानदार पारियों के दम पर 15.4 ओवर में छह विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मुकाबले के साथ ही स्मृति मंधाना के भारतीय टीम की कप्तानी संभालने के नए दौर की शुरूआत भी जीत के साथ हुई। 115 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत बेहद खराब रही। टीम ने महज 19 रन के स्कोर पर अपने चार अहम विकेट गंवा दिए। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना दूसरे ओवर की पहली गेंद पर आउट हो गईं। इसके बाद ऑफ स्पिनर न्याशा ग्वांजुरा ने अनुष्का शर्मा को भी पवेलियन भेज दिया। तीसरे ओवर में पूर्व कप्तान हरमनप्रीत कौर का विकेट गिरने से भारतीय खेमे की चिंता और बढ़ गई। पावरप्ले के दौरान ग्वांजुरा ने तीन विकेट लेकर भारतीय बल्लेबाजी क्रम को झकझोर दिया। एक समय ऐसा लग रहा था कि जिम्बाब्वे की टीम बड़ा उलटफेर कर सकती है, लेकिन इसके बाद निकी प्रसाद और दीप्ति शर्मा ने जिम्मेदारी संभाली।

संक्षेप

प्रो लीगः जर्मनी से भिड़ेगी पुरुष हॉकी टीम

नयी दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम 2026-27 एफआईएच प्रो लीग के घरेलू चरण में अपने अभियान की शुरुआत 13 फरवरी को जर्मनी के खिलाफ मुकाबले से करेगी जबकि महिला टीम 23 फरवरी को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी। भारत के घरेलू चरण के मुकाबले 13 से 28 फरवरी तक आयोजित किए जाएंगे। भारतीय पुरुष टीम 13 और 16 फरवरी को जर्मनी, 15 और 18 फरवरी को अर्जेंटीना तथा 23 और 26 फरवरी को ग्रेट ब्रिटेन से मुकाबला करेगी। टीम 25 और 28 फरवरी को स्पेन के खिलाफ खेलेगी। भारतीय महिला टीम 23 और 26 फरवरी को ग्रेट ब्रिटेन से भिड़ेगी। स्पेन के खिलाफ उसके मुकाबले 25 और 28 फरवरी को निर्धारित हैं। एफआईएच प्रो लीग अंतरराष्ट्रीय हॉकी की प्रमुख प्रतियोगिताओं में शामिल है, जिसमें दुनिया की शीर्ष राष्ट्रीय टीमें हिस्सा लेती हैं।

सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिपः पूल मुकाबलों में उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की जीत

झांसी। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश ने सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के डिवीजन-ए में शुक्रवार को अपने-अपने पूल मुकाबलों में कड़े संघर्ष के बाद एक समान 3-2 से जीत दर्ज की। उत्तर प्रदेश ने पूल सी के मैच में दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए हॉकी कर्नाटक को शिकस्त दी, जबकि मध्य प्रदेश ने पूल बी में महाराष्ट्र को हराया। हरियाणा ने पूल-डी में मणिपुर हॉकी को 2-0 से हराया तो वहीं पूल-ए के मुकाबले में हॉकी पंजाब ने हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु को 3-। से शिकस्त दी।

ऋषिप्रसाद ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ का रिकॉर्ड तोड़ा

जयपुर। महाराष्ट्र के उभरते धावक ऋषिप्रसाद देसाई ने शुक्रवार को यहां इंडियन ओपन अंडर-23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2026 के पहले दिन पुरुषों की 100 मीटर दौड़ का मीट रिकॉर्ड तोड़ दिया। ऋषिप्रसाद ने 10.35 सेकेंड का समय लेकर 2024 में अनीमेष कुजूर के बनाए 10.38 सेकेंड के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। उन्नति बोलांडा ने महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में 11.62 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने साक्षी चंपाला के नाम दर्ज मीट रिकॉर्ड की बराबरी की। पोल वॉल्ट में देव कुमार मीणा ने 5.30 मीटर की उंचाई पार करके स्वर्ण पदक जीता और अपना ही 5.20 मीटर का पिछला मीट रिकॉर्ड तोड़ दिया।

अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी के लिए महासंघों को मिलने वाली सहायता में बढ़ोतरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन को बढ़ावा देने के लिए खेल मंत्रालय ने शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को 50 करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता देने का प्रावधान किया है। मंत्रालय ने संशोधित राष्ट्रीय खेल महासंघ सहायता योजना के संचालन संबंधी दिशा-निर्देश जारी करते हुए यह घोषणा की। इससे पहले अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों के लिए महासंघों को अधिकतम दो करोड़ रुपये तक की सहायता दी जाती थी।



मंत्रालय के अनुसार संशोधित दिशा-निर्देश भारत के दीर्घकालिक खेल दृष्टिकोण और 2036 ओलंपिक की मेजबानी की दावेदारी के साथ 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारियों के अनुरूप तैयार किये गये हैं। मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी के लिए दी जाने वाली वित्तीय सहायता आयोजन के स्वरूप और महत्त्व, इसमें भाग लेने वाले देशों तथा खिलाड़ियों की संख्या के आधार पर तय की जाएगी। राष्ट्रीय खेल महासंघों से प्राप्त प्रस्तावों का मूल्यांकन खेल सचिव की अध्यक्षता वाली एक नामित समिति करेगी। इस योजना में राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए भी 50 करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है। इस राशि का इस्तेमाल खेल उपकरणों की व्यवस्था, टाइमिंग, स्कोरिंग एवं परिणाम (टीएसआर) सेवाओं, तकनीकी अधिकारियों के पारिश्रमिक और प्रतियोगिताओं के तकनीकी संचालन पर किया जा सकेगा।

ईएफआई को निलंबित करेगा एफईआई

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय घुड़सवारी महासंघ (एफईआई) ने लंबे समय से जारी प्रशासनिक संकट के कारण भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) को एक दिसंबर से निलंबित करने का फैसला किया है। इस फैसले के बाद निलंबन की अवधि के दौरान भारतीय घुड़सवार, अधिकारी, ट्रेनर और घोड़े अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। ईएफआई की तदर्थ समिति के सदस्य लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) संदीप दीवान और अधिवक्ता विदुष्पत सिंघानिया को 15 अक्टूबर को लिखे पत्र में एफईआई ने बताया कि उसके बोर्ड ने 13 अक्टूबर को ऑनलाइन बैठक में यह फैसला लिया। पत्र में कहा गया, 13 अक्टूबर 2026 को हुई एफईआई बोर्ड की ऑनलाइन बैठक के बाद सूचित किया जाता है कि बोर्ड ने भारतीय घुड़सवारी महासंघ को निलंबित करने का फैसला किया है। यह निलंबन एक दिसंबर 2026 से प्रभावी होगा। इस पत्र की एक प्रति पीटीआई के पास है। एफईआई ने फैसले के कारणों को स्पष्ट करते हुए कहा कि फरवरी में दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा ईएफआई की कार्यकारी समिति को भंग किए जाने और उसके बाद नए चुनाव नहीं होने के कारण प्रशासनिक संकट लंबे समय से बना हुआ है। पत्र में कहा गया, फरवरी 2026 में दिल्ली उच्च न्यायालय ने ईएफआई की कार्यकारी समिति को भंग कर दिया था। इस समिति का निर्वाचित कार्यकाल सितंबर 2023 में समाप्त हो चुका था। इसके बाद नयी कार्यकारी समिति के चुनाव नहीं होने से प्रशासन और नेतृत्व से जुड़ी अनियमितता लंबे समय तक बनी रही जिसे अब और जारी नहीं रखा जा सकता।

रणनीति के अनुसार खिलाड़ी खुद को ढालना सीखे : बिबियानो फर्नांडिस

कोलकाता। भारत की अंडर-15 फुटबॉल टीम के मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिस चाहते हैं कि उनके युवा खिलाड़ी मजबूत फुटबॉल आधार तैयार करने के साथ रणनीति के अनुसार खुद को ढालना सीखें।

भारतीय टीम 22 से 31 अक्टूबर तक अजरबेजान के बाकू में होने वाले फीफा अंडर-15 विश्व कप और महोत्सव की तैयारी कर रही है। भारत को ग्रुप के में बहरीन, कैमरून, ग्रेनाडा, लाओस और सेनेगल के साथ रखा गया है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 24 अक्टूबर को लाओस के खिलाफ मैच से करेगी। फर्नांडिस ने कहा कि तैयारियों के दौरान टीम ने उत्साहजनक प्रगति की है। फर्नांडिस ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) से कहा, हम चाहते हैं कि खिलाड़ियों को इस बात की स्पष्ट समझ हो कि गेंद अपने पास होने और विपक्षी टीम के कब्जे में होने पर हमें किस तरह खेलना है। हमारा लक्ष्य ऐसी टीम तैयार करना है जो गेंद अपने पास होने पर निडर होकर खेले, रक्षण में आक्रामक हो और अनुशासन बनाए रखे। कोच ने टीम के खेलने के मूल सिद्धांतों को बरकरार रखते हुए अलग-अलग प्रतिद्वंद्वियों और मैच की परिस्थितियों के अनुसार रणनीति बदलने की क्षमता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है कि हमें अपने खेलने के तरीके की स्पष्ट समझ हो। साथ ही, अलग-अलग प्रतिद्वंद्वियों और मैच की परिस्थितियों के अनुसार रणनीति में बदलाव करने की क्षमता भी होनी चाहिए।

अरुणाचल की कमान संभालेंगे नीलम ओबी

नडियाद (गुजरात)। अनुभवी घरेलू क्रिकेटर नीलम ओबी रविवार को सिक्किम के खिलाफ रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप के मुकाबले में अरुणाचल प्रदेश की कप्तानी करेंगे। प्रशासनिक संकट के बीच नागालैंड के खिलाफ अपना पहला मैच गंवाने के बाद अरुणाचल की टीम इस मुकाबले से अपने अभियान को फिर शुरू करने की तैयारी में है। अरुणाचल क्रिकेट संघ (एसीए) के दो प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच विवाद का समाधान नहीं होने के कारण टीम मैदान पर नहीं उतरी थी। यह मामला गुवाहाटी उच्च न्यायालय की ईटानगर पीठ में लंबित है। इसके बाद एसीए ने अपने अगले तीन मैच के लिए टीम की घोषणा की है। संघ ने सितंबर में चुनाव कराए थे जिसमें नबाम विवेक अध्यक्ष चुने गए थे। हालांकि, कई जिला क्रिकेट संघों ने चुनाव में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए गुवाहाटी उच्च न्यायालय में इन्हें चुनौती दी थी।

प्रदर्शन स्थलों से बचने के लिए हाफ मैराथन का बदला मार्ग

नयी दिल्ली। भारतीय निर्वाचन आयोग के खिलाफ जारी विरोध-प्रदर्शनों के बीच रविवार को आयोजित होने वाली वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के आयोजकों ने शुक्रवार को दौड़ के मार्ग में मामूली बदलाव की घोषणा की है जिसके तहत धावक रेल भवन, संसद मार्ग और पटेल चौक से होकर नहीं गुजरेंगे। प्रदर्शन के कारण इन तीनों स्थानों के आसपास पुलिस ने भारी बैरिकेडिंग कर रखी है। ये स्थान पिछले वर्षों में हाफ मैराथन के पारंपरिक मार्ग का हिस्सा रहे हैं।



विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए आयोजकों ने दौड़ के मार्ग में संशोधन किया है। आयोजकों की ओर से जारी बयान के अनुसार, इस वर्ष हाफ मैराथन के 10 से 13 किलोमीटर के बीच के मार्ग में मामूली बदलाव किया गया है। उन्होंने बताया, धावक कर्तव्य पथ से बाईं ओर मुड़कर सेवा तीर्थ गोलचक्कर की ओर जाएंगे। इसके बाद वे मौलाना आजाद रोड पर बाईं ओर मुड़ेंगे। वहां से यू-टर्न लेकर सेवा तीर्थ गोलचक्कर के आसपास से होते हुए रफी मार्ग पहुंचेंगे और फिर दाईं ओर मुड़कर दोबारा कर्तव्य पथ पर आ जाएंगे। इससे पहले धावक कर्तव्य पथ से दाईं ओर मुड़कर रेल भवन, संसद मार्ग और पटेल चौक की ओर जाते थे। इस बार संसद मार्ग से दौड़ की शुरुआत भी नहीं होगी।

निर्वाचन आयोग के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोग मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। उनका आरोप है कि मतदाता सूचियों में हेरफेर किया गया है। एलीट हाफ मैराथन में 21.09 किलोमीटर की पुरुषों की दौड़ सुबह 5:18 बजे और महिलाओं की दौड़ सुबह 5:20 बजे शुरू होगी। पुरुष वर्ग में दो बार खिताब जीत चुके बिरहानु लेगेसे प्रमुख धावकों में शामिल हैं। वहीं, महिला वर्ग में 2022 की विजेता आइरीन चेपेट चेपटाई आकर्षण का केंद्र रहेंगी। एलीट स्पर्धा में भारत के 22 पुरुष और 20 महिला धावक हिस्सा लेंगे।

समझदारी से फैसले लेकर आगे बढ़ें गेदबाज : मोर्कल

बेंगलुरु। वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में सपाट पिचों पर गेंदबाजी की चुनौतियों को स्वीकार करते हुए भारत के तेज गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने अपने गेंदबाजों से कहा कि वे पिछली गलतियों को पीछे छोड़कर दबाव में समझदारी से फैसले लें। मौजूदा टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में गेंदबाजों की जमकर धुनाई हुई है।

पिछले छह पारियों में सभी टीमों ने 200 रन से अधिक के बड़े स्कोर बनाए हैं। मोर्कल ने शुक्रवार को यहां मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, जाहिर है, आपको पिछली बातों को पीछे छोड़कर आगे बढ़ना होगा। मैच के बीच समय काफी कम है। आपके पास अभ्यास सत्रों का इतना समय नहीं होता कि आप मैदान पर जाकर कई चीजों पर काम कर सकें। उन्होंने कहा, आप इन मुकाबलों से मिली सीख को भी अपने साथ रखना चाहते हैं। इसलिए, आज सुबह हमने कुछ गेंदबाजों के साथ बैठकर अच्छी चर्चा की। इसमें हमने कुछ खास क्षेत्रों की पहचान की और यह समझने की कोशिश की कि यहां हमें किस तरह की परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। मोर्कल ने कहा, मेरे लिए सबसे अहम बात यह है कि हम अपने युवा गेंदबाजी आक्रमण को दबाव की परिस्थितियों में अधिक समझदारी से फैसले लेना कैसे सिखा सकते हैं। हालांकि, मोर्कल का मानना है कि इस श्रृंखला से ड्रेसिंग रूम में मौजूद युवा गेंदबाजों, खासकर तेज गेंदबाज प्रिंस यादव को काफी कुछ सीखने को मिला है। उन्होंने कहा, यह हमारे गेंदबाजी समूह के लिए सीखने का शानदार अनुभव रहा है। टीम में शामिल हुए प्रिंस यादव ने अपनी गेंदबाजी के कौशल का इस्तेमाल करने में अच्छा प्रदर्शन किया है। वह चीजों को बहुत सरल रखने वाले खिलाड़ी हैं। मोर्कल ने कहा, वह अपनी ताकत को समझते हैं और उसी के अनुसार गेंदबाजी करते हैं। इसलिए, हमारे लिए जरूरी है कि हम समूह में इस तरह की चर्चा करें, एक-दूसरे से सीखें और एक-दूसरे की गेंदबाजी को बेहतर ढंग से समझें। मोर्कल खास तौर पर सफेद गेंद के क्रिकेट में प्रिंस के हर परिस्थिति में गेंदबाजी करने वाले खिलाड़ी के रूप में विकसित होने से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा, प्रिंस की एक खास बात यह है कि वह अपने राज्य और घरेलू क्रिकेट में जिस तरह खेलते हैं, वहां पिचें सपाट होती हैं। इसलिए मैं समझ सकता हूं कि उन्होंने सफेद गेंद के क्रिकेट में शानदार कौशल विकसित किया है। उन्होंने कहा, उनकी जो बात मुझे सबसे ज्यादा पसंद है, वह है उनका रवैया और मुश्किल परिस्थितियों में गेंदबाजी करते समय उनका शांत रहना। अब तक जिन मैच में हमने उनका इस्तेमाल किया है, उनमें उन्हें बेहद कठिन परिस्थितियों में गेंदबाजी करनी पड़ी है।

खुशी ने अंडर-16 युगल खिताब जीता तीन खिताब जीतने की राह पर

नयी दिल्ली। हरियाणा की खुशी कादियान ने शुक्रवार को यहां फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप में तमिलनाडु की सन्मिता हरिणी के साथ मिलकर लड़कियों का अंडर-16 युगल खिताब जीत लिया। इसके साथ ही वह टूर्नामेंट में तीन खिताब जीतने की उपलब्धि हासिल करने की राह पर बनी हुई हैं। तेरह वर्षीय खुशी ने अंडर-16 और अंडर-14 एकल वर्ग के फाइनल में भी जगह बना ली है। तीसरी वरीयता प्राप्त खुशी और हरिणी ने चौथी वरीयता प्राप्त पूर्वी पटवा और रंजना संग्राम की जोड़ी को 6-3, 6-3 से हराया। यह खुशी का दिन का तीसरा मुकाबला था।



इससे पहले खुशी ने लड़कियों के अंडर-16 और अंडर-14 एकल वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले जीते। दोनों मैचों में उन्होंने कुल सात गेम गंवाए। अंडर-16 वर्ग में 14वीं वरीयता प्राप्त खुशी ने तीसरी वरीयता प्राप्त आराध्या मीणा को 6-0, 6-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। खिताबी मुकाबले में उनका सामना सातवीं वरीयता प्राप्त रंजना संग्राम से होगा। रंजना ने दूसरे सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त अक्षिता अंतिल को 6-।, 6-4 से हराया। लड़कियों के अंडर-14 वर्ग में खुशी ने सांवी मोहन को 6-।, 6-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। खिताबी मुकाबले में उनका सामना दूसरी वरीयता प्राप्त सिद्धि पांडे से होगा। सिद्धि ने दूसरे सेट में।-5 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए 10वीं वरीयता प्राप्त आराधना तेहलान को 6-।, 7-6 (7-5) से हराया।

सुहास यथिराज का एशियाई पैरा बैडमिंटन में जीत के साथ आगाज

नागोया। दो बार के पैरालम्पिक रजत पदक विजेता और गत चैम्पियन सुहास एल वाई ने एशियाई पैरा खेलों की बैडमिंटन स्पर्धा में जीत के साथ आगाज करते हुए पुरूषों के एकल एसएल4 ग्रुप ई मैच में बांग्लादेश के जॉयतू धर को सीधे गेम में हराया।

प्रशासनिक अधिकारी सुहास ने तोक्यो और पेरिस पैरालम्पिक में रजत पदक जीता था जबकि पिछले एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक हासिल किया था। उन्होंने यह मुकाबला 21.8, 21.11 से जीता। पुरूषों के एकल एसएल4 वर्ग में अभिजीत सखुजा ने चीनी ताइपै एन चुआन येह को 21.17, 21.12 से मात दी। तोक्यो पैरालम्पिक स्वर्ण पदक विजेता और एशियाई पैरा खेलों के रजत पदक विजेता कृष्णा नागर ने चीनी ताइपै के जिया सियांग लिंग को 21.5, 21.4 से हराकर जीत के साथ आगाज किया। एसएच6 वर्ग में एक और भारतीय सिवराजन सोलाइमलाइ ने ग्रुप डी में फिलीपींस के जॉन साइरस मेकलांग को 21.7, 21.6 से हराया।



नागर और सोलाइमलाइ की जोड़ी को पुरुष युगल एसएच6 मुकाबले में हांगकांग के चुन यिम योंग और मान काई चू के खिलाफ 10-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद नगर ने नित्या श्री सुमति सिवान के साथ मिलकर मिश्रित युगल एसएच6 के ग्रुप मुकाबले में मलेशिया के नुर्जम्मीजातुल बी मोहम्मद और मुहम्मद अमीन बिन अजमी को 21-7, 21-7 से हराया। मिश्रित युगल एसएल3 और एसयू5 ग्रुप ए के मैच में भारत की मनीषा रामदास और प्रमोद भगत ने चीन के लिचुआन शियोंग और टोंगटोंग को 21-16 19-21 21-16 से मात दी। मानसी जोशी और रूत्विक रघुपति हालांकि अपना मुकाबला हार गए। मानसी और उनकी जोड़ीदार तुलसीमति मुरूगेसन ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए महिला युगल एसएल3-एसयू5 मैच में इंडोनेशिया की वारिनिंग रहायु और कोनिता इख्तियार सयाकुरोह को 21-10 21-12 से शिकस्त दी। महिला एकल एसएल3 वर्ग में पूर्व विश्व चैम्पियन मानसी जोशी को चीन की यूमेइ लियू ने 21. 15, 14. 21, 21. 15 से हराया। संजना कुमार ने एसएल3 में अपना शुरूआती ग्रुप मैच जीत लिया, उन्होंने हांगकां की चाई साएयांग को 21-4, 21-6 से शिकस्त दी।

पुरूषों के एकल डब्ल्यूएच2 के ग्रुप मुकाबले में भारत के अबू हुबैदा को चीन के जियानपेंग माई के खिलाफ 11-21, 9-21 से हार का सामना करना पड़ा जबकि हमवतन प्रेम कुमार अले ने इंडोनेशिया के अगुंग विडोडो को 18-21, 21-15, 21-16 से हराया। मिश्रित युगल डब्ल्यूएच।-डब्ल्यूएच2 वर्ग में अले और अल्फिया जेम्स की जोड़ी को चीन के माई और मेंग्लू यिन की जोड़ी के खिलाफ 15-21, 9-21 से हार मिली।

भारत-अमेरिका व्यापार समझौता जल्द

भारत-अमेरिका व्यापार समझौता जल्द पूरा होने की उम्मीद : वित्त मंत्री

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को उम्मीद जताई कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को वैश्विक व्यापार तथा दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों के हित में जल्द से जल्द अंतिम रूप दे दिया जाएगा।


उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हाल में भारतीय वाणिज्य मंत्री ने भी कहा है कि वे समझौते पर जल्द हस्ताक्षर होने की उम्मीद कर रहे हैं और ऐसा चाहते हैं। बातचीत जारी है। मुझे उम्मीद है कि वैश्विक व्यापार और दोनों साझेदारों, भारत तथा अमेरिका के बीच व्यापार के हित में इस समझौते को जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाएगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा था कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप दे दिया गया है और उसके कानूनी मसौदे पर काम जारी है। चीन के साथ व्यापार पर सीतारमण ने कहा कि चीन के साथ वर्षों से बातचीत के बावजूद बढ़ता व्यापार असंतुलन और भारतीय उत्पादों के लिए बाजार तक पहुंच पर लगातार लगी पाबंदियां प्रमुख चिंताएं बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने चीन में जेनेरिक दवाओं, गोवंश का मांस, सब्जियों और अन्य जल्दी खराब होने वाले उत्पादों के लिए बाजार तक पहुंच हासिल करने की लगातार कोशिश की है, लेकिन वर्षों से बातचीत के बावजूद बहुत कम प्रगति हुई है। सीतारमण ने



यह बात थाईलैंड के बैंकॉक में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ)-विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों के दौरान अटलांटिक काउंसिल के साथ बातचीत में कही। उन्होंने कहा, भारत और चीन के बीच व्यापार में गैर-शुल्क बाधाएं सबसे बड़ी रुकावट हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि ऐसे मुद्दों को बातचीत और जांच के जरिये सुलझाने की संभावना के बावजूद चीन ने पादप-स्वास्थ्य संबंधी उपायों और अन्य गैर-शुल्क प्रतिबंधों का इस्तेमाल किया है। उन्होंने कहा कि भारत ने बड़े व्यापार असंतुलन को दूर करने के लिए व्यापारिक साझेदारों पर दंडात्मक शुल्क लगाने का रास्ता नहीं अपनाया है। इसके बजाय उसने बातचीत को प्राथमिकता दी है, भले ही इस प्रक्रिया में अधिक समय लगता हो। ब्रिक्स के बारे में सीतारमण ने कहा कि इस समूह को किसी देश या गुट का मुकाबला करने वाले मंच के बजाय अपने लोगों के बेहतर कल्याण के उद्देश्य से बनी साझेदारी के रूप में देखा जाना चाहिए। मुझे नहीं लगता कि ब्रिक्स का उद्देश्य दूसरों का मुकाबला करना है। इसका मकसद ब्रिक्स के जरिये साझेदारी को मजबूत करना है। सीतारमण ने कहा कि ब्रिक्स दुनिया की करीब 40 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व करता है और सदस्य देशों के बीच सहयोग से व्यापार बढ़ाने, आपसी समझ विकसित करने तथा आर्थिक अवसरों का विस्तार करने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि नए सदस्यों के समूह में शामिल होने के साथ 11 से 12 देश एक-दूसरे के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रहे हैं। इन देशों का कुल वैश्विक व्यापार में करीब 45 प्रतिशत हिस्सेदारी है। भारत की आर्थिक वृद्धि पर सीतारमण ने कहा कि वैश्विक व्यवधानों के बावजूद देश ने मजबूत वृद्धि बनाए रखी है और पिछले चार से पांच वर्षों से, खासकर कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद, वह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था रहा है। उन्होंने भारत के इस प्रदर्शन का श्रेय समावेशी वृद्धि, संसाधनों तक व्यापक पहुंच, युवाओं के कौशल विकास, राजकोषीय अनुशासन और सार्वजनिक पूंजीगत व्यय में बढ़ोतरी को दिया।

पंजाब में बढ़ रहा है संगठित अपराधः शाह

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार पंजाब के दिड़बा में दबाव के चलते एक पिता द्वारा जहर का सेवन करने और मानसा में नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले परविंदर सिंह झोटा की दिनदहाड़े हत्या की घटनाओं को लेकर राज्य सरकार से जवाब मांगेगी।



शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा कि पंजाब आज नशे, गैंगस्टरवाद व संगठित अपराध के बढ़ते खतरे से जूझ रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान से सवाल किया कि आखिर पंजाब के लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन लेगा? शाह ने कहा कि दिड़बा में एक पिता का दबाव में जहर खा लेना और मानसा में नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले परविंदर सिंह झोटा की दिनदहाड़े हत्या ने पंजाब की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। परविंदर के पिता ने आप (आम आदमी पार्टी) सरकार और उनके विधायक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। गृह मंत्रालय भी इन दोनों घटनाओं पर पंजाब सरकार से जवाब मांगेगा। नशा-विरोधी कार्यकर्ता परविंदर सिंह झोटा की मंगलवार को मानसा के बाजार में मेडिकल स्टोर मालिक ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। आरोपी मेडिकल स्टोर मालिक अश्वनी कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसने झोटा पर उस समय गोली चलाई जब वह एक बुजुर्ग व्यक्ति को नशीली दवाएं बेचने को लेकर दुकानदार से सवाल-जवाब कर रहे थे। वहीं, दूसरी घटना संगरूर के दिड़बा निवासी गुलज़ार सिंह की सात सितंबर की कथित आत्महत्या से जुड़ी है। पंजाब में अगले साल की शुरुआत में प्रस्तावित विधानसभा चुनावों के मद्देनजर भाजपा समेत विभिन्न राजनीतिक दल नशे के मुद्दे को जोर-शोर से उठा रहे हैं। पंजाब में नशे का कारोबार फल-फूल रहा है, संगठित अपराध का खतरा बढ़ रहा है और नशे के खिलाफ आवाज उठाने वालों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। भगवंत मान जी, पंजाब की जनता को प्रचार नहीं, जवाब चाहिए, घोषणाएं नहीं, परिणाम चाहिए, नशे के नेटवर्क पर निर्णायक प्रहार और अपराधियों को मिलने वाले किसी भी राजनीतिक संरक्षण की निष्पक्ष जांच चाहिए।

संक्षेप

कनॉट प्लेस में प्रदर्शनों से कारोबार प्रभावित

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के कनॉट प्लेस और उसके आसपास बार-बार हो रहे प्रदर्शनों से कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कुछ दिन तो दुकानों और प्रतिष्ठानों में कुछ भी बिक्री नहीं हुई। भारतीय राष्ट्रीय रेस्तरां संघ (एनआरएआई) ने शुक्रवार को यह कहा। एनआरएआई के कोषाध्यक्ष मनप्रीत सिंह प्रदर्शनकारियों से व्यावसायिक क्षेत्रों से दूर प्रदर्शन करने की अपील की है। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) ने शुक्रवार शाम कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में तिरंगा मार्च निकालने का आह्वान किया है। सिंह ने कहा कि प्रदर्शन की घोषणा मात्र से ही लोग खरीदारी और खानपान के इस लोकप्रिय केंद्र में आने से कतराने लगते हैं, भले ही उस क्षेत्र में लोगों की आवाजाही पर कोई पाबंदी न हो लोग यहां आने से डरते हैं। वे किसी प्रदर्शन में फंसना या किसी मुश्किल स्थिति में पड़ना नहीं चाहते। ग्राहकों के पास दूसरे विकल्प होने पर वे कनॉट प्लेस आने से बचते हैं। त्योहारों के मौसम में इसका असर खास तौर पर ज्यादा होता है, क्योंकि इस दौरान परिवार आम तौर पर खरीदारी, मनोरंजन और खानपान के लिए यहां आते हैं। बिक्री कम होने और बिक्री शून्य होने में फर्क है। कई दिन बिक्री शून्य रही है।

बच्चों को नुकसान पहुंचाने, वयस्कों को गुमराह करने के आरोप में अमेरिका में ओपनएआई पर मुकदमा

हैरिसबर्ग (अमेरिका)। अमेरिका के कम से कम आठ राज्यों ने कृत्रिम मेधा (एआई) क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ओपनएआई के खिलाफ मुकदमा दायर किया है और उनका आरोप है कि कंपनी का लोकप्रिय चैटबॉट बच्चों को नुकसान पहुंचा रहा है और वयस्कों को गुमराह कर रहा है।

अभियोजकों ने आरोप लगाया कि कंपनी मुनाफा कमाने की होड़ में लापरवाही बरत रही है और उसका चैटबॉट राज्य के उपभोक्ता संरक्षण कानूनों का उल्लंघन कर रहा है। मुकदमों में कहा गया है कि कंपनी का चैटबॉट मॉडल चैटजीपीटी खतरनाक चिकित्सकीय सलाह दे रहा है, लोगों के मन में संदेह और भ्रम को बढ़ावा दे रहा है तथा उन्हें आत्महत्या करने या दूसरों को चोट पहुंचाने अथवा उनकी हत्या करने के लिए उकसा रहा है। मुकदमों में यह भी आरोप लगाया गया है कि चैटबॉट खुद को संवेदनशील दिखाते हैं, लेकिन वास्तव में वे कमजोर परिस्थितियों में रहने वाले लोगों और किशोरों का फायदा उठा रहे हैं। किशोर वह पहली पीढ़ी हैं जो कृत्रिम मेधा के साथ बड़ी हो रही है। ओपनएआई बच्चों को नुकसान पहुंचा रहा है और वह आयोवा के लोगों से झूठ बोल रहा है। राज्यों ने ओपनएआई पर अनियंत्रित एआई मॉडल तैयार करने का आरोप भी लगाया। एक मुकदमे में इन्हें साइबर हैकिंग एजेंट कहा गया है। आरोप है कि इन मॉडल ने दूसरी कंपनियों के सिस्टम में सेंध लगाई, इंसानी उपयोगकर्ताओं से झूठ बोला और अपने लिए नए मिशन संबंधी निर्देश तक लिखे।

नेपाल : भूकंप से विस्थापित लोगों के लिए बसाया गया गांव

खाल्टे (नेपाल)। नेपाल में 2015 के विनाशकारी भूकंप से बेघर हुए लोगों को जिस गांव में नयी जिंदगी शुरू करने के लिए बसाया गया था, वह करीब 11 साल बाद आई भीषण बाढ़ में पूरी तरह तबाह हो गया। इस त्रासदी ने आपदा पीड़ितों को असुरक्षित स्थानों पर बसाने के खतरों को एक बार फिर उजागर कर दिया है।

खाल्टे गांव में रहने वाले छेकू लामा ने बताया कि जब बाढ़ आई तो उन्होंने लोगों को जान बचाकर भागने के लिए आगाह किया और खुद ऊंचाई वाले स्थान की ओर दौड़ पड़े। कुछ लोग उनके पीछे भी भागे, लेकिन उनमें से अधिकतर लोग जीवित नहीं बच सके। लामा ने बताया कि नेपाल के रसुवा जिले में स्थित खाल्टे गांव को 2015 के भूकंप में आसपास के गांव तबाह होने के बाद अस्थायी बस्ती के रूप में बसाया गया था लेकिन एक संकरी घाटी में त्रिशूली



नदी के किनारे बसे इस गांव के घर बाढ़ से सुरक्षित नहीं थे। 26 अगस्त को जब बाढ़ का पानी अचानक गांव में घुसा तो लोगों के पास जान बचाकर निकलने के बहुत कम रास्ते थे। स्थानीय निवासियों के अनुसार, कम से कम 375 लोग लापता बताए गए हैं। पूरा गांव बाढ़ में तबाह हो गया। नेपाल अब भी उस विनाशकारी बाढ़ से उबरने की कोशिश कर रहा है, जिसमें चीन की सीमा से लगे पहाड़ी इलाके में 1,400 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी और हजारों लोग लापता हो गए थे। पिछले सप्ताह उत्तर-मध्य नेपाल में अचानक आई एक और बाढ़ में कम से कम पांच लोग लापता हो गए।

पिछले एक दशक में नेपाल में भूकंप, भूस्खलन और बाढ़ के कारण हजारों लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े लेकिन जिन अस्थायी बस्तियों में उन्हें बसाया गया, उनमें से कई आपदाओं की दृष्टि से असुरक्षित इलाकों में थीं।

11 और 12 दिसंबर को कनाडा की यात्रा करेंगे मोदी

ओटावा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 और 12 दिसंबर को कनाडा की यात्रा करेंगे। ओटावा स्थित भारतीय उच्चायोग ने यह जानकारी दी।

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने भी बृहस्पतिवार सुबह कैलगरी के एक स्थानीय रेस्तरां में लोगों से बातचीत के दौरान मोदी की यात्रा की तारीख की पुष्टि की। कार्नी ने कहा कि उन्होंने अभी मोदी से बात की है और वह टोरंटो एवं ओटावा की यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा, हम देखेंगे कि क्या इस यात्रा का दायरा बढ़ाया जा सकता है। ओटावा स्थित भारतीय उच्चायोग ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मोदी 11 और 12 दिसंबर को कनाडा



की यात्रा करेंगे। पोस्ट में कहा गया, प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ हाल में हुई बातचीत में दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में आई सकारात्मक गति को आगे बढ़ाने और व्यापार, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, सुरक्षा तथा दोनों देशों के लोगों के बीच सहित विभिन्न क्षेत्रों में ठोस नतीजे हासिल करने की दिशा में काम करने पर सहमति जताई है। मोदी ने मंगलवार को कहा था कि कनाडा के अपने समकक्ष के साथ उनकी बातचीत सौहार्दपूर्ण और सार्थक रही। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में सकारात्मक गति को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत और कनाडा मिलकर अधिक स्थिर और समृद्ध दुनिया बनाने में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ सौहार्दपूर्ण और सार्थक बातचीत हुई। हमने भारत-कनाडा संबंधों में सकारात्मक गति को आगे बढ़ाने और अपनी रणनीतिक साझेदारी के प्रमुख क्षेत्रों जिनमें व्यापार, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, सुरक्षा तथा दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क शामिल हैं, में ठोस नतीजे हासिल करने की दिशा में काम करने पर सहमति जताई। कार्नी के कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने जल्द से जल्द व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर वार्ता पूरी करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इसका उद्देश्य 2030 तक दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने के प्रयासों को समर्थन देना है।

रूस में ओजर्नोव्स्की के पास 6.9 तीव्रता का भूकंप

मॉस्को। रूस में शुक्रवार को ओजर्नोव्स्की से 76 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में 6.9 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने यह जानकारी दी।

यूएसजीएस ने बताया कि भूकंप का केंद्र 143.2 किलोमीटर की गहराई में था। शुरुआत में इसका केंद्र 52.01 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 157.25 डिग्री पूर्वी देशांतर पर समझा गया। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास ने रूसी विज्ञान अकादमी की भूभौतिकीय सेवा की कामचटका शाखा के हवाले से बताया कि कामचटका में चार तीव्रता तक का भूकंप दर्ज किया गया। वैज्ञानिकों ने कहा, पेट्रोपावलोव्स्क-कामचात्स्की में मापी गई तीव्रता चार तक रही। रिपोर्ट के अनुसार, वैज्ञानिकों ने पहले भूकंप की तीव्रता 6.5 आंकी थी, लेकिन बाद में इसे संशोधित कर 6.9 कर दिया। क्षेत्र में इसके झटके पांच तीव्रता के भूकंप जैसे महसूस किए गए। भूकंप विज्ञानियों ने कहा, सत्यापित जानकारी के अनुसार, इस भूकंप की तीव्रता 6.9 थी। इसका केंद्र पेट्रोपावलोव्स्क-कामचात्स्की से 156 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में 138 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। पेट्रोपावलोव्स्क-कामचात्स्की में इसके झटके पांच तीव्रता के भूकंप जैसे महसूस किए गए। रिपोर्ट के अनुसार, निवासी भूकंप के झटके महसूस होने के बाद अपने अपार्टमेंट से बाहर निकल गए। भूकंप के कारण आवासीय इमारतों के भीतर लाइट तेजी से हिलने लगीं, दरवाजे जोर से बंद होने लगे और मेज पर रखे बर्तन खड़खड़ाने लगे।

इंटरटेनमेंट...

आंटी-अंकल की ड्यूटी निभा रहे अनन्या-अहान, अलाना ने शेयर की तस्वीरें

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे की चचेरी बहन अलाना पांडे एक बार फिर से मां बनने वाली हैं हाल ही में उनकी गोद भराई की रस्म हुई, जिसमें अनन्या भी शामिल हुईं अलाना ने सोशल मीडिया पर बेबी शावर की कई तस्वीरें शेयर की हैं अलाना और इवोर मैकक्रे साल 2023 में शादी के बंधन में बंधे। 2024 में दोनों एक बेटे के पैरेंट्स बने। अब दोनों दूसरी बार एक बच्चे का वेलकम करने जा रहे है। गोद भराई के दौरान की इस फोटो में इवोर भी नजर आ रहे हैं। सभी काफी खुश दिख रहे हैं। अलाना और इवोर मैकक्रे साल 2023 में शादी के बंधन में बंधे। 2024 में दोनों एक बेटे के पैरेंट्स बने। अब दोनों दूसरी बार एक बच्चे का वेलकम करने जा रहे है। गोद भराई के दौरान की इस फोटो में इवोर भी नजर आ रहे हैं। सभी काफी खुश दिख रहे हैं। अनन्या पांडे अपनी कजन अलाना के बेहद क्लोज हैं। दोनों काफी अच्छा



बॉन्ड शेयर करती हैं। अलाना ने कहा कि गोद भराई के दौरान अनन्या आंटी होने की ड्यूटी निभा रही थीं। अनन्या ने जो टीशर्ट पहन रखी थी। उसपर भी आंटी लिखा हुआ है। अनन्या पांडे अपनी कजन अलाना के बेहद क्लोज हैं। दोनों काफी अच्छा बॉन्ड शेयर करती हैं। अलाना ने कहा कि गोद भराई के दौरान अनन्या आंटी होने की ड्यूटी निभा रही थीं। अनन्या ने जो टीशर्ट पहन रखी थी। उसपर भी आंटी लिखा हुआ है।'सैयारा' फेम अहान पांडे अलाना के अपने भाई हैं। वो भी इस दौरान काफी खुश दिखे। अलाना ने उनको लेकर कहा कि वो अंकल होने की ड्यूटी निभा रहे थे। ये तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं फैंस अलाना और इवोर को बधाई दे रहे हैं। 'सैयारा' फेम अहान पांडे अलाना के अपने भाई हैं वो भी इस दौरान काफी खुश दिखे। अलाना ने उनको लेकर कहा कि वो अंकल होने की ड्यूटी निभा रहे थे ये तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर छाई हुई है फैंस अलाना और इवोर को बधाई दे रहे हैं।

अलाना ने तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, आंटी और अंकल ड्यूटी पर और आखिर तक तो रिवर हम सबसे परेशान हो चुका था। बता दें कि रिवर अलाना के बेटे का नाम है। हर कोई उसे गोद में लेकर तस्वीरें क्लिक कराता नजर आ रहा है। अलाना ने तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, आंटी और अंकल ड्यूटी पर और आखिर तक तो रिवर हम सबसे परेशान हो चुका था। बता दें कि रिवर अलाना के बेटे का नाम है। हर कोई उसे गोद में लेकर तस्वीरें क्लिक कराता नजर आ रहा है। अलाना पांडे अभिनेता और अनन्या पांडे के पिता चंकी पांडे की भतीजी हैं वो चंकी के छोटे भाई चिक्की पांडे की बेटी हैं। जहां एक तरफ अनन्या और अहान ने फिल्मों में अपना करियर बनाया तो वहीं अलाना एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर और कंटेंट क्रिएटर है।

अभिषेक कुमार को बिग बॉस ने दिखाया था बाहर का रास्ता

मुंबई। बिग बॉस टीवी का पॉपुलर रिएलिटी शो है। लेकिन कई कंटेस्टेंट्स ने ये नियम तोड़ा और उन्हें शो से बाहर कर दिया गया। अभिषेक कुमार बिग बॉस 17 में नजर आए थे उनकी गेम को दर्शक काफी पसंद भी कर रहे थे लेकिन शो में समर्थ जुरैल संग झगड़े में हिंसक हो गए थे दरअसल, समर्थ अभिषेक को प्रवोक कर रहे थे, ऐसे में अभिषेक ने उन्हें थप्पड़ जड़ दिया था।

लेकिन बाद में बाकी कंटेस्टेंट्स की सहमति के साथ उन्हें शो में वापस लाया गया था। अभिषेक कुमार बिग बॉस 17 में नजर आए थे उनकी गेम को दर्शक काफी पसंद भी कर रहे थे लेकिन शो में समर्थ जुरैल संग झगड़े में हिंसक हो गए थे दरअसल, समर्थ अभिषेक को प्रवोक कर रहे थे, ऐसे में अभिषेक ने उन्हें थप्पड़ जड़ दिया था लेकिन बाद में बाकी कंटेस्टेंट्स की सहमति के साथ उन्हें शो में वापस लाया गया था कमाल आर खान यानी केआरके बिग बॉस के तीसरे सीजन में नजर आए थे शो में डिजाइनर रोहित वर्मा के साथ उनका झगड़ा काफी बढ़ गया था गुस्से में उन्होंने रोहित की तरफ बोतल फेंकी, जो शमिता शेट्टी को जा लगी थी इस घटना के बाद बिग बॉस ने केआरके को शो से बाहर कर दिया था। कमाल आर खान यानी केआरके बिग बॉस के तीसरे सीजन में नजर आए



थे शो में डिजाइनर रोहित वर्मा के साथ उनका झगड़ा काफी बढ़ गया था गुस्से में उन्होंने रोहित की तरफ बोतल फेंकी, जो शमिता शेट्टी को जा लगी थी इस घटना के बाद बिग बॉस ने केआरके को शो से बाहर कर दिया था। बिग बॉस 15 में उमर रियाज और प्रतीक सहजपाल के बीच टास्क के दौरान विवाद हो गया था बहस बढ़ने पर दोनों के बीच धक्का-मुक्की हुई उमर के आक्रामक व्यवहार को लेकर पहले भी चेतावनी दी जा चुकी थी इसके बाद शो के होस्ट सलमान खान ने उन्हें शो से बाहर किये जाने की जानकारी दी उमर के एलिमिनेशन पर उनके कई फैंस ने नाराजगी भी जताई थी। बिग बॉस 15 में उमर रियाज और प्रतीक सहजपाल के बीच टास्क के दौरान विवाद हो गया था बहस बढ़ने पर दोनों के बीच धक्का-मुक्की हुई उमर के आक्रामक व्यवहार को लेकर पहले भी चेतावनी दी जा चुकी थी इसके बाद शो के होस्ट सलमान खान ने उन्हें शो से बाहर किए जाने की जानकारी दी उमर के एलिमिनेशन पर उनके कई फैंस ने नाराजगी भी जताई थी बिग बॉस 16 में अर्चना गौतम और शिव ठाकरे के बीच हुई लड़ाई ने काफी सुर्खियां बटोरी थी विवाद के दौरान अर्चना ने शिव का गला पकड़ लिया था इस घटना को गंभीरता से लेते हुए बिग बॉस ने उन्हें तत्काल घर से बाहर कर दिया हालांकि, बाद में एक मौका देते हुए अर्चना को शो में वापस भी लाया गया था।

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com